सूर्योदय 6:06 सूर्यास्त 6:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.8 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 15.3 न्यू | 26.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74227.63 |
| निफ्टी | 22514.65 |
| सोना | 70,470 |
| चांदी | 81,850 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 5 अप्रैल, 2024 | 23 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 107, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



आज के अंक में

- धर्मयुद्ध है चुनाव, भाजपा का सबसे बड़ा धर्म राष्ट्रवाद: कंगना रनौत
- उम्मीदवारों की 'फीडबैक' लेकर सीधे दिल्ली जाएंगे सीएम सुक्खू

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- 16580 फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा यातायात के लिए बहाल
- रवि ठाकुर दगाबाज और रामलाल मार्कंडेय दल-बदलू नेता : सुरेंद्र

पृष्ठ 10 पर पढ़ें



- वायरल फीवर ने जकड़ा बिलासपुर हर रोज अस्पताल पहुंच रहे दर्जनों मरीज
- अधूरे कामों का उद्घाटन कर सीएम ने जनता को ठगा: जीतराम कटवाल

पृष्ठ 11 पर पढ़ें




- ऑस्कर के ऑफिशियल पेज पर दीपिका पादुकोण
- अंतरराष्ट्रीय क्रॉसमिंटन में छाए हिमाचल के खिलाड़ी

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच



सनराइजर्स हैदराबाद vs चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान: हैदराबाद, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### मथुरा से हेमा मालिनी ने तीसरी बार भरा नामांकन



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने वीरवार को अपना नामांकन भरा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उनके साथ मौजूद रहे। हेमा मालिनी तीसरी बार भाजपा से प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मथुरा के लोगों की सेवा करने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि जो काम पिछले दो कार्यकाल में नहीं पूरे हो सके हैं, तीसरी बार में मैं वह सभी काम पूरा करूंगी।

### चीन के किंघई प्रांत और जापान में भूकंप के झटके




**नई दिल्ली।** चीन के किंघई प्रांत में वीरवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 रही। सुदूर उत्तर-पश्चिमी चीनी प्रांत किंघई में भूकंप के झटके लगे। वहीं, जापान में एक बार फिर से भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इस बार जापान के होंशू के पास पूर्वी तट भूकंप आया।

### जाति सर्टिफिकेट मामले में नवनीत राणा को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी नवनीत राणा को सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को बड़ी राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने जाति सर्टिफिकेट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच कमेटी ने पाया कि राणा का सर्टिफिकेट वास्तविक दस्तावेजों के आधार पर बनाया गया है। अब राणा भाजपा के टिकट पर अमरावती से चुनाव लड़ सकेंगी। यह सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है।

### ईडी ने फ्रीज किया शेख शाहजहां का बैंक खाता

**कोलकाता।** संदेशखाली मामले से सुर्खियों में आए बाहुबली शाहजहां शेख का बैंक खाता ईडी ने 'फ्रीज' कर दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार उनके संबंधित बैंक अधिकारियों को पत्र लिखकर शाहजहां के व्यक्तिगत खाते और उनकी मछली व्यापार कंपनी 'शेख सबीना फिश सप्लाई' के खाते में सभी वित्तीय लेनदेन को रोकने की मांग की है। उनके दो खातों को 'फ्रीज' कर दिया गया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, कई अन्य बैंक खातों के लेनदेन के बारे में भी जानकारी मांगी गई है।

### कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ वीरवार को पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने वीरवार सुबह ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेटर लिखकर इस्तीफा दिया था। गौरव ने खड़गे से कहा था कि वे न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकते हैं और न ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकते हैं। इसी वजह से पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं।

# सुक्खू का दावा : 15-15 करोड़ में बिके बागी विधायक, मेरे पास सबूत

## कहा- ईमान बेच चुके विधायकों को सबक सिखाने का वक्त, भ्रष्टाचारी जाएंगे जेल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बागी विधायकों का 15-15 करोड़ का सौदा हुआ था। इसके सबूत भी मिले हैं और सभी भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे। भाजपा का टिकट लेकर भी ये बचने वाले नहीं हैं।

कुटलैहड़ में विधायक को ठेकेदारी की चिंता होती थी। गांव और गरीबों की अर्जियां मेरे टेबल पर फेंककर चला जाता था। उन्होंने कहा कि राज्य में उनके और मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में ईमानदारी से सरकार चल रही है, जिसे कुछ लोग पचा नहीं पा रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री ने वीरवार को ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के समूरकलां में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने कहा कि



ऊना के समूरकलां में मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सहित अन्य नेता।

पैसे से ईमान बेच चुके छह विधायकों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है और जनता भ्रष्टाचारियों को बख्शने वाली नहीं है। एक ही रात को कैसे उनकी आत्मा बदल गई। इसके पीछे उनकी बड़ी डील थी। ऐसे विधायक बनकर आए थे, जिन्हें अपनी जनता की नहीं, बल्कि अपनी ठेकेदारी की चिंता होती थी। क्रशर पर टैक्स लगने से ऐसे लोगों को दु:ख हुआ।

### त्रासदी से निपटने के लिए केंद्र से नहीं मिला सहयोग

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जीवन में उन्होंने साफ-सुथरी राजनीति की है। एक आम कर्मचारी के घर जन्म लेकर मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की है, सिर्फ व्यवस्था परिवर्तन के लिए। राजस्व कानून में बदलाव के साथ-साथ गरीब लोगों के गृह निर्माण के लिए सात लाख सहायता राशि का प्रावधान किया। यह तभी संभव हो पाया, जब काम ईमानदारी से हुआ और सरकार का राजस्व बढ़ाया। ओल्ड पेंशन भी दी साथ ही 15-15 सौ रुपए पात्र महिलाओं को देने को मंजूरी दी है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और उनके नेताओं ने इस योजना का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में त्रासदी आई, लेकिन केंद्र की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला। उन्होंने और मुकेश अग्निहोत्री ने मिलकर व्यवस्था बनाई और त्रासदी से निपटा गया, जिसकी विश्वभर में सराहना हुई। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी उनकी सराहना की। राज्य के किसी सांसद ने हिमाचल की बात प्रधानमंत्री के सामने रखने का साहस नहीं जुटाया।

# हाईकोर्ट का केजरीवाल को सीएम पद से हटाने से इनकार

- दी नसीहत- पद छोड़ना उनके विवेक पर, व्यक्गित हित से ऊपर हो देश हित
- कहा- एलजी फैसला लेने के लिए समर्थ हैं, हमारे किसी भी निर्देश की जरूरत नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली याचिका पर कोई निर्देश देने से इनकार कर दिया है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली।




कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसी ही एक याचिका खारिज की जा चुकी है। कोर्ट ने कहा कि पद छोड़ना उनके विवेक पर है और व्यक्गित हित से ऊपर देश हित होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फैसला करना है कि वह अब राष्ट्रहित में क्या फैसला लेते हैं? कोर्ट ने नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें व्यक्तिगत हितों से ऊपर राष्ट्र हित रखने चाहिए। हम यह कैसे घोषित कर दें कि सरकार नहीं चल रही है? एलजी इस पर फैसला लेने के लिए पूरी तरह समर्थ हैं। उन्हें हमारे निर्देश की जरूरत नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले लोग नहीं हैं।

### इस मामले में हम दखलअंदाजी नहीं करेंगे

**कोर्ट** ने कहा कि इस मामले में हम दखलअंदाजी नहीं करेंगे। अब इसका फैसला राष्ट्रपति और एलजी पर निर्भर करता है। आप यह मसला दूसरे फोरम में उठाइए। वहां फैसला किया जाएगा।

केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने कहा कि यह याचिका पहले ही वापस ले लेनी चाहिए थी, क्योंकि ऐसी ही याचिका सुरजीत सिंह यादव की ओर से दाखिल की गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। यह याचिका हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अरविंद केजरीवाल को मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है और वह संविधान के तहत गोपनीयता भंग करने के दोषी हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

**मंडी।** मंडी की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल का कठोर कारावास और एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को दो साल अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

- एक लाख जुर्माना भी अदा करना होगा

17 फरवरी, 2022 को पीड़िता की मां के बयान पर मामला दर्ज किया था। पीड़िता का परिवार छत्तीसगढ़ का रहने वाला था और हिमाचल प्रदेश के मंडी में ईंट के भट्ठे पर मजदूरी का काम करता है। महिला ईंट ढारा में अपने क्वार्टर में पति व दो बच्चों के साथ रहती है। 16 फरवरी 2022 को उसकी बेटी रोती हुई आई और बताया कि उत्तर प्रदेश के 27 वर्षीय युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस थाना सुंदरनगर में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। उक्त मामले में अभियोजन पक्ष ने अदालत में 16 गवाहों के बयान कलमबंद करवाए थे। अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 1,00,000 रुपए जुर्माने की सजा व जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को दो वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

## पंजाब में बब्बर खालसा के पूर्व आतंकी की गोली मारकर हत्या

**नवांशहर।** पंजाब के नवांशहर में बब्बर खालसा के पूर्व आतंकी रत्नदीप सिंह की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। रत्नदीप के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर प्रशासन पर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, गैंगस्टर गोपी ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए पूरे बब्बर खालसा ग्रुप को भी चेतावनी दी है। रत्नदीप को वर्ष 2014 में हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बलाचौर में गढ़ी गांव के पास हत्या की गई। रत्नदीप बब्बर खालसा टाइगर फोर्स का सदस्य था। वह पांच वर्ष पहले ही नाभा जेल से छूट कर आया था और करनाल में रह रहा था। गैंगस्टर गोपी ने अपनी पोस्ट में कहा है कि तुमने कई माओं के बेटे मरवाए और कई के साथ ठगी की है, इसलिए तुम्हें नरक में भेजा दिया।

- गैंगस्टर गोपी ने ली हत्या की जिम्मेदारी

अब तुम्हारे साथियों की बारी है। उन्हें कहो कि बच कर रहें। जब भी मिलेंगे नरक में भेज दिया जाएगा। रत्नदीप ने 1999 में चंडीगढ़ के पासपोर्ट ऑफिस में ब्लास्ट किया था। इसके बाद पानीपत में रेलवे ब्रिज को बम से उड़ा दिया था। रत्नदीप को वर्ष 2014 में हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# शिमला, चंबा और कांगड़ा में साढ़े 15 किलो चरस बरामद

**अनंत ज्ञान टीम, नेरवा/चंबा/धर्मशाला**

**शिमला,** चंबा और कांगड़ा जिले में पुलिस ने साढ़े 15 किलो चरस के साथ सात आरोपी गिरफ्तार किए हैं। शिमला जिले के चौपाल के धार चांदना गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति के घर से करीब आठ किलोग्राम चरस बरामद की है।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धार चांदना गांव निवासी मोहन लाल (40) के घर आठ किलो चरस बरामद की। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, चंबा पुलिस ने करीब छह किलो चरस के साथ दो सगे भाइयों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से तीन लाख 72100 रुपए की नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने बुधवार रात को चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर कोटी के समीप नाकाबंदी पर एक वाहन से दो लाख 40,000 रुपए बरामद किए। पूछताछ में दो आरोपियों ने चरस खरीद-फरोख्त की जानकारी दी। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला की अगुआई में वीरवार सुबह चंबा शहर के मोहल्ला माईका बाग में दबिश देकर घर से करीब छह किलो चरस बरामद की।



शिमला के चौपाल में पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी।

पुलिस ने यहां एक लाख 34 हजार रुपए की और नकदी बरामद की। पुलिस ने बुद्धि प्रकाश व नारायण सिंह निवासी टिकरीगढ़ चुराह और मनीष कुमार, तरुण कुमार दोनों निवासी मोहल्ला माई का बाग को गिरफ्तार किया है। वहीं, कांगड़ा के एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि कांगड़ा जिले के पालमपुर के अप्पर डाढ और शाहपुर के द्रमण में पुलिस ने दबिश देकर डेढ़ किलो चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

# सोनिया गांधी ने पहली बार ली राज्यसभा सदस्यता की शपथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता सोनिया गांधी ने वीरवार को राजस्थान से राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा उनसे मिलने पहुंचे।

सोनिया गांधी के अलावा केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और 14 अन्य नेताओं ने राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली है। नए संसद भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इन सभी नेताओं को शपथ दिलाई। बता दें कि सोनिया गांधी ने पहली बार राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनी गई थीं। लंबे अरसे बाद ऐसा हुआ जब नेहरू-गांधी परिवार के किसी सदस्य ने राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली है।



# डीएनबी ने हमीरपुर से वापस बुलाए स्पेशलिस्ट डॉक्टर

## 36 डॉक्टरों को नहीं मिला स्टाइपेंड, पांच दिन में मेडिकल कॉलेज छोड़ने के आदेश, मचा हड़कंप

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**मेडिकल** कॉलेज हमीरपुर से डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड (डीएनबी) ने करीब 36 डॉक्टरों को स्टाइपेंड न मिलने पर वापस बुला लिया है। डीएनबी के इस आदेश से कॉलेज में हड़कंप मच गया है। हिमाचल के केवल हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के लिए ही यह आदेश आए हैं। डॉक्टर्स को पांच दिन के भीतर मेडिकल कॉलेज छोड़ने के आदेश हुए हैं।

- कैजुअल्टी और वार्डों में दाखिल मरीजों को होंगी दिक्कतें

डीएनबी की सेंट्रल गवर्निंग बॉडी के इन आदेशों के बाद अस्पताल की व्यवस्थाएं कैसे चलेंगी, क्योंकि हरेक सब्जेक्ट में करीब 6-6 डॉक्टर्स स्नातकोत्तर और पोस्ट डॉक्टोरल कार्यक्रम के तहत एमडी कर रहे हैं। इनके जाने से कैजुअल्टी और दाखिल मरीजों को अच्छी खासी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। (अनंत ज्ञान)

### डॉक्टरों ने की थी शिकायत

**इस** श्रेणी के तहत आने वाले कुछ डॉक्टर ने डीएनबी को शिकायत की थी कि उन्हें स्टाइपेंड नहीं दिया जा रहा, उसी के तहत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसका मतलब साफ है कि सेंट्रल गवर्नमेंट बॉडी ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को इसी शिकायत पर ब्लैक लिस्ट कर दिया है। दरअसल में चिकित्सा के क्षेत्र में स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टोरल कार्यक्रम के समकक्ष एक कार्यक्रम है। यह प्रोग्राम छात्रों को एमडी और एमएस के समान कद प्रदान करता है। कार्यक्रम को दो उप श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें ब्रॉड स्पेशलिटीज में डीएनबी और सुपर स्पेशलिस्ट्स में डीएनबी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर और सचिव से फौरी तौर पर कोई समाधान निकालने के लिए मेल भेजा है। हिमाचल में इस श्रेणी के डॉक्टर्स को बांड भरना पड़ता है, क्योंकि इन डॉक्टर ने बांड नहीं भरा था, इसीलिए डीएनबी को भी इस बारे में बताया गया है। डीएनबी का कहना था कि इन नियमों का उन्हें पता नहीं था। कोई न कोई हल इस समस्या का निकल जाएगा।

**-डॉ. रमेश भारती, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज हमीरपुर।**

**आस्था** गगल एयरपोर्ट से मैक्लोडगंज तक जगह-जगह जुटे तिब्बती और बौद्ध भिक्षुओं ने किए दर्शन

# श्रीलंका से मैक्लोडगंज पहुंचीं महात्मा बुद्ध की स्मृतियां

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

**श्रीलंका** से महात्मा बुद्ध की स्मृतियों को लेकर करीब 20 बौद्ध भिक्षुओं का दल वीरवार को बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज पहुंचा। यहां स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने स्मृतियों को स्पर्श किया। मठ में ये स्मृतियां लोगों के दर्शनों के लिए रखी गई हैं। इन स्मृतियों को विश्वभर में जहां भी बौद्ध मठ हैं, वहां भेजा जाएगा। गगल एयरपोर्ट से मैक्लोडगंज तक जगह-जगह तिब्बतियों और बौद्ध भिक्षुओं ने स्कार्फ (खता) डालकर अपनी आस्था प्रकट की। (अनंत ज्ञान)



मैक्लोडगंज स्थित बौद्ध मठ में पहुंचीं महात्मा बुद्ध की स्मृतियों को निहारते धर्मगुरु दलाईलामा।





धर्मगुरु दलाईलामा ने किया स्पर्श

### 2017 में किया गया था संपर्क : रिंपोछे

**7वें** क्याब्जे योंगजिन लिंग रिंपोछे ने कहा कि श्रीलंका में श्रीलंका-तिब्बती बौद्ध ब्रदरहुड के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. डेमेंडा पोरगे ने 2017 में दलाईलामा को कपिलवस्तु अवशेष भेंट करने के लिए मुझसे संपर्क किया था। छह साल की योजना और तैयारी के बाद इस अनुरोध को पूरा करने में हम सक्षम हुए हैं। श्रीलंका में दो प्रमुख बौद्ध मठ हैं। दलाईलामा की ओर से पिछले 60 साल से मानवता और बुद्धत्व के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके चलते श्रीलंका के बौद्ध भिक्षुओं ने धर्मगुरु दलाईलामा को यह अमूल्य भेंट सौंपी है।

### धर्मगुरु के दर्शनों की खुशी बयां नहीं कर सकती : नावा

**नेपाल** से आई तिब्बती युवती नावा ने कहा कि मैक्लोडगंज आने पर उन्हें धर्मगुरु दलाईलामा का आशीर्वाद मिला और आज महात्मा बुद्ध की स्मृतियां देखने का मौका मिला। धर्मगुरु के दर्शन करके इतनी खुशी हो रही है कि उसे बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

# बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण




- परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइल
- अग्नि प्राइम मिसाइल को देश ही में किया विकसित
- मिसाइल का वजन करीब 11 हजार किलोग्राम

भारतीय सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड ने डीआरडीओ के साथ मिलकर नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर बुधवार रात को किया है।

### रक्षा मंत्री ने दी बधाई

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बैलिस्टिक अग्नि प्राइम मिसाइल ने अपने सभी मानकों और उद्देश्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान विभिन्न सेंसर लगाए गए थे, जिनमें मिसाइल परीक्षण से संबंधित डाटा इकट्ठा किया गया। रक्षा मंत्री ने मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, स्ट्रैटेजिक फोर्सेस को बधाई दी।

### खासियतें

- अग्नि प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल एक मध्यम दूरी की मिसाइल है, जिसकी रेंज 1200-2000 किलोमीटर के बीच है। यह मिसाइल अपनी सटीकता के लिए जानी जाती है। मिसाइल की 1500 से 3000 किलो तक वॉरहेड ले जाने की क्षमता है।

# धर्मशाला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का 55 प्रतिशत काम पूरा

## 303 करोड़ की 27 योजनाओं पर चल रहे काम ने अब पकड़ी रफ्तार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

देशभर में बनाई जा रही 100 स्मार्ट सिटी में शामिल प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के 55 प्रतिशत कार्यों को पूरा किया जा चुका है तो वहीं 45 प्रतिशत काम जारी हैं। स्मार्ट सिटी धर्मशाला के तहत 352 करोड़ रुपए के 53 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं जबकि 303.50 करोड़ की लागत की 27 योजनाओं का कार्य जारी है।

यहां बताते चलें कि देश भर में स्मार्ट सिटी बनाने की परिकल्पना को लागू करने में धीमी रफ्तार देखी गई है। ऐसे में धर्मशाला में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कार्यों में पहले की धीमी रफ्तार के मुकाबले अब तेजी से काम हो रहा है। इसके लिए अधिकारी हर सप्ताह समीक्षा बैठकें कर काम की रिपोर्ट ले रहे हैं तथा काम में तेजी के निर्देश दिए जा रहे हैं।

बताते चलें कि धर्मशाला शहर के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और अन्य योजनाओं के समावेश के तहत कुल 655.74 करोड़ रुपए की 80 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई थी। इन परियोजनाओं के लिए स्मार्ट सिटी फंड से 510.55 करोड़ रुपए और अन्य विभिन्न योजनाओं की कनवर्जेंस यानि समावेश के तहत 145.19 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया था। 2.09 करोड़ के मैक्लोडगंज पुर्नविकास प्रोजेक्ट का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

3.44 करोड़ के रियल टाइम क्वालिटी मोनिटरिंग सिस्टम प्रोजेक्ट के तहत 30 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 25 करोड़ के स्मार्ट एलईडी बेस्ड स्ट्रीट लाइटिंग योजना का 70 प्रतिशत, 4.98 डब्ल्यू मेटल बीम क्रैश बैरियर योजना का 50 प्रतिशत, 9.23 चरान में शॉपिंग कॉम्पलेक्स का 10 प्रतिशत, 2.63 करोड़ के फायर एंड एमरजेंसी रिस्पोंड योजना का 90 प्रतिशत, 6.6 करोड़ की सेनिटरी लैंडफिल योजना का 25 प्रतिशत तथा 13.26 करोड़ की अंडरग्राउंड केबलिंग का 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 66.8 करोड़ लागत के एचटी तथा एलटी लाइन की अंडरग्रांउड केबलिंग का 45 प्रतिशत, 35 करोड़ की लागत की सिटी फाइबर नेटवर्क, सिटी सर्विलांस तथा डाटा सेंटर का 25 प्रतिशत काम, 3.51 करोड़ के स्मार्ट रोड विकास तथा यूटिलिटी शिफ्टिंग का 55 प्रतिशत, 10.4 करोड़ की मल कीचड़ और सेप्टेज प्रबंधन प्रणाली का 90 प्रतिशत, 4.2 करोड़ की 10 स्थानों पर सोलर पावर पीवी पैनल प्लांट निर्माण की योजना का 50 प्रतिशत तथा 7.1करोड़ बजट के फुटबाल ग्राउंड के निर्माण का 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

15.92 करोड़ के वाकेवल रोड्स एंड स्ट्रीट योजना फेज 2 का 55 प्रतिशत, 2.63 करोड़ के ग्रीन एरिया, पार्क तथा प्लाजा निर्माण के फेज 1 का 70 प्रतिशत तथा 95 लाख के फेज 2 का 80 प्रतिशत तथा 2.78 करोड़ के नड्डी रूटजोन ट्रीटमेंट प्लांट का 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### हर सप्ताह की जा रही काम की समीक्षा



स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के एमडी जफर इकबाल ने कहा कि पिछले समय में धीमी रफ्तार से हुए कार्यों में तेजी लाने के लिए हर सप्ताह संबंधित विभागों तथा ठेकेदारों से बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जा रही है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 55 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। स्मार्ट सिटी के कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ताकि धर्मशाला को स्मार्ट सिटी बनाने की परिकल्पना को मूर्त रूप मिल सके।

**655.74 करोड़ रुपए की 80 परियोजनाओं को मिली थी मंजूरी**

अनंत ज्ञान
एक्सक्लूसिव

### यहां इतना हुआ काम

3.44 करोड़ की वेडिंग जोन तथा मुवेबल कार्ट योजना का 65 प्रतिशत, 6.88 करोड़ की कोतवाली की सड़क सुधार तथा निकासी नालियों के निर्माण की योजना का 55 प्रतिशत, मैक्लोडगंज में 7.85 करोड़ की मल्टीलेवल पार्किंग का 55 प्रतिशत, 23.1 करोड़ के बस अड्डा धर्मशाला से शिक्षा बोर्ड तक स्मार्ट रोड के विकास का 55 प्रतिशत, 23.98 करोड़ के आईएसबीटी धर्मशाला में मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण का 30 प्रतिशत, 6.1 करोड़ के तिब्बतियन रिफ्यूजी मार्केट एंड साथ लगते अपर तथा लोअर धर्मशाला के मार्केट के पुर्नविकास की योजना का 15 प्रतिशत तथा 1.13 करोड़ रुपए की लागत के मोडयूलन टॉयलेटस बनाने की योजना का 65 प्रतिशत तथा 13 करोड़ की लागत के ई-बसों के चार्जिंग स्टेशन के साथ सिटी बस डिपो के निर्माण का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

## मंदिर बाजार का निरीक्षण किया

**कांगड़ा।** चैत्र नवरात्र के चलते बाहरी राज्य से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए इसको लेकर प्रशासन हर तरह से व्यवस्था में जुटा हुआ है। इसी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल व मंदिर अधिकारी मोहित रतन ने कांगड़ा मुख्य बाजार व मंदिर बाजार का औचक निरीक्षण किया। वह जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान दुकान से ज्यादा बाहर सजा रखा है उन दुकानदारों को हिदायत दी की अपनी दुकान के समान को दुकान के अंदर ही रखें अगर किसी भी दुकानदार ने अपनी दुकान का सामान रास्ते में सजाया तो उसे दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भूकंप के दौरान घटनास्थल से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के टिप्स दिए

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

आपदा के दौरान बचाव के लिए मॉकड्रिल की तैयारियों को लेकर संयुक्त कार्यालय में तहसीलदार राधिका सैनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। राधिका सैनी ने कहा कि कांगड़ा जिला आपदा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है और किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए बेहतर प्रबंधन व तैयारियां जरूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा को टाला नहीं जा सकता है लेकिन बेहतर प्रबंधन से इससे होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़े संस्थानों में आपदा प्रबंधन प्लान होना चाहिए ताकि आपदा के दौरान जानमाल की कम से कम हानि हो।

बैठक में एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर देवेंद्र बर्निया ने भूकंप के दौरान बचाव, घटनास्थल से लोगों को सुरक्षित बाहर निकलना तथा घायलों को प्राथमिक उपचार बारे टिप्स साझा किए। अग्निशमन विभाग के कमांडर बलदेव सिंह ने भी आपदा के दौरान आग से बचाव बारे टिप्स दिए।



मॉकड्रिल की तैयारियों को लेकर संयुक्त कार्यालय में बैठक में मौजूद अधिकारी।

# सीएमओ डॉ. राजेश को लगाई पहली वैक्सीन

## जोनल अस्पताल में धर्मशाला का पहला व्यस्क टीकाकरण सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शहरी क्षेत्र धर्मशाला का पहला व्यस्क टीकाकरण सत्र की शुरुआत जोनल अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी को वैक्सीन लगाकर किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद, राजेंद्र कुमार सहायक नियंत्रक वित्त एवं लेखा, विभाग के कर्मचारी तथा धर्मशाला शहर के निवासियों को भी इस अवसर पर बीसीजी का टीका लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बीसीजी वैक्सीन भारत में 1921 से जन्म के समय नवजात शिशुओं को दी जाती है। यह 180 देशों में 100 से अधिक वर्षों से छोटे बच्चों को टीबी के गंभीर रूपों से बचाने के लिए दिया जाता रहा है। व्यस्कों में बीसीजी की अतिरिक्त डोज प्रतिरोधक क्षमता को और बढ़ा देती है। व्यस्क बीसीजी टीकाकरण भारत में 274 जिलों में दिया जा रहा है। यह टीकाकरण हिमाचल प्रदेश के छह जिलों कांगड़ा, किन्नौर, बिलासपुर, सिरमौर, मंडी व ऊना में मार्च महीने से शुरू हुआ है जो तीन महीने तक चलेगा। आज तक कांगड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 786 सत्र लगाए जा चुके हैं और एक लाख सहमत लाभार्थियों में से लगभग 27000 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। व्यस्क बीसीजी टीकाकरण के लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति पात्र हैं। इसके अतिरिक्त 18 से 60 वर्ष के आयु वर्ग में कोई एक जोखिम हो शुगर की समस्या, कुपोषण, धूम्रपान किया हो, पहले टीबी हुआ हो या टीबी रोगी के संपर्क में रहे हो, वे भी पात्र हैं।

### प्रत्येक सोमवार को होगा टीकाकरण



मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जोनल अस्पताल के आई मोबाइल यूनिट में हर सोमवार और वीरवार को व्स्यक बीसीजी का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि यदि आप और आपके परिवार के सदस्य इस वैक्सीन के पात्र हैं तो आएं और इस अवसर का लाभ उठाएं। अब तक जिला कांगड़ा में 30627 व्यस्क बीसीजी टीकाकरण हो चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्वदेव मंदिर में महारूद्र अभिषेक 15 मई से

**जयसिंहपुर।** लंबागांव के शांतल स्थित सर्वदेव मंदिर में महारूद्र अभिषेक, नवचंडी महायज्ञ व द्वादशक्षर मंत्र जाप कार्यक्रम 15 से 22 मई तक आयोजित होगा। यह जानकारी मंदिर के प्रधान सेवक महंत कृष्णा पुरी जी महाराज ने दी।

### महर्षि विद्या मंदिर खटेड़ में नए सत्र का शुभारंभ

**गगल।** महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल खटेड़ में वीरवार को नए सत्र का शुभारंभ किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया के स्कूल के प्रांगण में वीरवार को नए सत्र का शुभारंभ हवन करके किया गया। स्कूल के प्रांगण में केशव कुमार शास्त्री द्वारा हवन करवाया गया जिसमें स्कूल के अध्यापकों ब बच्चों ने आहुतियां डालकर पुण्य लाभ अर्जित कर प्रसाद ग्रहण किया।

### झंडा रस्म के साथ मां आशापुरी मेला शुरू

**जयसिंहपुर।** झंडा रस्म व टमक की थाप के साथ चार दिवसीय मां आशापुरी मेला शुरू हो गया। महाराजा जय चंद की नगरी द्ववाटा महाराज नगर में चलने वाले इस मेले में कुश्ती व वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहती है। झंडा रस्म में कमेटी प्रधान कुलवंत शर्मा, आशापुरी पंचायत प्रधान अनिता, अपर ठेहडू विनोद, आशापुरी उपप्रधान पवन, पूर्व प्रधान आशापुरी कश्मीर चंद, अशोक, मनजीत, स्वरूप, ओम प्रकाश, अमित,सोनू, संजू, रूमा सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

कार अनियंत्रित होकर नीचे गिरी, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा

### थुरल के भ्रांता में पुली से नीचे गिरी कार

**डरोह।** थुरल तहसील की ग्राम पंचायत भ्रांता में साई भ्रांता सड़क पर वीरवार शाम एक कार एचपी 368, 8441 जोकि खुंडियां की तरफ जा रही थी अनियंत्रित होकर पुली से नीचे गिर गई। इसमें सवार एक परिवार के सदस्य घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए थुरल अस्पताल ले जाया गया।

### बीड़ बिलिंग मैराथन कल से

**बैजनाथ।** बीड़ बिलिंग मैराथन का 5वां संस्करण छह और सात अप्रैल को पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट बीड़ में हो रहा है। इस दो दिवसीय दौड़ कार्यक्रम में छह अप्रैल को सुबह 11 बजे माउंटेन ट्रेल अप हिल वर्टिकल रन है जो घने जंगल और खूबसूरत पगडंडियों से होते हुए बीड़ से बिलिंग टेकऑफ साइट तक पहुंचेगा। सात अप्रैल को सुबह 4:30 बजे से रोड पर दौड़ (10 किमी, 21 किमी और 42 किमी) शुरू होगी। दौड़ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, दौड़ मार्ग पर पानी, इलेक्ट्रोलाइट्स, लीड वाहन और भोजन के साथ 50 स्वयंसेवकों को नियुक्त किया गया है।

### निधन पर शोक जताया

**पंचरुखी।** कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा के छोटे भाई (चाचा के लड़के) अभिनीत गोमा का आकस्मिक निधन हो गया। अभिनीत गोमा सिर्फ 32 वर्ष के थे। अभिनीत की अभी पिछले साल मई में शादी हुई थी। अभिनीत के आकस्मिक निधन से पंचरुखी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वीरवार को पंचरुखी में इनका अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों लोग इनकी अंतिम यात्रा में शामिल रहे। अखिल भारतीय कोली समाज से कालिदास, प्रताप चंद प्राकम, सुशील कुमार, विनोद कुमार, प्रकाश चंद, ईश्वर दास, सुरेश डोगरा ने अभिनीत के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# नई शिक्षा नीति छात्रों के लिए लाभदायक

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में संस्कृत पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, गरली**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर परागपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संस्कृत का क्रियान्वयन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में देशराज शर्मा, महामंत्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र उपस्थित रहे। डॉ. किस्मत कुमार सहायकाचार्य अंबेडकर अध्ययन केंद्र केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. अमृता आचार्य केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली भी उपस्थिति रहीं। मुख्य वक्ता देशराज शर्मा ने एनईपी को भारत की आत्मा रूप बताते हुए कहा की यह शिक्षा नीति छात्रों को बाल्यकाल से ही क्रिया युक्त शिक्षा की ओर बढ़ने की ओर प्रेरित करेगी। इस शिक्षा नीति में छात्र प्राथमिक स्तर से लेकर उच्चतम स्तर तक भारतीय ज्ञान परंपरा एवं प्रणाली से जुड़ते हुए भारत को भारत की दृष्टि से जान सकेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा तथा प्रणाली का मुख्य केंद्र संस्कृत शिक्षा में निहित है। इसका अध्ययन छात्र शिक्षा के प्रारंभ से ही क्रियाशीलता के साथ कर पाएगा। देवभाषा संस्कृत का अध्यापन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों की एनईपी 2020 में संस्कृत का क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग प्रो. शीशराम, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुकेश शर्मा, सह-संयोजक डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. दीप, डॉ. मंजु नाथ, डॉ. सत्यदेव, डॉ. प्रतिज्ञा, डॉ. संतोष, डॉ. प्रियंका उपस्थित रहे।



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर वलाहर में संगोष्ठी में मौजूद गणमान्य।

# स्कूल भवन में शराब पकड़ने के मामले में एक और गिरफ्तार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

अनंत ज्ञान
फॉलोअप

पुलिस थाना बैजनाथ के तहत मंगलवार को शिक्षा के मंदिर में मिले शराब के भारी जखीरे के मामले में वीरवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब के इस मामले में अब परविंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए परविंदर सिंह को जमानत मिल गई है।

बताते चलें कि जिला में करीब 12 साल से बंद पड़ी प्राथमिक पाठशाला ग्वाल के भवन से 1391000 लाख रुपए की कीमत की शराब की 230 पेटियां बरामद की गई थी। इस मामले में मंडी जिला के संधोल के वैरी निवासी 48 वर्षीय अजय कुमार पुत्र अमर चंद को मौके से गिरफ्तार किया गया था।

वहीं जांच के बाद अब एक और आरोपी को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में पुलिस गहनता से जांच में जुटी हुई है। उधर, एक और आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बैजनाथ थाना प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस संबंध में अभी गहन जांच पड़ताल की जा रही है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## जवाली में बैसाखी मेले की तैयारियों पर चर्चा

**जवाली।** विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन मिनी हरिद्वार जवाली में 13-14 अप्रैल को आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेले को सफल बनाने के लिए एसडीएम जवाली विचित्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत जवाली के चेयरमैन राजिंद्र राजू सहित समस्त विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया। एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने जल शक्ति विभाग जवाली को मेले में पानी की व्यवस्था, बिजली विभाग को बिजली व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग को दंगल स्थल को समतल बनाने तथा स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग को मेला के दौरान टीम सहित मौजूद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को स्टेज निर्माण के लिए स्लीपर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम विचित्र सिंह ने पुलिस को भी दो दिवसीय मेले में यातायात व्यवस्था बनाए रखने व मेले में गश्त लगाने के निर्देश दिए ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। उन्होंने कहा कि जिस दिन महिलाओं का स्नान होगा, उस दिन पुल पर महिला पुलिस खड़ी की जाएगी तथा किसी को भी पुल पर खड़ा नहीं होने दिया जाएगा।

## बीसीजी टीकाकरण के बारे किया जागरूक

**नगरोटा बगवां।** खंड स्तर पर आयोजित बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश गुलेरी ने कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने व अनुशासन पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने व्यस्क बीसीजी टीकाकरण के बारे में लोगों को जागरूक करने एवं शिविर बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ-साथ बीपी शुगर जांच कैंप लगाने के भी निर्देश दिए और सीएचओ को टेली परामर्श सेवाओं के बारे में दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए की हर वैलनेस सेंटर का दौरा किया जाए और हेल्थ वेलनेस सेंटर की जो समस्याएं हैं उनका समाधान किया जाए।

## पंचरुखी में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ने वर्कर्स में भरा जोश

# चुनाव के लिए कार्यकर्ता कस लें कमरः राजीव

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर का दौरा किया व कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने पंचरुखी जोन में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस लें व बूथ स्तर पर घर-घर जाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई जनहितकारी योजनाओं को लोगों को बताएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से इस बार भी केंद्र में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और हिमाचल में भी लोकसभा की चारों सीटें भाजपा ही जीतेगी। उन्होंने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने पर नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल, विपिन परमार व समस्त शीर्ष भाजपा नेतृत्व का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमे एक छोटे से कार्यकर्ता को भी पूरा सम्मान मिलता है। भारद्वाज ने कहा कि मैने भी बूथ स्तर से शुरुआत की थी, लेकिन आज मुझ जैसे छोटे से पार्टी के कार्यकर्ता पर भरोसा करके भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने मुझे ये दायित्व दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से देश तरक्की कर रहा है। इस मौके पर कांगड़ा-चंबा के प्रभारी व विधायक विपिन परमार, पूर्व विधायक रवि धीमान, डॉ. अश्वनी शर्मा, मंडलाध्यक्ष दवेंद्र राणा, जिला महामंत्री राजेश राणु, स्वरूप डोगरा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनीषा शर्मा, उपाध्यक्ष जिला भाजपा महिला मोर्चा लीना भारद्वाज व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पंचरुखी जोन में कार्यकर्ताओं में जोश भरते भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज व अन्य।

# भूकंप स्मारक पर जलाईं कैंडल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से चार अप्रैल 1905 को कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप की याद में जागरूकता मॉकड्रिल आयोजित करने के निर्देशों के अंतर्गत वीरवार को कांगड़ा उपमंडल में भी जागरूकता मॉकड्रिल का आयोजन एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में किया गया। इस मॉकड्रिल में फायर, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग की टीम सहित समस्त विभागों की टीमें मौजूद रहीं। मॉक ड्रिल से पूर्व न्यू कांगड़ा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों, कांगड़ा माता बज्रेश्वरी सार्वजनिक पुस्तकालय के छात्रों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने मिलकर आपदा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया। एसडीएम कांगड़ा ने फ्लैग ऑफ करके रैली शुरू करवाई। इसके उपरांत एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल पुराना कांगड़ा स्थित भूकंप स्मारक पहुंचे। उन्होंने आपदा मित्रों और रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों के साथ मिलकर भूकंप में मारे गए लोगों की याद में कैंडल जलाई। उन्होंने भूकंप को याद रखते हुए इससे सीख लेने की बात कही कांगड़ा उपमंडल के इस मॉक ड्रिल में संयुक्त कार्यालय भवन को घटनास्थल बनाया गया था। संयुक्त कार्यालय भवन की इमारत से फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम ने दुर्घटनाग्रस्त लोगों को बाहर निकाला।




मॉकड्रिल के दौरान छात्रों को जागरूक करते हुए।

## जागरूकता — आपदा प्रबंधन को लेकर आयोजित मॉकड्रिल के दौरान बोले डीसी

# भूकंप में झुको, ढको व पकड़ो का मूलमंत्र अपनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर सभी नागरिकों को जागरूक होना जरूरी है। वर्तमान में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ मानव निर्मित आपदाओं का खतरा बढ़ा है। वीरवार को डीसी कार्यालय परिसर में कांगड़ा भूकंप स्मृति दिवस पर आपदा प्रबंधन को लेकर आयोजित मॉकडिल के उपरांत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आपदा प्रबंधन पर विशेष फोकस किया जा रहा है ताकि आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर जिला स्तर से लेकर उपमंडल स्तर तक प्लान तैयार किए गए हैं तथा इस बाबत विभिन्न स्तरों पर नियमित तौर पर प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर भी आपदा मित्र प्रशिक्षित किए गए हैं ताकि आपदा के समय त्वरित प्रभाव के साथ राहत तथा पुनर्वास कार्य आरंभ किए जा सकें। उन्होंने कहा कि भूकंप प्रतिरोधी भवन संरचनाओं के निर्माण के लिए मिस्त्रियों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जोखिम को कम करने के लिए उचित भूमि उपयोग और भवन निर्माण के लिए भी विशेषज्ञों की राय अवश्य लें । उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके महसूस होते ही खुले स्थान में लेट जाना चाहिए। यदि घर से नहीं निकल सके तो अपने सिर को ढकें और झुक कर किसी सख्त चीज जैसे टेबल, चौकी को पकड़ लें। साथ ही उस जगह से दूर रहें जहां खिड़की, शीशे, कांच गिरकर टूट सकते हो या जहां किताबों के भारी शेल्फ अथवा भारी फर्नीचर नीचे गिर सकता हो।



आपदा प्रबंधन की जानकारी देते जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा।

### सायरन बजते ही अलर्ट हुए कर्मचारी

मॉकड्रिल के दौरान डीसी आफिस में सायरन बजते ही कर्मचारी अलर्ट हो गए तथा अपने सिर का बचाव करने की मुद्रा में धीरे-धीरे अपने कार्यालयों से बाहर निकले तथा सुरक्षित स्थान पर एकत्रित हो गए। लघु नाटिका के माध्यम से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने आपदा प्रबंधन को लेकर लोगों को जागरूक भी किया। इस अवसर पर एडीसी सौरभ जस्सल, एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, एसडीएम सहित विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**हिमाचल लोकसभा चुनाव एक नजर**

**1,38,918** वोटर पहली बार करेंगे मतदान

| | |
|---|---|
| 75,001 | पुरुष |
| 63,918 | महिलाएं |
| 01 | थर्ड जेंडर |

**शिमला संसदीय सीट**

**1977** में बालक राम कश्यप जनता पार्टी से सांसद बने

**1984** से केडी सुलानपुरी 1998 तक लगातार 6 बार सांसद रहे

**1999** में धनीराम शांडिल हिविकां से चुने गए

**2009** से 2019 तक वीरेंद्र कश्यप भारतीय जनता पार्टी से दो बार सांसद बने।

**2019** से सुरेश कश्यप हैं शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद



चंबा जिले की भरमौर आईटीआई में मतदाताओं को जागरूक करती स्वीप टीम।

## चुनावी टकी

### दूर के सितारों की क्या मजबूरी



**सितारे** अब तक दूर थे, लेकिन नजदीक आने लगे हैं। इनकी क्या मजबूरी है, यह बताना भी जरूरी है। समाज सेवा से भले न हो इनको वास्ता, लेकिन राजनीति से तलाश रहे हैं भविष्य का रास्ता। सितारों का क्या परदे पर उनकी अदाकारी का तजुर्बा भी तो किसी काम आना चाहिए। काम वहां नहीं बचा तो क्या, राजनीति के ड्रामे में उनसे बेहतर कलाकार हो नहीं सकता। सियासी नेता भी जानते हैं, इसलिए ही वे ग्लैमर का लोहा मानते हैं। जहां विरोधी नहीं हो रहा हो पस्त, आसान सा नुस्खा है घोल दो ग्लैमर का रस। हिमाचल में ग्लैमर पहले ही भरा है, यहां उल्टा दांव कुछ सियासी दलों ने धरा है। परदे के आगे की कहानी तो कुछ खास है, परदे के पीछे वालों को उनसे आस है। उधर, भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी बड़ा उदास है। ताऊ अब तक अपनी पार्टी का बिल्ला लेकर नारे लगाता रहा है, कभी टिकट उनका भी होगा ऐसा सपना लेता रहा है। अब ग्लैमर की दुनिया ने उनका सपना तोड़ दिया है, ताऊ ने भी बिल्ला जेब में रख पार्टी को अलविदा बोल दिया है। ताऊ को मनाने की बात हो रही है, लेकिन जमाना देख चुका ताऊ दिल की भला कैसे किसी को बताने वाला है। साथ चलने का तो उसका एक बहाना है, मकसद तो अपनी ताकत का वोट से सबक सिखाना है। **–राजेश शर्मा**

### नेताओं का बदल रहा चरित्र



**कलियुग** में राजनीतिक का युद्ध बड़ा विचित्र देखा है। नेताओं का रोज बदलता चरित्र देखा है। कल तक जो राजनीति के चाणक्य उनके दुश्मन थे, अब उनसे मिलकर जीत का मंत्र लिया जाने लगा है। राजनीति के भीष्म जी की तपस्या भी सबने देखी है। वे चुनावों से ठीक पहले शक्तियों का आह्वान भी करते देखे गए थे। चार दशकों से उन्होंने जो ब्रह्मांड से शक्तियां अपने भीतर समाहित की हैं, उनकी जरूरत कई नेताओं को अबकी आन पड़ी है। एक के बाद एक उनके दरबार में हाजिरी भर रहे हैं। दंडवत होकर आशीर्वाद ऐसे भी लेने पहुंच रहे हैं, जो उनकी सियासी हस्ती को चोट पहुंचाकर अपनी वैतरणी पार कर रहे थे। भीष्म तो भीष्म ठहरे, युद्ध में आमने-सामने भी अपने ही हैं, जो भी आशीर्वाद लेने आएगा मजबूरी है, उसे तो तथास्तु कहना ही होगा। हमीरपुरे वाला पिंकू बड़का सब देख हैरान परेशान हैं। पिंकू बड़का जानता है भीष्म पितामह से आशीर्वाद लेना कौन सा आसान है। कुछ ने लिया है, लेकिन उससे पहले उनकी शक्तियों का आह्वान नहीं किया है। भीष्म प्रण और शक्ति इस बार प्रभाव दिखाएगी, एक तीर से कई निशाने हुए हैं इसका एहसास दिलाएगी।

# उम्मीदवारों की 'फीडबैक' लेकर सीधे दिल्ली जाएंगे सीएम सुक्खू


## लोकसभा-विधानसभा चुनावों के लिए टिकट के चाहवानों की भी टटोलेंगे नब्ज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नादौन में अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के अलावा संभावित प्रत्याशियों की भी 'फीडबैक' लेंगे। उसके बाद वह शनिवार तड़के सीधे दिल्ली जाएंगे, जहां हाईकमान के साथ प्रत्याशियों के चयन को लेकर बैठक होगी।

मुख्यमंत्री वीरवार दोपहर को कुटलैहड़ में थे और शाम को अपने गृह क्षेत्र नादौन में आ गए, जहां उन्होंने समर्थकों से मिलकर चुनावी गतिविधियों का भी ब्यौरा लिया, क्योंकि विधानसभा के उपचुनाव सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़ और गगरेट में हो रहे हैं। इन सभी क्षेत्रों में कांग्रेस जीती थी, लेकिन प्रदेश में हुए सियासी घमासान के बाद इन क्षेत्रों के बागी विधायक अब भाजपा में शामिल होकर चुनावी दंगल में कूद गए हैं। इसीलिए हमीरपुर संसदीय सीट के तहत आने वाले इन क्षेत्रों में पार्टीजनों के साथ रणनीति बनाने के लिए सुक्खू का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक हर एक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने अब प्रत्याशियों की सूची लगभग फाइनल कर ली है। तीन से चार नाम उसमें शामिल किए गए हैं। फीडबैक लेने के बाद जिताऊ उम्मीदवार को फाइनल किया जाएगा। सुजानपुर में जिन तीन नाम की चर्चा हो रही है, उनमें पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया के अलावा पिछली मर्तबा भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े कैप्टन रंजीत सिंह और जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राकेश ठाकुर का नाम भी कांग्रेस की संभावितों की सूची में शुमार हैं। उधर, बड़सर इलाके में चर्चा में तो कई नाम आ रहे हैं, लेकिन ठेकेदार किशन चौधरी और पूर्व विधायक मनजीत डोगरा के नाम पर पार्टी के भीतर ज्यादा चर्चा हो रही है। हालांकि कुछ और नामों पर भी मुख्यमंत्री चर्चा कर रहे हैं, लेकिन मसला इन्हीं के इर्द-गिर्द घूम रहा है। अब मुख्यमंत्री शुक्रवार के दौरे के बाद हमीरपुर जिले के इन दोनों विधानसभा क्षेत्र की स्थिति का अंदरूनी जायजा ले लेंगे, जो संभावित हैं उनसे भी मिलेंगे। इस सारी फीडबैक को लेने के बाद ही सुक्खू दिल्ली कूच करेंगे। काबिले गौर यह है कि कांग्रेस से बागी विधायकों की संख्या सीएम के गृह जिले से ही ज्यादा है। इसलिए अब अभी नहीं तो कभी नहीं, की नीति पर सवार होकर मुख्यमंत्री इनके साथ विशेष रणनीति के तहत चुनावी दंगल में उतरने वाले हैं।

(अनंत ज्ञान)



### जिताऊ उम्मीदवार की संभावनाएं तलाश रहे सीएम

**सुजानपुर** में जिताऊ उम्मीदवार की सारी संभावनाएं मुख्यमंत्री तलाश रहे हैं और भले ही विरोधी पार्टी से भी यदि कोई नेता इंपोर्ट करके चुनावी दंगल में उतरने की स्थिति बन रही हो तो इस पर भी उन्होंने अलग-अलग एजेंसियों से फीडबैक ली है। सर्वे पहले ही हो चुका है। यह सारी स्थितियां प्रत्याशी के चयन के लिए अव्वल स्थिति बना रही हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशियों पर टिकी लोगों की नजरें

**दिलचस्प** यह भी है की हमीरपुर जिले में भाजपा की राजनीति अब जिस नए दौर में पहुंची है, इसका फायदा कांग्रेस उठाने की स्थिति में दिख रही है, लेकिन उसके लिए सही उम्मीदवारों की तालाश इसकी बुनियाद बनेगी। जिले की भाजपा राजनीति में कई और भी किंतु-परंतु हैं। उनका असर कांग्रेस की राजनीति पर कितना पड़ेगा। इसका लाभ कांग्रेस खासकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मौजूदगी में कितना मिलेगा, इस पर भी चर्चा अब खुलकर हो रही है। वहीं, प्रदेश की जनता की निगाहें कांग्रेस के प्रत्याशियों पर टिकी हुई हैं। अनुराग ठाकुर की बात करें तो उनके साथ मुकाबले में कांग्रेस को एक बेहतर चेहरा देना ही उनके लिए टक्कर का मुकाबला साबित कर सकता है।

## धर्मयुद्ध है चुनाव, भाजपा का सबसे बड़ा धर्म राष्ट्रवाद: कंगना रनौत



कंगना रनौत को सम्मानित करते विधायक राकेश जम्वाल व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कांग्रेस पार्टी की तुलना अधर्म से की है। कंगना ने गुरुवार को अपने परिचय अभियान के दौरान विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में मंडल भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंच से कांग्रेस पार्टी पर जुबानी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा धर्म राष्ट्रवाद है और लोकसभा चुनाव-2024 एक धर्मयुद्ध है। वहीं, सुंदरनगर के विधायक एवं प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार डिनोटिफेशन वाली सरकार के तौर पर हमेशा याद रखी जाएगी।

प्रदेश सरकार से उनके ही पार्टी के 6 विधायकों ने नाराज होकर पार्टी छोड़ दी। सरकार को समर्थन देने वाले 3 निर्दलीय विधायक भी पीएम नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होना चाहते हैं।

### कांग्रेसा रे ता छातीया पर मूंग दली ते

**मंडी।** वीरवार को भाजपा मंडी सदर ब्लॉक की बैठक का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत मौजूद रहीं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार के खिलाफ खूब जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह रास नहीं आया कि छोटे से गांव की बेटी जिसको फिल्म जगत से हटाने की कोशिश की, केस किए जेल में डालने कि कोशिस कि और घर तक तोड़ दिया, उसको यह केसा मौका मिल गया। उन्होंने मंडयाली भाषा में कहा कि कांग्रेसा रे ता छातीया पर मूंग दली ते जिस बात का उन्हें कष्ट हुआ तो उन्होंने मंडी कि महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी कि सोशल मीडिया में की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता विदेश में रहकर अंग्रेजी स्कूलों में पढ़कर भारतीय लोगों को नीच दृष्टि से देखने वाली है।

## षड्यंत्र करने वालों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे: प्रेम कौशल



**हमीरपुर।** प्रदेश के बेसहारा, अनाथ और विधवा महिलाओं के बच्चों का सहारा बने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र करने वाले नेता अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि जिस पार्टी ने कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन देने का विरोध किया, जिस पार्टी ने महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन देने की योजना का विरोध किया, जिस पार्टी के नेता प्रदेश में आई ऐतिहासिक और विभस्त आपदा में प्रभावितों की सहायता करने की बजाय राजनीति करते रहे और जिन्होंने केंद्र से विशेष आर्थिक पैकेज नहीं मिलने दिया। ऐसी पार्टी और नेताओं का दामन थामने वाले विधायकों को जनता के आक्रोश के साथ पराजय का भी सामना करना पड़ेगा।

## हिमाचल में मोदी सरकार में 10 साल में हुए ऐतिहासिक काम: जयराम



**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष एवं जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल में देश के साथ हिमाचल में भी ऐतिहासिक प्रगति हुई है। हिमाचल में सड़कों के विकास पर सर्वाधिकार होड़ दिया गया, जिसकी वजह से आज हम हिमाचल के लोगों के पीठ का बोझ उतार पाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में हिमाचल प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विकास किया है। आज हिमाचल प्रदेश में चारों ओर टू लेन और फोर लेन हाईवे बने हैं। प्रधानमंत्री के इस सहयोग की वजह से आज हिमाचल को फोर लेन और टनल्स वाले राज्य के रूप में जाना जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल प्रदेश की जनता की तरफ से आभार।

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस को प्रत्याशियों का इंतजार

## हलचल तेज, नेताओं की बयानबाजी से गरमाई सियासत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशियों का इंतजार है। अभी तक कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट जारी नहीं कर पाई है। खासकर कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और ऊना में पार्टी संगठन की हलचल तेज होने लगी है, जिससे आने वाले दिनों में सियासी गरमाहट बढ़ेगी। इंतजार, लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा का है।

प्रत्याशी चयन और प्रचार के मोर्चे पर पीछे चल रही कांग्रेस चुनावी परिदृश्य में देर से ही सही, लेकिन अब सक्रिय दिखने लगी है। पार्टी के बड़े नेता सक्रिय होने लगे हैं। भाजपा मार्च में ही अपने प्रत्याशियों की घोषणा के साथ प्रचार का आगाज भी कर चुकी है। दूसरी ओर कांग्रेस में असमंजस है। चुनाव को लेकर सीधा प्रभावी संदेश पार्टी की ओर से कार्यकर्ताओं तक नहीं जा पा रहा है। इन्हीं हालात को समझते हुए अब कांग्रेस हाईकमान पूरी रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हाईकमान ने हिमाचल कांग्रेस के बड़े नेताओं को जिम्मेदारियों में बांधकर सक्रिय कर दिया है। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के साथ ही हाईकमान का फोकस पार्टी नेताओं और संगठन को भी सक्रिय करने पर है। इसका असर चुनावी मैदान में कांग्रेस की सक्रियता के तौर दिखने भी लगा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह संसदीय क्षेत्र मंडी में सक्रियता बढ़ा रही हैं। हालांकि वह चुनाव लड़ने से इनकार करती रही हैं, लेकिन अब उनकी सक्रियता बढ़ रही है। पिछले दिनों कांग्रेस के कांगड़ा संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री चंद्र कुमार धर्मशाला में सक्रिय रहे। उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ बैठकें कर चुनावी तैयारियों और रणनीति पर मंथन किया। पत्रकार वार्ता कर भाजपा और उसके प्रत्याशियों को भी आड़े हाथों लिया। सुधीर शर्मा के पाला बदल लेने के बाद पार्टी में उनके समर्थकों को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर धर्मशाला में संगठन को नई धार देने का काम भी कर दिया है। हमीरपुर में सुक्खू सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर और विधायक सुरेश कुमार भी सक्रिय हैं।

> **संसदीय क्षेत्र मंडी में सक्रियता बढ़ा रही हैं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह**

## युवा मतदाता



**परिवार** व गांव के लोग हर बात मतदान करने जाते थे, इस बार मैं भी मतदान करके मतदान के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगा, जिसको लेकर काफी उत्साहित हूं। जो प्रत्याशी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात करेगा, बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाने का वादा करेगा, उसे ही वोट दूंगा।

**अर्शप्रीत, कुल्लू।**



**मतदान** महत्वूपर्ण होता है। सोच-समझ कर जनता से किए वादों को पूरा करने वाले व्यक्ति को ही वोट दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे, जो बिना भेदभाव सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास करे और जनता की समस्याओं को दूर कर, सभी वर्गों का समान विकास करवाए।

**कुलदीप कुमार, गगल।**

## पुरुष मतदाता



**मंडी** सांसद को संसद में हाइब्रिड बीजों का मुद्दा उठाना चाहिए, ताकि मंथन होने से वर्तमान में बढ़ती बीमारियों से निपटने का जरिया मिल सके। हाइब्रिड बीजों ने पारंपरिक बीजों को विलुप्त होने की कगार पर पहुंचा दिया है, ऐसे में उनका संरक्षण करने के लिए एक बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए और मंडी संसदीय क्षेत्र में दर्जनों तरह के बीज विलुप्त होने की कगार पर हैं। मंडी में ऐसा सांसद होना चाहिए, जो इस दिशा में भी प्रयास कर सके, क्योंकि एक शोध से पता चला है कि कुछ समय बाद ग्लोबल वार्मिंग के कारण हाइब्रिड बीज खेतों में उगना बंद हो जाएंगे, ऐसे में पारंपरिक बीजों का संरक्षण बहुत जरूरी है। समय रहते सरकार को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए, ताकि समस्या को विकराल होने से बचाया जा सके। धान की 30 से अधिक देशी किस्मे लुप्त हो चुकी हैं, जो कुछ बचा है यदि उसे बचाया नहीं गया तो कृषि विभाग पर भी बड़े सवाल उठेंगे, जिनका जवाब जनता कृषि अधिकारियों के घर जाकर पूछेगी।

**धनदेव, ग्रेजुएट**
**बल्ह, मंडी विधानसभा क्षेत्र।**



**राजनीति** में दलबदल नीति सबसे बड़ी बीमारी है। व्यक्तिगत स्वार्थ साधने के लिए नेता इस नीति को अपना रहे हैं, जो व्यक्ति पार्टी टिकट पर लड़ कर विधानसभा पहुंचे थे। उन्होंने अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए मौजूदा सरकार के साथ धोखा किया और दूसरी पार्टी में शामिल हो गए, जहां तक ओबीसी की मांगों की बात है तो मात्र कांग्रेस सरकार ने मांगों को पूरा किया है। मौजूदा सरकार से निवेदन है कि ओबीसी को मिले आरक्षण को सभी संस्थानों में लागू किया जाना चाहिए, जहां तक धर्मशाला स्मार्ट सिटी की बात है तो अभी बहुत कार्य होना बाकी है।

**कर्नल. स्वरूप सिंह कोहली**
**नगरोटा बगवां।**

# शिमला संसदीय सीट में 13,32,289 वोटर डालेंगे वोट

## 2024 के लोकसभा चुनाव में 6,84,489 पुरुष और 6,47,788 महिलाएं करेंगी मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला संसदीय सीट में 2024 के लोकसभा चुनाव में 13,32,289 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 6,84,489 पुरुष और 6,47,788 महिलाएं हैं। 2024 के इस लोकसभा चुनाव में 73,204 नए मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 30,226 पुरुष और 42,966 महिला मतदाताओं का इजाफा हुआ है, जबकि शिमला संसदीय सीट में 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 12,59,05 मतदाता थे। इसमें पुरुष मतदाता 6,54,263 और महिला 6,04,822 मतदाता थीं। शिमला संसदीय सीट में 17 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।



शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के तहत शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों की 17 विधानसभा आती हैं। इसमें अर्की, नालागढ़, दून, सोलन (एससी), कसौली (एससी), पच्छाद (एससी), नाहन, श्रीरेणुकाजी (एससी), पांवटा साहिब, शिलाई, चौपाल, ठियोग, कसुम्पटी, शिमला शहरी, शिमला ग्रामीण, जुब्बल कोटखाई और रोहड़ू (एससी) विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

> **2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 30,226 पुरुष और 42,966 महिला मतदाताओं का इजाफा**

**राजनीति**

## तीन रहे हैं केंद्रीय मंत्री; दो बार हो चुका है उपचुनाव, दोनों उपचुनावों में प्रतिभा सिंह रहीं विजयी

# छह राजा-रानी और चार आमजन रहे मंडी से सांसद

### लोकसभा संसदीय क्षेत्र मंडी से अब तक ये रहे हैं सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | गोपी राम | कांग्रेस |
| 1952 | अमृत कौर | कांग्रेस |
| 1957 | जोगिंद्र सेन | कांग्रेस |
| 1962 | ललित सेन | कांग्रेस |
| 1967 | ललित सेन | कांग्रेस |
| 1971 | वीरभद्र सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | गंगा सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | वीरभद्र सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | सुखराम | कांग्रेस |
| 1990 | महेश्वर सिंह | भाजपा |
| 1991 | सुखराम | कांग्रेस |
| 1996 | सुखराम | कांग्रेस |
| 1998 | महेश्वर सिंह | भाजपा |
| 1999 | महेश्वर सिंह | भाजपा |
| 2004 | प्रतिभा सिंह | कांग्रेस |
| 2009 | वीरभद्र सिंह | कांग्रेस |
| 2013 | प्रतिभा सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | रामस्वरूप शर्मा | भाजपा |
| 2019 | रामस्वरूप शर्मा | भाजपा |
| 2021 | प्रतिभा सिंह | कांग्रेस |

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान की बाड़मेर के बाद देश में दूसरे नंबर पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र मंडी से अब तक 10 व्यक्ति 19 बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनमें रानी अमृत कौर, राजा वीरभद्र सिंह, राजा महेश्वर सिंह व रानी प्रतिभा सिंह को छोड़कर शेष सभी जिला मंडी से ही संबंधित हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में इन 10 में से दो कैबिनेट व एक राज्य मंत्री के रूप में भी शामिल रहे हैं, जबकि 10 में से छह राजा या रानी के अलंकार से युक्त रहे हैं। गोपी राम, गंगा सिंह, सुखराम व रामस्वरूप इस अलंकार से अलग थे। यह क्षेत्र प्रदेश के 12 में से छह जिलों में फैला हुआ है।




बता दें कि 1952 में पहली लोकसभा के दौरान इस क्षेत्र से दो प्रतिनिधि लोकसभा में शामिल करने का प्रावधान था। यहां पर वर्ष 2013 और 2021 में उपचुनाव हुए हैं, जिसमें दोनों ही बार प्रतिभा सिंह विजयी रहीं। पहला उपचुनाव केंद्रीय मंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर प्रदेश की बागडोर संभालने के कारण हुआ था, जबकि दूसरा उपचुनाव तत्कालीन सांसद रामस्वरूप शर्मा द्वारा आत्महत्या कर लेने के कारण हुआ था। उल्लेखनीय है कि मंडी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सबसे पहली सांसद रानी अमृत कौर केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्वास्थ्य मंत्री रही हैं। राजा वीरभद्र सिंह इस्पात मंत्री और पंडित सुखराम रक्षा मंत्री रहे हैं।

प्रदेश के छह जिलों मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला और चंबा के 17 विधानसभा क्षेत्र मंडी संसदीय सीट के तहत आते हैं। इसमें धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर मंडी जिले के शेष नौ विधानसभा क्षेत्र, कुल्लू के सभी चार विस क्षेत्र, किन्नौर, लाहौल-स्पीति सहित शिमला जिला का रामपुर और चंबा का भरमौर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। वर्तमान में इन 17 विधानसभा क्षेत्रों में से 12 में भाजपा के और चार में कांग्रेस के विधायक हैं।

लाहौल-स्पीति के विधायक रवि ठाकुर को अयोग्य घोषित किया गया है। रवि ठाकुर ने अयोग्य घोषित करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी हुई है।

(अनंत ज्ञान)



### मंडी संसदीय क्षेत्र ने दी देश को पहली स्वास्थ्य मंत्री

**वर्ष** 1952 में मंडी से लोकसभा चुनाव जीतने वाली राजकुमारी अमृत कौर आहलुवालिया स्वतंत्र भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री थीं। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा सामाजिक कार्यकर्ता थीं। महात्मा गांधी की अनुयायी और कई वर्ष तक उनकी सचिव रहीं। स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कौर ने नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। 1956 में एम्स की स्थापना के लिए लोकसभा में विधेयक पेश किया। एम्स की स्थापना के लिए धन जुटाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। बता दें कि 1952 में मंडी सीट से दो सांसद चुने गए थे।

### किस चुनाव में किस दल को कितने मिले वोट

| वर्ष | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 2021 | 356884 | 365650 |
| 2019 | 647189 | 241730 |
| 2014 | 362824 | 322968 |
| 2013 | 216765 | 353492 |
| 2009 | 326976 | 340973 |
| 2004 | 291057 | 357623 |
| 1999 | 325929 | 194904 |
| 1998 | 304210 | 172378 |
| 1996 | 174963 | 328186 |
| 1991 | 209753 | 233380 |

# दिन में उखाड़ी सीढ़ियां, रात को डाला मार्बल

## खबर छपते ही हरकत में आया श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर प्रशासन, रास्ता किया सुचारु

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में मंगलवार और बुधवार सुबह मंदिर के भीतर जाने वाली सीढ़ियों को उखाड़ कर नए सिरे से उक्त सीढ़ियों पर मार्बल डालने के समाचार को अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था। इसको लेकर कांगड़ा मंदिर प्रशासन ने हरकत में आते हुए आनन – फानन में उक्त सीढ़ियों पर बुधवार रात को ही मार्बल डालकर मंदिर के अंदर आने वाले उस रास्ते को पूर्ण रूप से श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए सुचारु रूप से शुरू कर दिया है।

गौर तलब है कि मंदिर प्रशासन की इस कार्यप्रणाली को लेकर लोग काफी उग्र दिखे थे। इस विषय पर मंदिर ट्रस्टी अशोक हिमाचली, उमाकांत शर्मा व सदन शर्मा ने खुद मंदिर में जाकर मां बज्रेश्वरी देवी के प्रांगण में प्रशासन के कर्मचारियों के साथ मिलकर पूरे प्रांगण को पानी से धोकर सफाई अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसा न हो उसके लिए उन्होंने मंदिर प्रशासन से आग्रह किया है। इन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्टी व प्रशासन साथ मिलकर मंदिर में होने वाले विकास कार्य को शुरू करेंगे व समय-समय पर इसका जायजा लेते रहेंगे। (अनंत ज्ञान)


**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**


मंदिर के रास्ते में उखाड़ी गई सीढ़ियों पर डाला गया मार्बल।

### सीढ़ियों का विवाद सुलझाया : मोहित रतन



मंदिर अधिकारी मोहित रतन का कहना है कि मंदिर की सीढ़ियों को लेकर जो विवाद हुआ है उसे सुलझा दिया गया है व मंदिर के विकास के लिए मंदिर प्रशासन मंदिर ट्रस्टियों को साथ लेकर अहम बैठक करेगा। उन्होंने कहा कि बचे हुए कार्यों को नवरात्र के बाद पूरा कर दिया जाएगा। नवरात्र में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भी मंदिर प्रशासन पूरा ध्यान रखेगा।


वीरवार को मंदिर परिसर में सफाई करते मंदिर ट्रस्टी अशोक हिमाचली, उमाकांत शर्मा व सदन शर्मा।

## हैप्पी बर्थडे


जसौर (कनेहड़) के अक्षय को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


भनबाड की प्रिया को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग
प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया
डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# ऑनलाइन ठगों ने डलहौजी के व्यक्ति को लगाया 8,55,250 रुपए का चूना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ऑनलाइन ठगी मामले में एक व्यक्ति को 8,55,250 रुपए का चूना लगा है। पीड़ित व्यक्ति जिला चंबा के डलहौली का रहने वाला है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस थाना साइबर धर्मशाला में दी अपनी लिखित शिकायत में कहा है कि उसे कुछ अज्ञात लोगों का फोन आया जिसमें उन्हें ऑनलाइन एप्लीकेशन टेलीग्राम के माध्यम से कुछ होटलों एवं रेस्तरां के रिव्यू करने का टास्क पूरा करने के काम का ऑफर दिया गया। रिव्यू करने के इस काम में उन्हें प्रति टास्क पैसे अदा किए जाने की बात हुई। शुरू में तो ऑनलाइन ठगों ने प्रति टास्क पैसे अदा भी किए, लेकिन टास्क की अदायगी की रकम बढ़ाने का लालच देकर ठगों ने उन्हें अधिक पैसे जमा करने की बात कही। ऑनलाइन ठगों की बात मानते हुए उन्होंने पैसे जमा करवाना शुरू कर दिए और जब यह रकम आठ लाख से अधिक हो गई तो ऑनलाइन ठग गायब हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साइबर प्रवीण धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**पीड़ित ने पुलिस थाना साइबर धर्मशाला में की शिकायत**

# मोदी कार्यकाल में हर क्षेत्र में प्रगति: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाल**

प्रदेश भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 साल का कार्यकाल भारत में ऐतिहासिक प्रगति का समय रहा है। रक्षा से लेकर स्वास्थ्य, विज्ञान, अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने अग्रणी भूमिका निभाई। भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी महामारी के समय भारत ने दो वैक्सीन बनाकर सभी भारतवासियों को निशुल्क देने के साथ-साथ वसुधैव कुटुंबकम के दायित्व का निर्वहन करते हुए दुनिया के अन्य देशों को भी देकर मानवता की सेवा करने का कार्य किया। देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था थी, मात्र दस साल के कार्यकाल में बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पछाड़कर पांचवें स्थान पर आ गई। यह काम इतना आसान नहीं था लेकिन नरेंद्र मोदी कठिन काम के लिए जाने जाते हैं। इस बार प्रधानमंत्री ने और कठिन लक्ष्य रखा है, वह है भारत को दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना। हर भारतीय को पूर्ण विश्वास है कि यह लक्ष्य भी पूरा होगा। इसके बाद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और बड़ा लक्ष्य रखा है वह है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य। नरेंद्र मोदी की इस मुहिम में देश के लोग साथ आए हैं और कदम से कदम मिलाकर साथ चल रहे हैं। इस समय हर भारतीय नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए कार्य कर रहा है। कपूर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है। चिकित्सा से लेकर विज्ञान तक के क्षेत्र में ऐतिहासिक तरक्की की है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान उतारकर विश्व के चुनिंदा देशों में शामिल हुआ तो अब गगनयान से आसमान मापने की तैयारी चल रही है। पहले अमेरिका, रूस जैसे देशों से बहुत सारी वस्तुओं का आयात करना पड़ता था। भारत आज हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।

**प्रदेश भाजपा महामंत्री ने गिनाई प्रधानमंत्री की उपलब्धियां**



## न्यूज ब्रीफ

### फरेढ़ में श्रीराम मूर्ति स्थापना 10 को

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव फरेढ़ में रामलीला कलामंच के समीप 10 अप्रैल को भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण तथा हनुमान की मूर्ति स्थापना की जाएगी। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। मूर्ति की स्थापना समाजसेवी प्रवीण शर्मा द्वारा अपने स्व. पिता फरेढ़ पंचायत के पूर्व प्रधान आतमा राम की याद में करवाई जाएगी। यह जानकारी न्यू बाबा सीताराम यूथ क्लब फरेढ़ के प्रधान नरेश शर्मा ने दी।

### चयन समिति के पास दर्ज करवाएं नाम


बैठक के दौरान मौजूद लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला समिति के सदस्य।

**डरोह।** लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला समिति की मेले के आयोजन के लिए किए जा रहे प्रबंधों के लिए समिति के प्रधान कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 12 अप्रैल को अंतिम मेले में जो पहलवान कुश्ती में भाग लेना चाहते हैं वे उस दिन सायं तीन बजे तक अपनी प्रविष्टि मेला चयन समिति के पास जरूर दर्ज करवाएं। केवल वे ही पहलवान कुश्ती में भाग ले सकेंगे, जिन्होंने समय पर चयन समिति के पास अपनी प्रविष्टि दर्ज करवाई हुई होगी। इसके अतिरिक्त सभी सदस्यों ने मेले को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति प्रधान कुलबीर सिंह राणा, सचिव अमर सिंह राणा, सभी सदस्य मौजूद रहे।

### रवीश बने उपभोक्ता कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष



**नगरी।** नगरी से संबंध रखने वाले रवीश मृगेंद्रा को अखिल भारतीय उपभोक्ता कल्याण परिषद का जिला अध्यक्ष कांगड़ा व किशोरी लाल को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। उपभोक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष विख्यात शेनाय और महासचिव देवेंद्र तिवारी ने बुधवार को उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए। रवीश ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विख्यात शेनाय, महासचिव देवेंद्र तिवारी, अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्ष सावित्री कश्यप, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोक नाथ का उन पर विश्वास करने और उन्हें जिला अध्यक्ष जैसी अत्यंत महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी देने पर धन्यवाद किया है। रवीश ने कहा कि अखिल भारतीय उपभोक्ता कल्याण परिषद कांगड़ा उपभोक्ताओं के मुद्दों को उचित स्तर पर उठाएगी और उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 एवं अन्य अधिकारों के प्रति जागरुक करेगी।

### इंदौरा महाविद्यालय में हुई मॉकड्रिल


मॉकड्रिल के दौरान सुरक्षित निकासी का अभ्यास करते छात्र।

**इंदौरा।** चार अप्रैल 1905 के कांगड़ा भूकंप की वार्षिक यादगार के अवसर पर वीरवार को राजकीय महाविद्यालय इंदौरा में भूकंप मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमीक्षा गुप्ता के निर्देशन पर आपदा प्रबंधन के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर आरके गुप्ता की देखरेख में महाविद्यालय के छात्रों ने भूकंप से बचने के लिए सायरन बजते ही अपने-अपने क्लास रूम के डैक्स के नीचे छुपकर तथा अपने सिर पर बैग रखकर कॉरिडोर से होते हुए महाविद्यालय परिसर से बाहर निकलते हुए महाविद्यालय ग्राउंड की ओर प्रस्थान कर अपने आप को आपदा के दौरान सुरक्षित निकासी का अभ्यास किया। इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आपदा के प्रति तैयारी में अधिक जागरूक बनाना था। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन टीम के सदस्य प्रोफेसर आरके गुप्ता, प्रोफेसर बिट्टू कुमारी, प्रोफेसर सुरेश कुमार, प्रो. रजनी, प्रो. योगेश पॉल, प्रो. कुलवंत सिंह, प्रो. रेखा पठानिया, प्रो.नरेश, प्रो. विकास, प्रो. सनी, प्रो. दीपिका, प्रो. शशि एवं सुपरिंटेंडेंट अनिल कुमार उपस्थित रहे।

# कोचिंग सेंटर लूहना में प्रशिक्षुओं को दी विदाई

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां द्वारा संचालित पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना में वीरवार को यहां से लिखित व शारीरिक परीक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में भर्ती हुए प्रशिक्षुओं के लिए सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के निदेशक पवन डोगरा ने बताया कि पांच युवाओं में पालमपुर भवारना के चिराग राणा, हमीरपुर के केशव लगवाल , जोगिंद्रनगर के मनीष ठाकुर, राजनगर चंबा के अरुण तथा नूरपुर के आर्यन का चयन भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट में हुआ है।

इस दौरान उन्होंने बताया कि मार्च माह में भी एआरओ मंडी द्वारा जारी रिजल्ट में सेंटर के पांच युवा सेना में चयनित हुए थे। उन्होंने बताया कि इस समय कोचिंग सेंटर में आगामी सेना भर्ती के लिए लिखित और शारीरिक परीक्षा के लिए विशेष बैच चलाए जा रहे हैं। विशेष बैच में सुबह-शाम और रात्रि में कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हिमाचल सहित बाहरी राज्यों के सैकड़ों युवा 22 अप्रैल से शुरू हो रही लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के संरक्षक कर्नल रमेश वालिया, पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां के अध्यक्ष कैप्टन कर्म सिंह धीमान, कैप्टन मदन कटोच , कैप्टन के वी गोस्वामी तथा समस्त स्टाफ ने भर्ती हुए प्रशिक्षुओं को बधाई दी।


सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना में विदाई समारोह के दौरान प्रशिक्षु सामूहिक चित्र में।

# जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में आग से बचाव के तरीके बताए


जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में मॉकड्रिल करते छात्र।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

आपदा जागरूकता दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन चौकी बैजनाथ के प्रभारी विजय कुमार की अगुआई में की गई इस मॉकड्रिल में विद्यार्थियों को भूकंप आने पर कैसे बचा जाए तथा आग से बचाव के तरीके बताए गए। विजय कुमार ने बताया कि चार अप्रैल 1905 को कांगड़ा में भूकंप हुआ था, जिसमें काफी संख्या में जान माल का नुकसान हुआ था। इसी को लेकर इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया ताकि अगर इस तरह की आपदा आए तो उससे कैसे निपटा जाए।

### चैलियां रोड में 80,250 एमएल अवैध शराब बरामद



**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत चैलियां रोड में अनिल कुमार निवासी वार्ड नंबर 9 चैलियां तहसील धर्मशाला के घर से 80,250 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायत के आधार पर जब छापेमारी की गई तो शराब का यह जखीरा पकड़ा गया।

# चुनाव का पर्व है देश का गर्व, सभी नागरिक करें मतदान : उपायुक्त



मतदान के लिए शुरू हुए हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि चुनाव का पर्व, देश का गर्व है तथा प्रत्येक मतदाता को पहली जून 2024 को अपने घरों से निकलकर मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है।

उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है तथा मतदान का यह पर्व पांच वर्ष में एक बार आता है। उन्होंने सभी नागरिकों का आह्वान किया कि अपने परिवार के अलावा आस पड़ोस में भी मतदान करने से कोई भी न छूटे। कांगड़ा जिला में मतदान प्रतिशता बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आरंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि पहली अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र युवाओं के वोटर आईडी कार्ड के लिए निर्धारित प्रपत्र भरवाने के लिए अभियान आरंभ करेंगे ताकि कोई भी युवा मतदाता वोट डालने के हक से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड से संबंधित आवश्यक जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि टोल फ्री 1950 पर भी वोटर जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नोमिनेशन से दस दिन पहले तक नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से भी आग्रह किया कि कोई भी मतदाता अगर वोटर आईडी कार्ड बनाने से छूट गया है तो इसकी जानकारी संबंधित मतदान केंद्र अधिकारी को दें ताकि समय पर उनका वोटर आईडी कार्ड बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से स्कूलों तथा महाविद्यालयों में पात्र युवाओं को वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया गया है। इस अवसर पर एडीसी सौरभ जस्सल, एडीएम डा हरीश गज्जू भी उपस्थित थे।

### लोक अदालत 11 मई को

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा । इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा । उन्होंने कहा कि लोक अदालत में समय एवं धन की बचत होती है।

**प्रतिभा** राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मेलन में चमके

# तिरुपति में छाए वेदव्यास गरली के होनहार

**शालनी शर्मा, रक्कड़**

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति द्वारा संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मेलन का आयोजन तिरुपति में किया गया। इसमें देशभर के 22 संस्थानों के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्हीं संस्थानों में से एक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर स्थित गरली वेदव्यास परिसर के छात्रों ने भी सम्मेलन में हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया। वेदव्यास परिसर के साहित्य विभाग के शिक्षक एवं इन प्रतिभागी छात्रों के दल के मार्गदर्शक डॉ. श्यामबाबू व डॉ. योगेश पांडे ने बताया कि वेदव्यास परिसर के छात्र शानुक शर्मा ने संस्कृत गायन में दूसरा पुरस्कार हासिल किया। वहीं योगासन के बालिका वर्ग में पायल ने भी दूसरा स्थान हासिल किया व बालक वर्ग के योगासन में आर्यन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि संख्ययोग भाषण में विवेक कुमार ने भी सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। वहीं बैडमिंटन में शीतल व अनीता ठाकुर ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। बालक वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में अरुण व सूर्यांश द्वितीय स्थान पर रहे। परिसर पहुंचने पर छात्रों का स्वागत किया गया। वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में इन समस्त छात्रों ने वेदव्यास परिसर सहित प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि तिरुपति में कांची कामकोटी पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री1008 विजेंद्र सरस्वती महाराज जी के साथ हिमाचल के इस दल ने मुलाकात की। करीब एक घंटा तक उनके साथ में हिमाचल की संस्कृति, हिमाचल की सभ्यता, हिमाचल की ज्योतिषविद्या, लिपि, देव स्थलों आचार-विचार इत्यादि पर विशेष चर्चा हुई। अंत में स्वामी जी ने प्रसाद देकर शुभकामनाओं सहित विदा किया। (अनंत ज्ञान)

**शानुक शर्मा ने संस्कृत गायन में व पायल ने योगासन में दूसरा पुरस्कार हासिल किया**



तिरुपति में छात्र प्रतिभा सम्मेलन के दौरान छात्रों को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में स्वतंत्रता सेनानी इंद्रपाल की जयंती आज

**नादौन।** हिमाचल के नादौन में स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी पंडित इंद्रपाल की जयंती 5 अप्रैल को भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा यशपाल साहित्य सदन नादौन में मनाई जाएगी। यह यह जानकारी साहित्कार डॉ. ओपी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा जिसमें कवि, साहित्यकार व अन्य लोगों भाग लेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा इंद्रपाल की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग ने लगाया फंदा

**नादौन।** नादौन की कमलाह पंचायत के गांव गलोल के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग सोमनाथ अपने बेटे व बहू के अमेरिका से आने की खुशी में रखे गए यज्ञ की तैयारियों में जुटे थे। पत्नी लोगों को 7 अप्रैल को होने वाले यज्ञ समारोह का निमंत्रण देने गई थी जब शाम को वापस लौटी तो पाया कि पति ने गले में फंदा लगाकर की जीवन लीला समाप्त जिससे खुशियों की जगह घर में मातम छा गया है। पुलिस ने खबर मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेजकर छानबीन शुरू कर दी है।

### कांग्रेस ने बड़सर में डोर-टू-डोर प्रचार किया तेज



कांग्रेस कार्यकर्ता बड़सर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनावों को लेकर प्रचार करते हुए।

**बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा उपचुनाव को जीत में तब्दील करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वीरवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक टीम ने बीडीसी डैनी जसवाल के नेतृत्व में बिझड़ी बाजार में डोर टू डोर प्रचार किया। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को लोगों के बीच लेकर जा रहे हैं तथा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील कर रहे हैं। इनका कहना है कांग्रेस बड़सर में एकजुट हैं। हाईकमान जिसे भी प्रत्याशी घोषित करती है समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उसकी जीत सुनिश्चित करने के लिए जी-जान लगा देंगे। इस प्रचार में सुरजीत सिंह, सुनील खरयाल, अजीत चौधरी, संजीव भाटिया आदि जुटे हुए थे।

### धनेटा के नाले में मिला बुजुर्ग का शव

**नादौन।** नादौन उपमंडल के धनेटा कस्बा के गांव शीतला बाग से 72 वर्षीय प्रकाश चंद का शव धनेटा कस्बा के साथ एक नाले में मिला। मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश चंद घर से लापता था। परिजनों ने उन्हें जगह-जगह ढूंढा, लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

### नासिक से हमीरपुर पहुंचा नंदी बैल



**हमीरपुर।** भगवान शिव की सवारी नंदी बैल के बारे में कौन नहीं जानता। नदी की तरह सजाया गया बैल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। वीरवार को नासिक से हमीरपुर पहुंचे बड़े सींगों वाले बैल को देखने के लिए और आशीर्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। यह नंदी बैल लोगों की आस्था का केंद्र बना रहा। बाजार में आते-जाते लोग नंदी के बड़े बड़े सींगों को देखकर हैरान हो रहे थे, वहीं लोग अपनी ओर से फल, बिस्कुट और अन्य खाद्य पदार्थ दे रहे थे और दू से फोटो खींच रहे थे। मालिक गोविंद ने बताया कि 12 दिन पहले नासिक से शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए चले हैं।

### सुजानपुर भाजपा 6 को मनाएगी स्थापना दिवस

**सुजानपुर।** भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल शनिवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुठेड़ा में आयोजित किया जा रहा है। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि प्रातः 10 बजे पार्टी स्थापना दिवस का कार्यक्रम शुरू होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद भाजपा नेत्री इंदु गोस्वामी शिरकत करेंगी। इस दौरान सुजानपुर में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के घोषित भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अध्यक्षता सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा करेंगे। इस दौरान सुजानपुर भाजपा मंडल के तमाम पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के सदस्य सहित स्थानीय लोग उपस्थित होंगे।

### आपदा जागरूकता पर करवाई मॉकड्रिल



मॉकड्रिल में भाग लेते छात्र व मॉक ड्रिल में भाग लेने के बाद सामूहिक चित्र में।

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में आपदा जागरूक दिवस के अवसर पर वीरवार को मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल में गृह रक्षा विभाग हमीरपुर की 10वीं बटालियन की टीम ने तकनीकी विश्वविद्यालय में अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को जागरूक किया। साथ ही आपदा के दौरान कैसे लोगों को प्रभावित क्षेत्र या भवन से बाहर सुरक्षित निकाला जा सके, इसके बारे में अभ्यास करके समझाया। इससे पूर्व टीम ने परिसर के प्रशासनिक व शैक्षणिक भवन में आपदा से निपटने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मॉकड्रिल में बटालियन के कंमाडेट विजय सकलानी, स्टेशन फायर ऑफिसर राजेंद्र चौधरी, कंपनी कमांडर अशोक रांगड़ा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीएवी भड़ोली में शैक्षणिक सत्र का आगाज

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में नए शैक्षणिक सत्र का शानदार आगाज हो गया है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ हवन किया तथा बच्चों का स्वागत अध्यापकों ने और प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने किया। पाठशाला के भीतर ही सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जहां बच्चों के मनमोहक फोटोज लिए गए। प्रिंसिपल के निर्देशानुसार वरिष्ठ भौतिक विज्ञान प्रवक्ता गुलशन दत्त ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, कर्तव्य निष्ठता, निरंतरता आदि नैतिक गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

### संजय शर्मा बिझड़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत

**बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा को मनोनीत किया है। संजय ने अध्यक्ष बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि संजय कुमार शर्मा धबड़ियाना पंचायत के स्थायी निवासी हैं।

# जाहू-कोटला 132 केवी का ट्रायल हुआ 'ओके'

## चुनावों के बाद एक लाख की आबादी को मिलेगी सहूलियत, अब बिजली की कम वोल्टेज और आंख मिचौनी से मिलेगी निजात

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

इलेक्ट्रिसिटी से जुड़ी हुई बिझड़ी क्षेत्र की बड़ी आबादी की समस्या का निपटारा अब शीघ्र ही होने वाला है। 132 केवी की जाहू कोटला टावर लाइन की टेस्टिंग उम्मीदों पर खरा उतर गई है। इसके निर्माण में कोई भी गड़बड़ी नहीं रही है। विभाग ने इसे 'ओके' करार दे दिया है, लेकिन इसे अभी चालू नहीं किया जाएगा, क्योंकि प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू है, इसलिए नई सुविधा के लिए इलाका वासियों को अगले तकरीबन तीन महीनों तक इंतजार करना पड़ेगा। वैसे विभाग चाहे तो इसे चालू कर सकता है, लेकिन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो जाए, इसलिए इस टावर लाइन को फिलहाल उद्घाटन के बाद ही शुरू किया जाएगा। विभाग ने इस टावर लाइन की टेस्टिंग पिछले दिनों मुकम्मल कर ली है।



कोटला में सबडिवीजन पर पहुंची यह टावर लाइन व सब डिवीजन में मशीनरी से जुड़ी लाइन।

कोटला के सब डिवीजन में इस लाइन से पहुंची बिजली की सप्लाई हो जाने से अब बड़सर इलाके से आने वाली हमीरपुर और ऊना की सप्लाई पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अब इस सब स्टेशन को टावर लाइन से जोड़ दिया है। इससे इलाका वासियों को तो बड़ी राहत महसूस होगी ही, बिजली बोर्ड की सिरदर्दी भी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। 22.173 किलोमीटर लंबी इस टावर लाइन पर तकरीबन 50 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसमें 99 टावर स्थापित किए गए हैं और यह तकरीबन तीन साल में बनकर तैयार हुई है। (अनंत ज्ञान)

### लोगों को कम वोल्टेज से मिलेगी निजात

**लोगों** को अब बिजली की कम वोल्टेज से तो निजात मिलेगी ही, इसके अलावा बिजली के आने-जाने और कट लगने का सिलसिला भी खत्म हो जाएगा, क्योंकि कोटला सब डिवीजन से इस पूरे इलाके को जो बिजली सप्लाई होती है, वह अब जाहू से सीधे जुड़ जाएगी। बीच में कोई डिस्टरबेंस भी नहीं होगी। बिजली बोर्ड को वोल्टेज और लॉसेस जो अभी तक हो रहे थे उससे भी फायदा होगा इससे हर रोज हजारों रुपए की बोर्ड को बचत भी होगी।

### क्या कहते हैं एक्स-ई-एन अमित

**मट्टन** सिद्ध स्थित बिजली बोर्ड के एक्सईएन अमित कुमार का कहना है कि टेस्टिंग ओके हो गई है। अब जैसे ही चुनाव आचार संहिता खत्म होगी, इसका उद्घाटन करवा कर इस टावर लाइन को कोटला सब डिवीजन से जोड़ दिया जाएगा, लेकिन इमरजेंसी में दूसरी लाइनों को भी वैकल्पिक व्यवस्था के लिए रखा जाएगा। इससे इलाका वासियों को काफी फायदा होगा।

## बैडमिंटन में सुजानपुर और खो-खो में हमीरपुर बना विजेता



कबड्डी के फाइनल मुकाबले में भिड़ती टीमें।

**नादौन।** नादौन के रैल में आईटीआई में जिला स्तरीय महिला तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया है। वीरवार को महिला बैडमिंटन का फाइनल मैच आईटीआई हमीरपुर व सुजानपुर की टीम में हुआ, जिसमें सुजानपुर की टीम विजेता बनी। शारीरिक शिक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि इसी तरह खो-खो का फाइनल मैच वीरवार को रैल व हमीरपुर की टीम में हुआ, जिसमें हमीरपुर की टीम ने विजेता बनी। इसी तरह कबड्डी का फाइनल मैच आईटीआई हमीरपुर व सुजानपुर की टीम में हुआ, जिसमें सुजानपुर की टीम ने जीत हासिल की। वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला समीरपुर की टीम ने जीता। समापन समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### गौरी महिला मंडल कक्कड़ गठित

**भरेड़ी।** भोरंज के तहत ग्राम पंचायत कक्कड़ में करीब 50 महिलाओं द्वारा गौरी महिला मंडल का गठन किया गया। महिला मंडल का चुनाव पंचायत प्रधान निर्मला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से अर्चना शर्मा प्रधान, अनिता शर्मा उपप्रधान, पूनम शर्मा सचिव, सदस्य कौशल, प्रवीण, प्रियंशा शर्मा, रीता देवी, मंगला देवी, अनुराधा, कमला देवी, पिंकी देवी इत्यादि महिलाएं चुनी गईं।

## दूधिया रोशनी से जगमगाया हमीरपुर का गांधी चौक



दूधिया रोशनी से जगमगाता हमीरपुर का गांधी चौक।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

नगर परिषद हमीरपुर ने गांधी चौक लोगों को नए लुक में समर्पित कर दिया है। गांधी चौक दूर से ही चमक रहा है। इसका मनमोहक दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। शाम ढलते ही चौक दूधिया रोशनी से जगमगा रहा है। नगर परिषद हमीरपुर ने 45 दिनों के अंदर ही गांधी चौक का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण करके लोगों को समर्पित कर दिया है। गांधी चौक पर करीब 20 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है।

**20 लाख रुपए से हुआ गांधी चौक का जीर्णोद्धार**

चौक की दीवारों और छत्तों को नए डिजाइन में पेश किया गया है। चौक के अंदर बैठने के लिए नए बैंच लगाए गए हैं और ऊपर व नीचे जगह-जगह गमले लगाए गए हैं, ताकि लोगों को फूलों की सुंदर खुशबू भी मिल सके। यही नहीं चौक की सीढ़ियां भी सड़क से नई लगाई गई हैं, जो कि देखने में भी काफी सुंदर लग रही है। इसके अलावा छत्त पर छोटी-छोटी रंग-बिरंगी व दूधिया रोशनी से चौक शाम ढलते ही जगमगा रहा है। गांधी चौक के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए समय-समय पर मांग उठती आई है। नगर परिषद हमीरपुर अध्यक्ष मनोज कुमार मिन्हास भी नगर परिषद की मासिक बैठक में गांधी चौक के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का मुद्दा उठाते आए हैं, हालांकि नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने गांधी चौक को सुंदर बनाने का जिम्मा उठाया था, जिसे पूरा कर लोगों के सुपुर्द कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### टौणीदेवी में 9.36 ग्राम चिट्टे समेत दो व्यक्ति गिरफ्तार

**टौणी देवी।** हमीरपुर जिले के तहत टौणी देवी की लगदेवी पंचायत में पुलिस ने दो व्यक्तियों को 9.36 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वीरवार दोपहर टिहरा की तरफ से माइनिंग व यातायात चेकिंग पर पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान उहल की तरफ से आ रही आल्टो कार की पुलिस ने रोककर तलाशी ली तो गाड़ी के गियर बॉक्स में 9.36 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान कमल देव गांव लगदेवी व अश्वनी कुमार निवासी दोसड़का के रूप में हुई है। टौणीदेवी के चौकी प्रभारी यशवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### अनुराग हिमाचल ही नहीं देश के सांसदों के लिए मिसाल हैं : उषा



**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर भाजपा की उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कहा है कि बड़ा हास्यास्पद होता है जब कोई हारा-नकारा नेता चार बार के सांसद और हिमाचल की शान अनुराग ठाकुर पर उनके कामों को लेकर टिप्पणी करता है। उन्होंने कहा कि छुटभैया नेता अनुराग के कामों का हिसाब मांग रहे हैं, जबकि भाजपा का कार्यकर्ता ही उनके द्वारा करवाए कामों को बताने के लिए सक्षम है। उषा बिरला ने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए आधारहीन बयानबाजी कर मीडिया में बने रहने के लिए बिना तथ्यों के ही राजनीति चमकाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर ने हमीरपुर ही नहीं बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्य एक समान करवाए हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर केवल हिमाचल ही नहीं, बल्कि भारत के ऐसे युवा नेता हैं, जिनकी डिमांड पूरे प्रदेशों में रहती है। बिरला ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता उनके खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करना बंद नहीं करेंगे, तो भाजपा भी चुप नहीं बैठेगी और हर मंच से करारा देगी।

### दियोटसिद्ध में वीरवार को चढ़ा 23,68,084 रुपए का चढ़ावा

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास के मेलों के चलते वीरवार को हुई चढ़ावे की गणना पर बाबा के भक्तों ने 23 लाख 68 हजार 084 रुपए नकद, 18 ग्राम 450 मिलीग्राम सोना, 118 ग्राम 610 मिलीग्राम चांदी तथा विदेशी मुद्रा के रूप में इंग्लैंड के 410 पौंड, यूएसए के 158, कनाडा के 290 डॉलर, यूएई के 60 दराम, 125 यूरो तथा 10 सिंगापुर डॉलर बाबा की सेवा में अर्पित किए। इस दौरान हजारों की संख्या में बाबा के भक्तों ने बाबा जी की पवित्र गुफा में शीश नवाकर बाबा जी का आशीर्वाद लिया।

## प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के काटे छह चालान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर चैगान में चल रहे राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव मेले में वीरवार को एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा, ईओ संजय कुमार ने पुलिस दल-बल के साथ मेले में लगी दुकानों का औचक निरीक्षण कर खान-पान तथा सफाई व्यवस्था को जांचा। निरीक्षण के दौरान प्लास्टिक का उपयोग करने वालों 6 दुकानदारों के चालान काटकर 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला।

गौरतलब है कि मेले में सफाई व्यवस्था बनी रहे तथा मेले में आए हुए ग्राहकों को खान-पान में दुकानदार कोई लापरवाही न बरतें व प्लास्टिक, थर्मोकोल के ग्लास प्लेट लिफाफे का उपयोग न हो इसके लिए दो दिन पहले ही नगर परिषद सुजानपुर के ईओ संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ दुकानदारों को हिदायत की सूखा व गीला कूड़ा-कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें।



दुकानों में निरीक्षण करते हुए एसडीएम व ईओ।

## 'तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए आवेदन शुरू'

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने मुख्य परिसर और संबंधित शिक्षण संस्थानों में मेरिट के आधार पर आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। तकनीकी विश्वविद्यालय ने एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, बीएचएमसीटी, बीएससी एचएमसीटी और एमए, एमएससी, पीजी डिप्लोमा इन योग में प्रवेश लेने वाले पात्र अभ्यर्थियों से 30 जून तक आवेदन मांगे हैं। उपरोक्त विषयों में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा।

प्रो. जयदेव ने कहा कि बीएचएमसीटी, बीएससी एचएमसीटी की कुल 210 सीटें, एमएससी भौतिक विज्ञान की 30, पर्यावरण विज्ञान की 30 और योग की भी 30 सीटों के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। सीटों का आवंटन तय आरक्षण रोस्टर के अनुसार होगा। अभ्यर्थी उपरोक्त विषयों में प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

## भोरंज विधानसभा में सबसे अधिक हो मतदान प्रतिशत : संजय

**जाहू।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा के चुनावों में भोरंज विधानसभा क्षेत्र में मत प्रतिशता सबसे अधिक हो इसके लिए हर बूथ पर 'स्वीप' के तहत कार्य किया जा रहा है। हर व्यक्ति पहली जून को अपने वोट का प्रयोग करें, इसके लिए पंचायत प्रधानों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, बीएलओ को पैनी नजर रखनी होगी। यह बात भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने बधानी में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में स्वीप टीम लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। विशेष कर पिछले लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में कम वोट डालने में प्रदेश के 22 विधानसभा क्षेत्रों में से भोरंज विधानसभा क्षेत्र का भी नाम है, जिसमें दस बूथों को शामिल किया गया है, इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक की तरह हमें वोट का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि घरों से बाहर रहने वाले लोगों को वोट वाले दिन आने के लिए सूचित करें तथा वोट न देने वाले लोगों पर नजर रखें। इस दौरान वोट के महत्व के नारे लगाकर महिलाओं ने लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्य वोट देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वीप के नोडल अधिकारी अनिल डोगरा, प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर, प्रो. आशा आदि उपस्थित रहे।

## सुक्खू सरकार को अस्थिर करने वालों के मंसूबे नहीं होंगे पूरे

**पांच साल चलेगी सुक्खू सरकार : महासंघ**

**अनंत ज्ञान, नादौन**



दरसोक सिंह ठाकुर

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ हमीरपुर के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश के उपाध्यक्ष दरसोक सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की सुक्खू सरकार पूरे पांच साल चलेगी। इस सरकार को अस्थिर करने वालों के मंसूबे कामयाब नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को एक दूरदर्शी व हर वर्ग के हितैषी मुख्यमंत्री मिले हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश के कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करके कर्मचारियों को बुढ़ापे का सहारा दिया है। जिसे कर्मचारी कभी भूलने वाले नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ही एक ऐसी सरकार जनता को मिली है जिसने अनाथ बच्चों को सहारा देने के लिए न केवल सराहनीय कार्य किया अपितु उनका उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए उनके साथ एक परिवार के मुखिया की तरह खड़े रहे। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार को अस्थिर करने वालों को सरकार आने वाले चुनावों में जवाब देगी।

### रैली जजरी गांव में खुली आइसक्रीम की फैक्टरी



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के अंतर्गत पड़ने वाली ढटवाल तहसील के रैली जजरी गांव में आइसक्रीम की फैक्टरी का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपमहासचिव प्रदीप कौंडल ने किया। इस फैक्टरी के लगने से लोगों को रोजगार मिलेगा।

## सुजानपुर अस्पताल में अब डॉक्टर्स व स्टाफ को मिलेगी क्वार्टर की सुविधा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सिविल अस्पताल सुजानपुर में आवासीय भवनों का कार्य निर्माण इन दिनों जोरो से चला हुआ है। यह अस्पताल पांच विधानसभाओं का केंद्र बिंदु है जहां दिन में 200 के करीब रोजाना ओपीडी होती है।

अस्पताल में बढ़ते स्टाफ को लेकर के आवासी भवन की कमी खल रही थी जिसको लेकर के करीब आठ वर्ष पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने आवासीय भवन का शिलान्यास किया था। यहां अलग-अलग टाइप-2 व टाइप-4 भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें एक पर करीब 1.25 करोड़ तथा दूसरे पर 1.50 करोड़ की धनराशि खर्च होने का अनुमान है।



सिविल अस्पताल सुजानपुर में बन रहे आवासीय भवन।

विभाग के अनुसार कि जून माह तक इन आवासीय भवनों का कार्य पूरा हो जाएगा। इन सरकारी आवास योजना कॉलोनी का निर्माण बिलकुल हॉस्पिटल के नजदीक पुराने ही आवासों को गिराकर किया जा रहा है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अभिषेक ने बताया कि जून माह तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

**एजुकेशन** बच्चों की संख्या बढ़ाना अध्यापकों के लिए चुनौती, आज से स्कूलों में शुरू हो रहे दाखिले

# जिले के 64 प्राइमरी स्कूलों में 10 से कम हैं बच्चे

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर इंग्लिश मीडियम शुरू किया जा रहा है ताकि बच्चे इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई कर सकेंगे। इसी के साथ पांच अप्रैल यानी आज से सरकारी स्कूलों में दाखिले शुरू हो रहे हैं जो 15 अप्रैल तक चलेंगे, हालांकि अध्यापक घर-घर जाकर सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगों बता रहे हैं, जिससे बच्चे दाखिला लेकर इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

बता दें कि जिला के 64 प्राथमिक पाठशालाएं ऐसी हैं जिनमें 10 से कम बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, वहीं परीक्षा परिणाम निकलने के बाद कई बच्चे अगली कक्षाओं में चले गए हैं। ऐसे में इन स्कूलों में बच्चों की संख्या और कम हो गई है। प्रदेश सरकार ने पहले भी जिन सरकारी स्कूलों में 10 से कम बच्चे पढ़ाई कर रहे उन स्कूलों को बंद कर दिया था। यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा कि जिन स्कूलों में 10 से कम बच्चे हैं उन स्कूलों को बंद कर दिया जाएगा या फिर अन्य स्कूलों में मर्ज कर दिया जाएगा।



अध्यापक बच्चों के अभिभावकों को स्कूल में मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए।

जिला के 64 प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाना अध्यापकों के लिए चुनौती से कम नहीं है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन स्कूलों में अध्यापक नहीं उनमें क्लस्टर सिस्टम लागू होने से बच्चों की पढ़ाई में कोई असर नहीं पड़ेगा। इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि आज से दाखिले शुरू हो रहे हैं और बच्चों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं इससे बच्चों की संख्या में अवश्य बढ़ोतरी होगी। (अनंत ज्ञान)

# मॉकड्रिल : भूकंप से पधर मिनी सचिवालय में हड़कंप

अनंत ज्ञान, पधर

पधर प्रशासन के द्वारा मिनी सचिवालय भवन पधर में मॉकड्रिल का विभिन्न विभागों के कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई, जिन लोगों को मॉकड्रिल के बारे में जानकारी नहीं थी वह एकदम हड़बड़ा गए सुबह 11.10 बजे सायरन के माध्यम से काल्पनिक भूकंप की सूचना दी गई। स्थानीय प्रशासन की ओर से प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए राहत दल को सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्यों में जुट गए। मिनी सचिवालय के भवन में 10 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली उन्हें जवानों द्वारा बाहर निकाला गया।


बचाव कार्यों में जुटे राहत कर्मी।

## गोहर में आपदा से निपटने के लिए की मॉकड्रिल

**गोहर।** गोहर के सभी सरकारी संस्थाओं उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय, पुलिस थाना कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय, नागरिक चिकित्सालय व सभी शैक्षणिक संस्थान में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल आपदा की स्थिति में निपटने के लिए आयोजित की गई है।


घायलों का उपचार करते हुए डॉक्टर।

## लोगों को बचाव के दिए टिप्स

**करसोग।** करसोग में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम करसोग के सभागार में इस संबंध में कार्यशाला भी आयोजित की गई, इसमें फायर विभाग की ओर से करसोग स्थित फायर मैन कांशी राम ने रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित होकर भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय में उठाए जाने वाले बचाव संबंधी कदमों की जानकारी प्रदान की। भूकंप आने की स्थिति में घायल लोगों को आपदा स्थल से सुरक्षित निकाल कर अस्पताल पहुंचाना, बहुमंजिला इमारतों से फंसे लोगों को बाहर निकालना और भूकंप आने की स्थिति में बचाव के संबंध में उठाए जाने वाले विभिन्न कदमों और अन्य राहत कार्यों से अवगत करवाया।


घायल को अस्पताल ले जाते कर्मी।

## बच्चों ने सीखे आपदा के गुर


बचाव कार्यों को अंजाम देते बच्चे व कर्मी।

**सरकाघाट ।** आपदा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में भूकंप और आग पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।
मॉकड्रिल में अग्निशमन विभाग सरकाघाट से लीडिंग फायर मैन हेमराज ने भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय में उठाएं जाने वाले बचाव संबंधी कदमों की जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम स्वाति डोगरा ने कहा कि यह अभ्यास महत्वपूर्ण है, क्योंकि भूकंप के कारण जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।

## सायरन बजते ही सुरक्षित जगह की ओर दौड़े अधिकारी व कर्मचारी

**जोगिंदरनगर।** भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। वहीं आपातकालीन सायरन बजते ही मिनी सचिवालय परिसर स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भूकंप के चलते सुरक्षित जगह की ओर दौड़े।

उन्होंने ने अपने-अपने कमरों के भीतर सुरक्षित स्थानों जिसमें टेबल इत्यादि के नीचे छिप कर स्वयं को सुरक्षित बनाया। इस मौके पर तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा, नायब तहसीलदार प्रिंस धीमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हरित ऊर्जा में देश का भविष्य : डॉ. लखवीर



**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में श्री अरबिंदो स्टडी सर्किल का आयोजन किया गया, जिसमें भविष्य में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के विषय पर चर्चा की गई। डॉक्टर लखवीर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वैकल्पिक ऊर्जा पर बात करते हुए डॉक्टर लखवीर सिंह ने अपने अमेरिका में पोस्ट डॉक्टरेट के दौरान किए गए ग्रीन हाइड्रोजन एवं अन्य प्रोजेक्ट्स का अनुभव छात्रों के बीच सांझा किया। अगर भविष्य में भारत हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तरक्की करता है तो जल्द ही भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर शक्ति बन कर उबरेगा।

### नरेश बने बाक्सिंग संघ के संयुक्त सचिव



**सुंदरनगर।** बाक्सिंग कोच व सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार को मंडी जिला बाक्सिंग संघ का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। नरेश कुमार सुंदरनगर में सेंटर आफ एक्सीलेंस चलाते हैं। यहां पर दर्जनों खिलाड़ी उनके सानिध्य में बाक्सिंग खेल के गुर सीख रहे हैं। उन्हीं के सानिध्य में बाक्सिंग खेल की बारीकियां सीख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आशीष चौधरी ओलंपिक तक में देश की प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त आशीष कई अन्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज कर कई पदक भी जीत चुके हैं।

### पुलिस थाना सुंदरनगर में रास्ता रोककर मारपीट

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत रास्ता रोककर मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता सुमना देवी प ी इंद्र पाल गांव धार डाकघर नालग तहसील सुंदरनगर की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अनुसार बीते रोज जब वह अपने घर पर मौजूद थी तो उसके देवर बृजलाल ने शराब के नशे में अपनी प ी प्रिती चंदेल को गालीगलौज और मारपीट करने लगा।

इस पर जब उसने देवरानी को उसके पति द्वारा की जा रही मारपीट से छुड़ाया तो आरोपी बृजलाल ने एक बड़ा पत्थर उठाया और उसी पत्थर से आंगन में रखी 500 लीटर पानी की प्लास्टिक की टैंकी फाड दी। शिकायतकर्ता अनुसार आरोपी उसे और उसके परिवार को दराट से मारने की धमकियां भी देकर गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पुलिस थाना सुंदरनगर में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

### फुटपाथ पर सामान बेचने वालों पर निगम की कार्रवाई

**मंडी ।** नगर निगम मंडी की टीम ने रास्तों के ऊपर सामान बेचने वालों का सामान जब्त कर उसे कार्यालय में जमा कर लिया है। नगर निगम टीम का नेतृत्व कर रहे सतीश ने बताया कि प्रतिदिन लोगों की शिकायत आ रही थी कि ये रास्तों में अपना सामान भेजते हैं। ऐसे में राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बार-बार कहने के बावजूद भी उन्होंने अपनी कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं लाया, जिस कारण मजबूरन नगर निगम मंडी की टीम को उनके सामान को जब्त कर इन्हें कार्यालय में हाजिर होने के आदेश दिए हैं।

शुक्रवार सुबह 10 बजे इन्हें कार्यालय बुलाकर के उनके बयान दर्ज किए जाएंगे तत्पश्चात आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं सामान बेचने वालों में राहुल सोलंकी, मोतीराम आदि ने बताया कि हम रास्तों की साइड में खड़े होकर के सामान बेजते हैं। वहीं टीम का नेतृत्व कर रहे हैं नगर निगम के सतीश कुमार ने बताया कि कार्रवाई उचित की गई है। इसमें किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं किया गया है। भूतनाथ गली हो या चंद्रलोक गली या महाजन बाजार, सब जगह कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मंडी के महाजन बाजार और भूतनाथ गली में नगर निगम प्रबंधन से व्यवस्था सुधारने की मांग

# वाहनों की कतार पर लोगों का गुबार

अनिल शर्मा, मंडी

नगर निगम मंडी टीम द्वारा रास्तों पर अतिक्रमण करने वाले फल विक्रेताओं के चालान काटे अभी दो दिन भी नहीं हुए थे कि महाजन बाजार में राहगीरों ने परेशानी मंडी प्रशासन से सुधार की गुहार लगा दी। बात उस समय गंभीर हो गई जब दोपहियां वाहन चालकों ने अपने वाहन गली में खड़े कर दिए। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

यही हाल भूतनाथ गली का भी है, जहां चालान नहीं काटे जाते हैं । पूरे मंडी शहर की गलियों के हाल ऐसे ही हैं, जहां डेढ़ फुट के फुटपाथ पर भी अतिक्रमण है।

दुकानों के बाहर लटकाया सामान राहगीरों के सिर से टकराता रहता है, लेकिन इनके चालान मात्र औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए दो-तीन महीने में एक बार कर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर ली जाती है। कुछ समय पहले शहरवासियों ने रास्तों से अतिक्रमण न हटाने की सूरत में पूर्व अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग तक पूर्व सरकार से कर दी थी। वर्तमान में ऐसे ही हालात बनते दिख रहे हैं। मामला सुधार नहीं तो शहरवासियों का गुब्बार फूटने में देर नहीं लगेगी।

**भूतनाथ गली का भी यही हाल, जहां डेढ़ फुट के फुटपाथ पर है अतिक्रमण**


महाजन बाजार में खड़े किए वाहन राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हैं।

### लोगों ने मांगा सुधार

**स्थानीय** लोगों में साहिल, गोपाल, विजय, राजू, केसरी लाल, अश्विनी, लक्ष्मी आदि ने कहा कि महाजन बाजार को बेतरतीब खड़े किए वाहनों के जंजाल से बचना चाहिए। राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए नगर निगम प्रबंधन अतिक्रमण के साथ बेतरतीब खड़े किए वाहनों के चालान काटें, ताकि व्यवस्था में सुधार आ सके।

लगातार शिकायतें मिल रही हैं, हम दुकानदारों से अपील करते हैं कि रास्तों पर सामान न लटकाएं और गलियों में वाहन पार्क न करें। सबको रास्ता दें, सबके अधिकार सुरक्षित रहने चाहिए, इसलिए एक दूसरे का सहयोग करें। **-एचएस राणा, नगर निगम कमिश्नर मंडी।**

## सिंचाई के लिए न करें पेयजल का प्रयोग

**मंडी।** सहायक अभियंता जल शक्ति उपमंडल-एक रोहित गुप्ता ने पेयजल की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने के लिए पेयजल का प्रयोग सिंचाई व भवन निर्माण के कार्य में न करने की हिदायत दी है। जो भी उपभोक्ता पेयजल का उपयोग सिंचाई व भवन निर्माण के लिए प्रयोग करते हुए पाया जाता है या उनकी पेयजल टंकी ओवरफ्लो होती है, तो ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस देकर उनके पेयजल कनेक्शन काट दिए जाएंगे। उन्होंने सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों, होटलों, ढाबों व टी स्टॉल मालिकों से भी गर्मी के मौसम में पेयजल का दुरुपयोग न करने निर्देश दिए।

## सांस्कृतिक एक्सचेंज में बच्चों ने लिया भाग

**सोलन ।** उड़ीसा से 44 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिसमें उड़ीसा के उच्च शिक्षण संस्थानों के 40 छात्र और चार संकाय शामिल रहे ने हिमाचल का एक सप्ताह की सांस्कृतिक एक्सचेंज में भाग लिया। एक्सपोजर टूर के अंतिम दिन, डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत किया।

# धर्मपुर का नलवाड़ व देवता मेला झंडा फहराकर आरंभ


मंडलायुक्त को मंच पर सम्मानित करते हुए गणमान्य।

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

चार अप्रैल से नौ अप्रैल तक मनाए जाने वाले छः दिवसीय नलवाड़ एवं देवता मेला धर्मपुर का वीरवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। शीतला माता मंदिर में उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद अराध्य देव श्री बाबा कमलाहिया व अराध्य देवी शीतला माता, माता सकरैणी की अगुआई में 22 स्थानीय देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकाली गई।

मंडलायुक्त मंडी मंडल राखिल काहलों ने शीतला माता मंदिर में पगड़ी समारोह में भाग लिया और शोभायात्रा में शामिल हुई। शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से शुरू हुई तथा मेला मैदान धर्मपुर पहुंची।

मंडलायुक्त राखिल काहलों ने मेला मैदान में दीप प्रज्वलित करने के पश्चात मेले का ध्वज फहराकर विधिवत शुभारंभ किया। मेले में महिलाओं की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा और चार से आठ अप्रैल तक पांच सांस्कृतिक संध्याओं का भी सायं पांच बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर दौलतराम ठाकुर तहसीलदार धर्मपुर, तहसीलदार संधोल ओशीन शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रमोद कश्यप, नायब तहसीलदार धर्मपुर शशी पाल, संजीव कुमार, बीडीओ विवेक गुलेरिया, निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग देशराज ठाकुर, प्रधान ग्राम पंचायत धर्मपुर ज्योति ठाकुर, उप-प्रधान ग्राम पंचायत धर्मपुर, मेला समिति के सदस्य, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

# रोहित ने जीता लूनापाणी-अरठी का दंगल

अनंत ज्ञान, नेरचौक


छिंज कमेटी लूनापाणी-अरठी सदस्य रोहित को सम्मानित करते हुए।

जय लखदाता छिंज कमेटी लूनापाणी-अरठी के दंगल का फाइनल मुकाबला दिल्ली के रोहित ने जीता। इस प्रतियोगिता का आयोजन छिंज कमेटी प्रधान महेंद्र सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में माता बाला सुंदरी मंदिर के पास किया गया।

इस मौके पर पुरुष वर्ग में छोटी माली और बड़ी माली की अलग-अलग दो प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिसमें बड़ी माली के विजेता दिल्ली के रोहित को 16,100 रुपए धनराशि व गुर्ज तथा उप विजेता लोहारा के अजय को 14,100 रुपए की धनराशि भेंट की गई।

वहीं छोटी माली के विजेता हरियाणा के मलिक को 10100 रुपए नकद व गुर्ज और उपविजेता को 9100 रुपए की धनराशि बतौर पुरस्कार भेंट की गई। इससे पूर्व सुबह 11 बजे लूनापानी से मुख्य अतिथि की अगुवाई में दंगल स्थल नजदीक माता बाला सुंदरी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अध्यापक सूरत सिंह गुलेरिया ने रिबन काटकर दंगल का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में छिंज कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सतीश गुलेरिया, कोषाध्यक्ष मेहर सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## आठ दिन से लापता महिला का शव बीबीएमबी झील से बरामद

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर की बीबीएमबी झील से 8 दिनों से लापता एक महिला का शव बरामद किया गया है। मृतिका की शिनाख्त कविता देवी पत्नी पवन कुमार निवासी गांव व डाकघर जैदेवी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है।

बता दें कि मामले में महिला बीते 26 मार्च को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। इस पर परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि परिजनों ने महिला के मौत के कारणों को लेकर किसी पर भी कोई शक जाहिर नहीं किया है।

स्थानीय पुलिस ने मामले में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है। महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है।

# लाइसेंसी हथियार संधोल चौकी में जमा करवाएं लोग

अनंत ज्ञान, संधोल

प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां तेज हैं। सर्वज्ञात है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शासन सीधे प्रशासन के हाथों में चला जाता है जिसमें निर्देशित नियमों की पालना करना आवश्यक हो जाता है।

इसी कड़ी में संधोल पुलिस ने भी जनमानस से आग्रह किया है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते सभी हथियार धारकों को अपने लाइसेंसी हथियार संधोल पुलिस चौकी में जमा करवाने होंगे। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जय राम शर्मा ने बताया कि प्राप्त निर्देश के अनुसार पहले ही पंचायत प्रधानों और अन्य तमाम माध्यमों से तमाम हथियार धारकों को अपने हथियार स्थानीय संधोल चौकी में जमा करवाने का आग्रह किया गया है, लेकिन कुछ लोग इसे नजरंदाज कर रहे हैं और अपने हथियार चौकी में जमा नहीं करवा रहे हैं।

जय राम शर्मा ने चेतावनी देते हुए लोगों को आगाह किया है कि किसी के पास भी लाइसेंसी हथियार पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# प्रो. वाइस चासंलर अनुपमा ने किया टेबल टेनिस हॉल का उद्घाटन


टेबल टेनिस हॉल का उद्घाटन करने के पश्चात सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

प्रो. वाइस चांसलर एसपीयू मंडी प्रो. अनुपमा सिंह ने टेबल टेनिस हॉल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के परीक्षा नियंत्रक के साथ टेबल टेनिस खेला।

प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने छात्रों और कर्मचारियों को इंडोर खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों और कर्मचारियों को उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए कैरम बोर्ड, शतरंज, जिम और बैडमिंटन की सुविधाएं प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय में इनडोर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप और एक दिवसीय चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित करेगा।

## सरकार की उपेक्षा का शिकार एसपीयू मंडी

**प्रो.** अनुपमा सिंह प्रोवीसी एसपीयू मंडी ने कहा कि एसपीयू मंडी प्रदेश सरकार की उपेक्षा का शिकार है। वर्तमान में स्टाफ और संसाधनों की भारी कमी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है।

एसपीयू को सरकार से जे ओ आईटी के परिणाम घोषित करने की अनुमति नहीं मिली और यूनिवर्सिटी 100 से अधिक रिक्त पद मात्र 26 अध्यापक और 59 अधिकारी और कर्मचारियों के सहारे चल रही है। परीक्षा शाखा के कर्मचारी भारी दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार विशालकाय भवन सफेद हाथी बनकर रह गए है। नए कोर्सेज को शुरू करने की भी अनुमति नहीं दी जा रही है। राजनीतिक द्वेष की भावना के कारण कार्यकारी परिषद एवं वित्त समिति की बैठक भी नहीं हो पाई। उन्होंने कहा की एसपीयू मंडी के साथ प्रदेश सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है, क्योंकि जहां एक ओर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की कार्यकारी परिषद और वित्त समिति की बैठक धड़ाधड़ हो रही है और नियुक्तियों की स्वीकृति दी जा रही है वहीं दूसरी ओर एसपीयू मंडी में जो पद रिक्त चल रहे हैं।

एसपीयू का काम चलाने के लिए कार्यकारी परिषद और वित्त समिति की जो बैठकर नियमित रूप से होनी चाहिए वह नहीं हो रही है जिसके चलते एसपीयू मंडी के बहुत से काम रुके पड़े है। उन्होंने बताया की मात्र 10 करोड़ के सालाना बजट से चलना पड़ रहा है एसपीयू काम काज जबकि एचपीयू शिमला का सालाना बजट लगभग 150 करोड़ से भी ज्यादा हैं।

# कबड्डी ओपन पुरुष वर्ग में मंडी विजेता

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष ओपन वर्ग में मंडी टीम विजेता जबकि बाबा बनाड की टीम उप विजेता बनीं। इसी तरह कबड्डी महिला ओपन वर्ग में राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की टीम विजेता तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग की टीम उप विजेता रहीं।

कबड्डी स्पर्धा के अंडर-14 लड़कों के वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग की टीम विजयी रही, जबकि राजकीय उच्च पाठशाला पंचजन की टीम उपविजेता बनीं।

इसी तरह आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा के अंडर-14 लड़कों में एकल मुकाबले में अटल मैहता विजेता तथा आरव उपविजेता रहे। इसी वर्ग के डबल मुकाबले में अटल और आरब की जोड़ी विजेता तथा कार्तिक व आर्यन की जोड़ी उपविजेता रहीं।

नायब तहसीलदार जोगिंद्रनगर प्रिंस धीमान ने विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता व उपविजेता टीमों व खिलाड़ियों को इनामी राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया।


विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

**अव्यवस्था** नीलकंठ मंदिर के पास सफाई करवाने की मांग, मलबे के दर्जन बोरे पड़े लावारिस

# सफाई व्यवस्था की मुहिम को लगा पलीता

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

स्वच्छ मंडी स्वस्थ मंडी के नारे को व्यावहारिक तौर पर कामयाब करने के लिए भले ही नगर निगम के प्रतिनिधी, अधिकारी व कर्मचारी दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं लेकिन कुछ स्थानीय वाशिंदों के हमारे अमर्यादित व्यवहार के चलते इसमें दाग नजर आ रहे हैं। आलम यह है कि सख्ती व चालान करने के बावजूद भी कुछ लोग इस मुहिम को पलीता लगा रहे हैं।

बता दें कि थनेहड़ा बाजार में नीलकंठ मंदिर की पौड़ियों के पास कई हफ्तों से मलबे से भरे हुए 10-12 बोरे पड़े हुए हैं। अब धीरे-धीरे प्लास्टिक के बोरे फटना शुरू हो गए हैं तो अंदर की मिट्टी व गंदगी बाहर आना शुरू हो गई है। यही नहीं साथ में जो वाटर कूलर स्थापित किया गया है उसके आसपास भी गंदगी का आलम रहता है। वहीं सफाई कर्मियों द्वारा यहां पर वाटर कूलर के साथ गंदगी उठाने वाली रेहड़ी व डस्टबिन आदि रखा होता है। यह स्थान थनेहड़ा मोहल्ला के प्रवेश द्वार पर साफ-सुथरी मंडी पर एक कलंक की मानिद नजर आ रहा है।

यहां आस-पास के वाशिंदों ने मांग की है कि मिट्टी के भरे इन बोरियों को यहां से उठाया जाए व वाटर कूलर के आसपास गंदी नाली को भी साफ-सुथरा रखा जाए। इस बारे में उप महापौर माधुरी कपूर ने बताया कि इस पर तुरंत कारवाई कर इस स्थान को साफ सुथरा बनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


थनेहड़ा में नीलकंठ महादेव मंदिर की पौड़ियों के पास स्वच्छता को दाग लगाता दृश्य।

# प्रमाण पत्रों के लिए काटने पड़ रहे चक्कर

विनोद जसवाल, नेरचौक

तहसील कार्यालय बल्ह के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए लोक मित्र व तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लोगों को अपने प्रमाण पत्र अप्लाई किए हुए 15 से 20 दिन हो गए, लेकिन अभी तक प्रमाण पत्र नहीं बन पाए हैं जबकि आजकल विद्यालयों के प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके है। लोगों द्वारा प्रमाण पत्र बनाए जाने की प्रक्रिया में भी इन दिनों बहुत बढ़ोतरी हो गई है।

स्थानीय निवासी पूनम, अरविंद, रमेश, सुनीता ने बताया कि उन्होंने पिछले माह की 15 तारीख के आसपास अपने प्रमाण पत्रों को लोकमित्र केंद्र के माध्यम से अप्लाई किया हुआ है, मगर प्रमाण पत्र आज तक तहसील कार्यालय में ही लटके हुए हैं जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पूनम, कविता, रोहित, सुनीता, सोमा, रेखा, धर्मा, तारा, अंकिता भव्या ने बताया कि जब लोक मित्र केंद्र पर अपने प्रमाण-पत्र के लिए जाते हैं तो लोक मित्र संचालक यह कह कर भेज देते हैं कि अभी उनका प्रमाण पत्र अप्रूव नहीं हुआ है और उसके उपरांत अगर हम तहसील कार्यालय में जाते हैं तो वहां पर तैनात कर्मचारी ठीक से बात तक नहीं करते और इस तरह से हमारे जो प्रमाण पत्र हैं वह स्वीकृत नहीं हो रहे हैं। प्रमाण पत्र या तो तहसील में रुक जाते हैं या फिर पटवार सर्कल में रुक जाते हैं ।

**लोक मित्र केंद्र व तहसील में 20 दिन से नहीं बन रहे प्रमाण पत्र**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रमाण पत्रों के लिए इसी तरह पटवार सर्किलों, तहसील व लोक मित्र केंद्र के अगर चक्कर काटने हैं तो उससे बेहतर है कि जो प्रमाण -पत्र है उनको ऑनलाइन के बजाय ऑफलाइन ही बनाया जाए, ताकि उसमें हमारा समय भी बच सके और पैसा भी बच सके क्योंकि जो प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनाए जा रहे हैं उसमें 20-20 दिन लग रहे हैं तो क्या एक प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन 20 दिन का समय लगता है जो इसका प्रोसेस है।

लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि नियमानुसार प्रमाण पत्रों की अप्रूव करने में 3 दिन से अधिक का समय नहीं लगना चाहिए।

विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्रों को अप्रूव करने की ऑनलाइन साइट में खराबी के कारण दिक्कत आने से कार्य का बोझ बढ़ गया। क्रमबद्ध तरीके से प्रमाण पत्र अप्रूव किए जा रहे हैं। आने वाले समय में प्रमाण पत्रों के आवेदनों को समय पर अप्रूवल दी जाएगी। **-विपिन शर्मा, तहसीलदार बल्ह।**

## संपादकीय

# अवैध खनन बड़ी समस्या

हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन बड़ी समस्या बन गई है। माफिया रातोंरात अमीर बनने के चक्कर में खड्डों और नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। इसमें कहीं न कहीं पुलिस प्रशासन और माइनिंग विभाग की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है, वरना इतने बड़े पैमाने पर खनन होता रहता है और किसी को भनक तक नहीं लगे, ऐसा हो नहीं सकता। हालांकि प्रदेश की सुक्खू सरकार इस मामले को लेकर काफी सजग है और उसने राज्य में दिनोंदिन बढ़ रहे अवैध खनन पर अंकुश लगाने और राजस्व बढ़ाने के लिए खनिज नीति-2024 भी बना रखी है। यह नीति पारिस्थितिकी को संरक्षित करते हुए खनिज संपदा के निष्कर्षण के लिए वैज्ञानिक और यांत्रिक तकनीकों के उपयोग की पैरवी करती है। इस नीति के तहत स्थायी खनन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाना था और राज्य के लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाने थे। इतना लंबा-चौड़ा प्लान बनने के बाद भी अवैध खनन नहीं रुक रहा, आखिर इसके पीछे किसकी मिलीभगत है? सबसे ज्यादा अवैध खनन कांगड़ा जिले की नूरपुर बेल्ट में हो रहा है। हाल ही में दर्जनों जेसीबी, टिप्पर और ट्रैक्टर अवैध खनन करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए। इस साल अभी तक अवैध खनन अधिनियम के तहत 217 चालान किए जा चुके हैं। आरोपियों से करीब 26 लाख रुपए जुर्माना भी वसूला है बावजूद इसके माफिया है कि पुलिस से डरता ही नहीं। उसे जुर्माने की परवाह भी नहीं होती। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर माफिया पर शासन-प्रशासन नकेल डाले तो कैसे? यह वाकई गंभीर मामला है। सरकार को इस दिशा में कई कठोर कदम उठाने होंगे। अवैध खनन की वजह से दो राज्यों को जोड़ने वाले चक्की पुल की हालत किसी से छिपी नहीं है। बरसात में जब बाढ़ आई थी तो यह पुल बंद कर दिया गया था, जो अब जाकर बहाल हुआ है। इस पुल के बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्हें मिनटों का सफर तय करने के लिए घंटों लग रहे थे। साथ ही पैसे और समय की भी बर्बादी हो रही थी।

चक्की पुल की दुर्दशा के लिए हिमाचल ही नहीं पंजाब भी बराबर का भागीदार है, क्योंकि हिमाचल के साथ-साथ पंजाब का माफिया भी यहां रात के अंधेरे में खनन में जुटा रहता है। सबसे ज्यादा दिक्कत तब पेश आती है जब बरसात के मौसम में भारी बारिश का दौर शुरू होता है। अवैध खनन की वजह से लोगों को कई आपदाओं का सामना करना पड़ता है। नदियों और खड्डों में बाढ़ आने से पुल टूट जाते हैं, जिससे लोगों का संपर्क कट जाता है और उन्हें मीलों सफर कर गंतव्यों तक पहुंचना पड़ता है। घरों, सड़कों और सुरक्षा दीवारों को भी नुकसान पहुंचता है। पिछले साल जगह-जगह आई बाढ़ ने भी हजारों आशियाने उजाड़ दिए और सैकड़ों लोग बेमौत मारे गए। कहीं न कहीं इन आपदाओं के लिए इंसान खुद ही जिम्मेदार है। प्रकृति से छेड़छाड़ किसी भी सूरत में ठीक नहीं होती। नदी और खड्डों के तल से रेत और पत्थरों का खनन का ज्यादातर इस्तेमाल भवन निर्माण के लिए किया जाता है। खनन की वजह से नदियों और खड्डों में गहराई बन जाती है और इसमें पानी का प्रवाह तेज होता है। यही बढ़ा हुआ प्रवाह किनारों का तेजी से कटाव करता जाता है। खनन के विनाशकारी प्रभावों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट भी कई बार दिशा-निर्देश जारी कर चुका है फिर भी खनन गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। पहाड़ों में ट्रैक्टर से खेती नहीं होती, लेकिन खनन के लिए नदियों के किनारों पर ट्रैक्टर घूमते रहते हैं। खनन आज माफिया के लिए बहुत ही आकर्षक व्यवसाय बन चुका है, क्योंकि इसमें कोई निवेश नहीं होता और सरकार भी इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं करती। नदियों और खड्डों के बदलते व्यवहार पर खनन से पड़ने वाले असर को लेकर अधिक अध्ययन की जरूरत है। दूसरा, जब तक इंसान में जागरूकता नहीं आएगी, तब तक यह समस्या यूं ही बनी रहेगी। सरकार को चाहिए कि वह कोई ठोस पहल कर इस दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए।

# भ्रष्टाचार की दलदल में धंसता जा रहा हिमाचल



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

शिमला में विजिलेंस टीम द्वारा भू-राजस्व विभाग के कानूनगो को इंतकाल करने की एवज में 37 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करना बेहद शर्मनाक मामला है। रिश्वतखोरी के इस मामले से एक बात स्पष्ट हो जाती है कि सरकार बेशक लोक अदालतों में जमीनी इंतकाल करके जनता को राहत पहुंचा रही है, मगर भू-राजस्व विभाग धामी में तैनात कानूनगो की तरह कई रिश्वतखोर अधिकारी आज सरकार के सफल अभियानों पर पानी फेर रहे हैं। जमीनी विवादों का निपटारा किए जाने का क्या रेट टैरिफ हो सकता है, यह भी एक बड़ा सवाल है? सुख की सरकार ने भू-राजस्व विभाग में फैले ऐसे भ्रष्टाचार पर रोकथाम को लेकर ही इंतकाल लोक अदालतों में किए जाने की सराहनीय मुहिम चलाई हैं, लेकिन सरकार द्वारा सख्ती बरतने के बावजूद भू-राजस्व विभाग के कुछ अधिकारी अब भी सरेआम रिश्वत लेने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों की नकारात्मक कार्यप्रणाली से जनता बेहद आहत है। जिला कांगड़ा में भी एक तहसीलदार ने पंचायत प्रधान से एक दस्तावेज बनाए जाने को लेकर उससे सरेआम बदतमीजी की थी। पंचायत प्रधान द्वारा इसकी शिकायत हलका विधायक से करके उक्त तहसीलदार का ट्रांसफर दूसरी जगह करवाया गया है। उसका तबादला तो हो गया, लेकिन इस बात की क्या गारंटी कि तहसीलदार दूसरी जगह पर जाकर अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएगा। तहसीलों में जनता ने सूचना अधिकार के तहत कई रिपोर्ट मांगी हैं। तीन महीने गुजर जाने पर भी लोगों को सूचना अधिकार तहत मांगी गई जानकारियां अधिकारी दिए जाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। लापरवाह अधिकारी एक तरह सूचना अधिकार 2005 की धज्जियां उड़ाते हुए जनता की अनदेखी कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार दिनोदिन बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार को जरूरत है सख्त कानून बनाने की।

एक भाई को दूसरे भाई की जान का दुश्मन बनाना भी भू-राजस्व विभाग के स्वार्थी अधिकारियों की देन है। आजकल खून क्यों पानी बनता जा रहा, लोग जमीनी विवादों के चलते एक-दूसरे को मौत के घाट उतारने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। समाज में आपसी फूट का एक बड़ा कारण जमीनी विवाद हैं। कुछ भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों ने प्रत्येक जमीनी काम की मोटी रकम तय कर रखी है। हिमाचल प्रदेश में शायद ही किसी दिन भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों को बिजिलेंस की टीम मोटी रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथों न दबोचती हो। रिश्वतखोर अधिकारियों के सिर पर बिना राजनीति संरक्षण के वह ऐसा करने की हिमाकत कतई नहीं कर सकते हैं। सरकारी राजस्व को चूना लगाकर अपनी जेबें भरने वाले अधिकारी लालची नेताओं का हिस्सा देना नहीं भूलते हैं। बिजिलेंस विभाग की टीमें रिश्वतखोर भू राजस्व विभाग के अधिकारियों को सिर्फ कागजी कार्रवाई किए जाने के लिए गिरफ्तार करती हैं। राजनीतिक संरक्षण की आड़ में रिश्वतखोर कर्मचारी आखिर पुनः अपनी सेवाएं बहाल करवाकर जनता को दोनों हाथों से लूटने का क्रम शुरू करते हैं। सुख की सरकार ने नवीन विधेयक बनाकर लापरवाह अधिकारियों की जनता प्रति जिम्मेदारियां तय करके उनकी जवाबदेही मांगने की पहल शुरू की तो अपनी मनमर्जी से कार्य करने वाले कर्मचारी सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने लगे। सरकार ने सख्ती की तो फिर शांत होकर बैठ गए, लेकिन काम करने का तरीका नहीं सुधारा। ऐसे में प्रदेश सरकार अब भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रदेश कैडर में लाकर उन्हें अन्य जिलों की सैर करवाने का खाका तैयार कर चुकी है। भू-राजस्व विभाग में कुछ अधिकारी वर्षों से होम स्टेशनों पर सेवाएं देकर अपनी मनमर्जी से कार्य करते हुए जनता की अनदेखी करते हैं। जमीनों के दाम आसमान की बुलंदियों को छू रहे हैं, जिसके लिए इसी विभाग के स्वार्थी अधिकारी और कर्मचारी दोषी हैं। सरकारी जमीनों पर भू-माफिया दिनों-दिन अतिक्रमण कर रहा और विभाग के अधिकारी ऐसे लोगों के मार्गदर्शक बने हुए हैं। जमीनों की कीमतों का आकलन कम दर्शाकर स्टांप ड्यूटी कम लगाकर सरकारों के राजस्व को चूना लगाने का दौर चल रहा है। प्रदेश सरकार ने ऐसे घाटे से उभरने के लिए अब स्टांप ड्यूटी भी कई गुना अधिक बढ़ाकर इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने की योजना बनाई है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू कई बार मंचों से ऐलान कर चुके हैं कि वे सत्ता का सुख भोगने के लिए नहीं आए हैं, वह सिर्फ सदियों से बिगड़ी व्यवस्था का परिवर्तन करने आए हैं। इसलिए उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन का नारा दिया है। प्रदेश मुखिया ने जिस तरह भारी मात्रा में इंतकाल के लंबित मामलों का निपटारा किया, उससे अंदाजा लगाया जा सकता कि वे सच में व्यवस्था परिवर्तन करने के लिए सत्तासीन हैं। मगर, भ्रष्ट सिस्टम को दुरुस्त करके पटरी पर लाना कोई आसान काम नहीं है। अकेली सरकार कुछ नहीं कर सकती, उसे जनता का भरपूर सहयोग चाहिए। सुख की सरकार को प्रदेश की जनता पसंद कर रही है। पूर्व भाजपा सरकार में भू-राजस्व विभाग स्वयं मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के पास रहा है। तदोपरांत तेज तरार मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के हाथों में भी रहा है। पूर्व भाजपा सरकार भू-राजस्व विभाग के लंबित जमीन विवादों का समाधान किए जाने में नाकाम रही थी। हिमाचल प्रदेश में करीब 26 जनमंचों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने बावजूद जमीन विवादों का कोई समाधान न होना खेदजनक रहा है। वहीं, प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने बिना कोई खर्च किए लोक अदालतों में जिस तरह 65 हजार जमीन इंतकाल मामले निपटाए, वह बेमिसाल है। हिमाचल प्रदेश सरकार की इस सराहनीय पहल की कर्नाटक सरकार ने प्रशंसा की है। भू-राजस्व विभाग के अधिकारी जनता को पेशी के नाम पर भीड़ इकट्ठी करने के लिए तहसीलों में बुलाते हैं, लेकिन न्याय मंदिर समझकर तहसीलों में आने वाली जनता को पर्याप्त सुविधाओं की हमेशा दरकार रहती है। तहसीलों में तक्सीम केसों की फाइलों पर जमी धूल को झाड़कर अधिकारी पीड़ितों को अगली पेशी की सिर्फ तारीख सुनाते हैं। जमीन की निशानदेही भी तभी होती है, जब जेब को ढ़ीला किया जाता है। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तो मुंह पर बोले देते हैं कि बिना पैसे के कुछ नहीं होता साहब। ठीक ऐसा ही आलम जमीन रजिस्ट्री के समय भी देखने को मिलता है। भू-राजस्व विभाग की नकारात्मक कार्यप्रणाली की बदौलत ही जनता को समय पर न्याय नहीं मिलता है। वर्षों तक तहसीलों के चक्कर काटने वाले लोगों को जमीन की तक्सीम करवाने के लिए अधिकारी पुनः आवेदन करने की सलाह दे रहे हैं। इसी बात से भू-राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली का पता चलता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भारत में बहुत पुराना है समुद्री नौवहन का इतिहास



लेखक : सुमित अवस्थी
जंडपुर, बैजनाथ (हिप्र)

बहुत से भारतीयों को यह तो मालूम है कि नौसेना दिवस 4 दिसंबर को मनाया जाता है, लेकिन बहुत कम लोग यह जानते हैं कि भारत में राष्ट्रीय समुद्र दिवस यानी नेशनल मैरीटाइम डे भी मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर साल 5 अप्रैल को मनाया जाता है। भारत में समुद्री नौवहन का इतिहास बहुत पुराना है। पुरातन काल से ही दक्षिण भारत के पूर्वी एशिया और पश्चिम में अरब संसार के साथ नौवहन संबंध रहा करते थे, लेकिन इससे पहले भी हड़प्पा संस्कृति के मैसोपोटामिया, मिस्त्र और रोमन से नौपरिवहन द्वारा व्यापारिक आदान-प्रदान के प्रमाण मिले हैं। भारत मे समुद्री व्यापार और नौसेना का महत्व अंग्रेजों के जमाने बढ़ा था, जो समुद्र के रास्ते ही भारत आए उस समय दुनिया भर में समुद्री रास्तों पर वर्चस्व की लड़ाई हो रही थी। अंग्रेजों ने भारत में द रॉयल इंडियन मरीन की स्थापना की। 1934 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी रखा गया, लेकिन उसका सही उपयोग द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुआ। आजादी के पहले समुद्री परिवहन अंग्रेजों के निजी फायदे के लिये हुआ करता था। आजादी के बाद रॉयल इंडियन नेवी का बटंवारा हो गया। 1950 में इसका नाम भारतीय नौसेना हो गया। धीरे-धीरे समुद्री व्यापार और नौवहन का महत्व बढ़ा और राष्ट्रीय समुद्री दिवस सबसे पहले 5 अप्रैल 1964 को मनाया गया। भारत में स्वदेशी शिपिंग वास्तव में 5 अप्रैल 1919 के ही शुरू हुई थी। जब सिंधिया स्टीम नेवीगेशन कंपनी लिमिटेड ने अपनी पहली नौका एसएस लॉयल्टी समुद्र में उतरी थी। यह भारत की पहला जहाज भी माना जाता है। जब भी समुद्री परिवहन की बात होती है, तब नौसेना का जिक्र जरूर होता है, लेकिन हकीकत यह है कि समुद्री परिवहन नौसेना से बहुत अलग है। भले ही यह सच है कि नौवहन और नौसेना कई बार एक दूसरे से मिल जाता है। समुद्री परिवहन कई बड़े देशों की रीढ़ है और इसकी अहमियत ही समुद्री दिवस के अहमियत को रेखांकित करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## वक्त-वक्त की बात



उपासना पुष्प (मोनिका)
डलहौजी, चंबा

*वक्त-वक्त की बात*
*वक्त-वक्त का साथ*
*कब क्या हो जाए*
*कहां किसी के हाथ।*
*वक्त-वक्त की रेल*
*वक्त-वक्त का खेल*
*होनी सब उसकी*
*बाकी सबकी फेल।*
*वक्त-वक्त की धूप*
*वक्त-वक्त की छाया*
*राम नाम ही सत्य*
*झूठी सब मोह माया।*
*वक्त-वक्त की करनी*
*वक्त-वक्त की होनी*
*जैसे-जैसे करेंगे कर्म*
*वैसे ही पड़ेगी भरनी।*

# कोडाइकनाल सौर वेधशाला ने सूर्य के अध्ययन के 125 वर्ष किए पूरे



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

कोडाइकनाल सौर वेधशाला ने सूर्य के अध्ययन के 125 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इसका उत्सव (वर्षगांठ) पहली अप्रैल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान ने मनाया। इस दौरान कोडाइकनाल सौर वेधशाला के इतिहास का स्मरण किया गया। वैज्ञानिकों का अभिनंदन कर इसकी विरासत का सम्मान किया गया। कोडाइकनाल सौर वेधशाला देश में खगोल विज्ञान के लिए प्रमुख और बड़ी उपलब्धि है। इस वेधशाला में 20वीं सदी की शुरुआत से हर दिन रिकॉर्ड की जाने वाली 1.2 लाख डिजिटल सौर छवियों और सूर्य की हजारों अन्य छवियों का एक डिजिटल भंडार उपलब्ध है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की अधिशासी परिषद के अध्यक्ष एएस किरण कुमार ने कोडाइकनाल सौर वेधशाला की 125वीं वर्षगांठ के प्रतीक चिह्न का अनावरण और एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस वेधशाला की स्थापना पहली अप्रैल, 1899 को अंग्रेजों ने की थी। खुशी की बात यह है कि वेधशाला के पास दुनिया में सूर्य के सबसे लंबे समय तक के निरंतर दैनिक रिकॉर्ड के अद्वितीय डेटाबेस को डिजिटल कर दिया गया है। यह डेटाबेस अब दुनिया भर के खगोलविदों के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। कोडाइकनाल सौर वेधशाला वर्तमान में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के अंतर्गत फील्ड स्टेशन के रूप में कार्यरत है। यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का स्वायत्त संस्थान है। उत्सव में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की निदेशक प्रो. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने वेधशाला की विरासत पर चर्चा की। संस्थान के पूर्व निदेशक और सौर भौतिक विज्ञानी प्रो. सिराज हसन ने वर्ष 1909 में वेधशाला में गैस के रेडियल प्रवाह के कारण सनस्पॉट में देखे गए एवरशेड प्रभाव की खोज की जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम कार्यालय की पूर्व निदेशक एस. सीता ने रेखांकित किया कि विद्यार्थियों के बीच इसकी विशिष्टता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों में कोडाइकनाल सौर वेधशाला पर सामग्री होनी चाहिए।

एएस किरण कुमार ने इस अवसर पर 'भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम' पर चर्चा की। सफल चंद्रयान-3 मिशन के लिए दूर की गई तकनीकी चुनौतियों और गगनयान के साथ भविष्य पर प्रकाश डालते हुए रिमोट सेंसिंग, मैपिंग और संचार के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि कोडाइकनाल सौर वेधशाला में वैज्ञानिक भारतीय धरती से सूर्य को समझने, ग्रहणों का अध्ययन करने, वर्ष 1868 में हीलियम की खोज करने, सूर्य में प्लाज्मा प्रक्रिया को समझने और इसके विस्तार, प्रमुखता और चमक-दमक को समझने का प्रमाण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी थे पं. इंद्रपाल



लेखक : डॉ. राकेश शर्मा
सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी

हिमाचल प्रदेश के नादौन के सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी इंद्रपाल का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व भारत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद है। क्रांतिकारी इंद्रपाल का जन्म 5 अप्रैल, 1905 को जिला हमीरपुर के नादौन कस्बे में हुआ था। इनके पिता पंडित हरिराम व माता रमादेवी थी। इंद्रपाल चार भाइयों में सबसे बड़े थे। इंद्रपाल का बचपन का नाम मंगतराम था, जिन्हें प्यार से सभी मंगतू कहकर पुकारते थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नादौन में हुई और मिडिल कक्षा की पढ़ाई कांगड़ा जिले के देहरा गोपीपुर से पूर्ण हुई। मंगतराम बचपन से कुशाग्र बुद्धि के थे, इसलिए कांगड़ा जिला के मेधावी छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति का लाभ उन्हें भी मिला।

यह छात्रवृत्ति केवल चार छात्रों को ही मिला करती थी। पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने आठवीं कक्षा पास करने के उपरांत ही अध्यापन कार्य करना प्रारंभ कर दिया था। अपने छोटे से अध्यापन काल में उन्होंने बणी बग्गी तथा चौकी मन्यारा के स्कूल में पढ़ाया। कुछ समय के उपरांत इंद्रपाल ने अध्यापक की नौकरी छोड़ दी और चार-पांच वर्षों के एकांतवासी जीवन के बाद वे लाहौर चले गए। लाहौर में उनका संपर्क मास्टर नंदलाल कातिब से हुआ। मास्टर नंद लाल ने इंद्रपाल को कातिबी (संपादक) का काम सिखाया और वे उनके प्रिय शिष्य बन गए। इंद्रपाल समाचार पत्रों में कातिब का कार्य करने लगे। उस समय क्रांतिकारी परमानंद के संरक्षण में लाहौर से 'हिंदू संगठन' साप्ताहिक पत्र उर्दू में प्रकाशित होता था, जिसके संपादक कृष्णदास भल्ला थे। उन्होंने इस साप्ताहिक पत्र में बहुत लगन से काम किया। लाहौर में ही इंद्रपाल की मुलाकात क्रांतिकारी यशपाल से हुई। दोनों जल्दी ही बहुत अच्छे मित्र बन गए। अब इंद्रपाल मां भारती की सेवा के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गए। कुछ समय के बाद कातिब की नौकरी छोड़ कर वे रावलपिंडी आ गए। वहां पर सनातन धर्म सभा द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक सुदर्शन चक्र में संपादक की नौकरी कर ली। कुछ वर्षों तक रावलपिंडी में कार्य करने के उपरांत वे पुनः लाहौर आ गए व सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के उर्दू दैनिक 'भीष्म' में नौकरी करने लगे।

इंद्रपाल ने देखा कि समाचार पत्रों में मालिक कातिबों का शोषण करते थे व उन्हें समय पर मानदेय नहीं देते थे। प्रकाशकों द्वारा कातिबों के शोषण के विरुद्ध उन्होंने कातिबों का एक संगठन बनाया और जुलूसों द्वारा उनका विरोध प्रारंभ कर दिया। अंत में प्रबंधकों को समझौता करना पड़ा तथा कातिबों की मांग स्वीकार कर ली। लाहौर में रहते हुए इंद्रपाल का संपर्क 'नौजवान भारत सभा' के क्रांतिकारियों से हुआ। इंद्रपाल चंद्रशेखर आजाद व सरदार भगत सिंह द्वारा स्थापित हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी से जुड़े। इंद्रपाल ने इस दौरान मंजिल- ए-आजादी नामक पुस्तक लिखी। जब क्रांतिकारियों ने वायसराय लॉर्ड इरविन की गाड़ी को उड़ाने की योजना बनाई इसका दायित्व इंद्रपाल को सौंपा गया, क्योंकि वे बम बनाने के कार्य में सिद्धहस्त हो गए थे। बम फेंकने की तैयारी का कार्य इंद्रपाल को सौंपा गया। वे दिल्ली से नौ मील की दूरी पर सड़क के किनारे एक टूटी-फूटी सराय के पास पानी के प्याऊ के नजदीक भगवा वस्त्र पहन कर बैठ गए। यहां पर उनके क्रांतिकारी साथी उन्हें बम का जरूरी सामान पहुंचाते। इंद्रपाल रात के अंधेरे में जमीन के नीचे बिजली की तारें बिछाते व दिन में साधु के छद्म वेश में लोगों के बीच रहते। क्रांतिकारियों को सूचना मिली कि 24 अक्तूबर, 1929 को वायसराय की गाड़ी दिल्ली लौटने वाली है। अतः इसी दिन प्रात 6 बजे उनकी गाड़ी के नीचे विस्फोट करने का निर्णय किया गया। इसकी योजना की सूचना जब क्रांतिकारी गणेश शंकर विद्यार्थी को लगी तो उन्होंने अन्य क्रांतिकारियों को बताया कि वायसराय दिल्ली पहुंचकर उपनिवेशों के संबंध में महत्वपूर्ण घोषणा करने वाले हैं। अतः बम से गाड़ी को उड़ाने की योजना को रद्द करने की सूचना मिली। क्रांतिकारियों ने बम विस्फोट की योजना स्थगित कर दी। अब वे कुछ समय बाद लाहौर आ गए। क्रांतिकारियों को सूचना मिली कि वायसराय 23 दिसंबर, 1928 को दिल्ली में गांधी से भेंट करने के लिए कोल्हापुर से दिल्ली लौट रहे हैं। क्रांतिकारियों को लगा कि राजनीतिक दृष्टि से वायसराय पर इस समय आक्रमण करना बहुत महत्व रखता है। वायसराय की गाड़ी को बम से उड़ाने का दायित्व इंद्रपाल, यशपाल व भगवतीचरण को सौंपा गया। जैसे ही वायसराय की गाड़ी मथुरा से दिल्ली की ओर आई तो गहरे कोहरे व धुंध के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। क्रांतिकारियों ने अनुमान के आधार पर बम फेंक दिया। धमाका वायसराय की स्पेशल गाड़ी के खाना बनाने के डिब्बे के नीचे हुआ। वायसराय व उनका सचिव अगले डिब्बे में थे, इसलिए बच गए। वहीं, धुंध का लाभ उठाते हुए क्रांतिकारी भागने में सफल हो गए।

देश के आजाद होने पर 1947 में वे नादौन आ गए। कुछ समय बाद वे नादौन से दिल्ली चले गए। 13 अप्रैल, 1948 को उनका देहांत हो गया। इंद्रपाल द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को अमर बनाने के उद्देश्य से नादौन में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में लंबा खिंचता जा रहा नौकरी का इंतजार



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाओं और संघर्ष करने वाले युवाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में एक समस्या यह भी देखने को मिल रही है कि हिमाचल प्रदेश के युवा वर्षों से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में जुटे हुए हैं, परंतु सरकार परीक्षाएं आयोजित करने में नाकाम साबित हो रही है। हिमाचल में वर्ष 2022 में बनी कांग्रेस सरकार ने गत वर्ष अनियमितताएं होने के कारण हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को निरस्त कर दिया गया था, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यहां देखने वाली बात यह भी है कि हिमाचल प्रदेश चयन आयोग से ही सबसे ज्यादा भर्तियां और प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

चूंकि यहां तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती होती है, इसलिए इस आयोग से सबसे ज्यादा भर्तियां करवाई जाती हैं, जबकि प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के लिए हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग भर्ती का आयोजन करवाता है। लेकिन जब से नई सरकार बनी है,तब से नई भर्तियां न के बराबर ही हुई हैं।बेरोजगार तो तैयारी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें रोजगार के मौके नहीं मिल पा रहे हैं। सरकार ने नए राज्य चयन आयोग का गठन तो कर दिया है, मगर भर्ती प्रक्रियाएं अभी शुरू नहीं हो पा रही हैं। सरकार की मानें तो वह पूरी पारदर्शिता से भर्तियां करवाना चाहती है, इसलिए कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती। वहीं, दूसरी ओर बेरोजगार युवाओं का कहना है कि उनकी उम्र बढ़ रही है और जल्दी से भर्ती प्रक्रियाएं शुरू नहीं हुईं तो वे ओवरएज हो जाएंगे और फिर उन्हें कभी सरकारी नौकरी पाने का मौका नहीं मिलेगा। इसलिए वे प्रदेश सरकार से निवेदन कर रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के उपरांत तुरंत इस आयोग द्वारा भर्ती को पारदर्शिता के साथ शुरू करने का प्रयास करे, ताकि युवाओं को समय से रोजगार के अवसर मिलें और हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी का स्तर भी कहीं न कहीं कम हो सके।

हिमाचल प्रदेश एक मामले में अपने पड़ोसी राज्यों से काफी भिन्न है और वो यह है कि जहां इसके पड़ोसी राज्यों में युवा अपने निजी कारोबार और प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करने को प्राथमिकता देते हैं, वहीं इस पहाड़ी राज्य का युवा निजी रोजगार और प्राइवेट नौकरियों की तरफ कम रुझान रखता है और सरकारी नौकरी की तरफ ज्यादा झुकाव व प्रयास करता है। इस कारण भी कहीं न कहीं प्रदेश का युवा हिमाचल प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती न होने के कारण भी परेशान नजर आता है। बढ़ती उम्र और प्रतियोगिता के इस दौर में कहीं न कहीं अपने रोजगार और सपनों को साकार करने के लिए उसे एक लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इसलिए आज प्रदेश सरकार का ध्यान ऐसे महत्वपूर्ण और गंभीर विषय पर आकर्षित करना चाहेंगे जो प्रदेश के युवाओं और आने वाले भविष्य से जुड़ा हुआ है और आज हम सभी युवाओं का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम समय-समय पर अपने क्षेत्र समाज और युवाओं के लिए अपनी आवाज बुलंद करने का प्रयास करते रहें, तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार से उम्मीद करते हैं कि प्रदेश सरकार लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद इस समस्या का स्थायी समाधान और वर्षों से रुकी विभिन्न विभागों और विभिन्न परीक्षाओं को जल्द से जल्द शुरू करने की अनुशंसा करे, ताकि प्रदेश के संघर्षरत और शिक्षित युवाओं को समय से रोजगार और प्रदेश के विकास और उत्थान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का सुअवसर प्राप्त हो सके।

प्रदेश में हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग के माध्यम से भी तृतीय श्रेणी के लिए कुछ पोस्ट कोड की भर्ती शुरू की थी, परंतु वह नाकाफी साबित हो रही है। जितनी भर्तियां कर्मचारी आयोग के माध्यम से की जाती हैं, उतनी संख्या में लोकसेवा आयोग के जरिये भर्तियां नहीं हो पाती हैं। हिमाचल प्रदेश में आज भी लोग उतने साधन संपन्न नहीं हैं कि वे अपने बच्चों को अनेकों वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मीलों दूर बड़े-बड़े शहरों में भेज सकें। आज भी अनेकों गांवों में अभिभावक अपने परिवार और जीवन को सुचारु रूप से चलाने के लिए दिहाड़ी-मजदूरी और गरीबी के कारण बच्चों को अच्छी शिक्षा और संसाधनों से महरूम रखने के लिए विवश है। इन सभी बातों को मद्देनजर रखते हुए सरकार को जल्द हिमाचल प्रदेश चयन आयोग में भर्ती प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर और माता-पिता के कंधों से जिम्मेदारियों का बोझा कम हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**वर्ष** की शुरुआत से ही नियमपूर्वक अध्ययन न करने वाला विद्यार्थी परीक्षा के इन कठिन दिनों में हनुमान जी की भांति एक ही उड़ान में परीक्षा समुद्र को लांघने के प्रयास में लग जाते हैं। वे सहायक पुस्तकों का आसरा ढूंढते हैं, कोई भी पुस्तक को देवता समझकर उसे पूजना शुरू कर देता है। परीक्षा के कठिन दिनों में कई छात्र नकल का सहारा लेकर पास होने के प्रयास करने लगते हैं। नकल के लिए कई प्रश्नों के उत्तर लिखकर अपने कपड़ों में छिपाकर परीक्षा कक्ष में ले जाते है। परीक्षा कक्ष में नकल की घबराहट में पढ़े कुछ रहते हैं और लिखकर कुछ आ जाते हैं।

परीक्षा के दिनों में आत्म-विश्वास को बनाए रखें तथा जो कुछ पढ़ा है, समझा है, उस पर भरोसा रखें। परीक्षा कक्ष के लिए जाने से पहले अपने मन को शांत रखें। कोई अध्ययन सामग्री साथ न लो, न कहीं से पढ़ने-देखने की चेष्टा करो। परीक्षा कक्ष में प्रश्नपत्र को दो बार पढ़ो। जो प्रश्न के उत्तर सबसे बढ़िया लिख सकते हो, उस उत्तर को पहले लिखो। सारे उत्तर लिखने के बाद उन्हें एक बार अच्छे से पढ़ लो। उत्तर को अंकों के अनुसार छोटा या बड़ा करना न भूलो। यदि कोई प्रश्न अधिक कठिन है, तो उस पर कुछ क्षण विचार करके उसे अंत में करें। इससे परीक्षा के कठिन दिनों की पीड़ा से थोड़ा छुटकारा महसूस होगा। कठिनाई को सरल बनाना मन के विवेक पर निर्भर है।

**-आश्वी शर्मा, नगरोटा बगवां**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आपदा से बचाव के अग्निशमन विभाग ने दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ऐतिहासिक भूरी सिंह संग्रहालय चंबा में भूकंप से बचाव के लिए एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।



एसडीएम अरुण शर्मा।

एसडीएम अरुण शर्मा ने बताया कि इस मॉकड्रिल का आयोजन हर साल किया जाता है, इसमें आपदा के समय लोगों को कैसे सुरक्षित निकालकर उनकी जान बचाने के बारे में अग्निशमन विभाग के जवानों ने मौके पर जानकारी दी।

बता दें कि 4 अप्रैल 1905 को कांगड़ा में भूकंप आया था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.8 मापी गई और 20,000 से अधिक लोग मारे गए। इसके अलावा, कांगड़ा, मैक्लोडगंज और धर्मशाला शहरों में अधिकांश इमारतें नष्ट हो गई थीं। इसके दृष्टिगत सभी स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी संस्थानों और फैक्ट्रियों में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाता है।



आग बुझाते कर्मी व इनसेट में घायलों के उपचार बारे बताते डॉक्टर।

## बच्चों को भूकंप से बचने के तरीके सिखाए



आपदा के दौरान बचाव के गुर सीखते बच्चे।

**भरमौर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय थल्ली सियुका में स्कूल प्रभारी अध्यापक नेक राज ने बच्चों भूकंप से बचने के गुर दिए। इस मौके पर बच्चों ने भी भूकंप के प्रति अपने विचार सांझा किए। अंत में अध्यापक ने कहा कि बच्चों हम सही समय पर सही कदम उठा कर सूझबूझ के साथ किसी भी आपदा का सामना कर सकते हैं, जिससे अपनी व दूसरों की जान हम बचा सकते हैं।

## भरमौर-पठानकोट हाईवे पर ट्राला खराब, लगा जाम

**चंबा ।** भरमौर-पठानकोट हाईवे पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप मशीनरी लेकर जा रहा ट्राला बीच सड़क पर खराब हो गया। ट्राले के खराब होने के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।



सड़क के बीच खड़ा खराब ट्राला।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने वाहन चालकों और लोगों को राहत प्रदान की। यात्रियों में राजीव कुमार, प्रमोद कुमार, किशन चंद, दलीपा राम, अंबिया राम, सचिन, अंकित कुमार ने बताया कि सुबह 8.00 बजे के करीब पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप ट्राला खराब हो गया था। इसके बाद पुलिस ने वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई।

## न्यूज ब्रीफ

### सनवाल में करवाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**तीसा ।** मतदान केंद्र 23-सनवाल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप टीम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर शशि पाल शर्मा ने मतदान केंद्र का निरीक्षण भी किया तथा मतदान केन्द्र में मतदाताओं से संबंधित सुविधाओं की विस्तृत जांच की। कार्यक्रम में डीएसपी चुराह रंजन शर्मा ने मतदान प्रक्रिया के दौरान कानूनी पहलुओं बारे जानकारी दी। तहसीलदार तीसा राकेश कुमार, कानून गो निर्वाचन सचिन कुमार, बीएलओ देशराज के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### मीनाक्षी नवोदय विद्यालय के लिए चयनित



**गैहरा।** जिला चंबा के शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत पड़ते राजकीय प्राथमिक पाठशाला नेरी गत वर्षों की भांति इस बार भी जवाहर नवोदय विद्यालय की छठी की प्रवेश परीक्षा में अपना वर्चस्व लहराने में कायम रहा। विद्यालय की छात्रा मीनाक्षी ठाकुर ने परीक्षा में चयनित होने पर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इससे पहले भी इस विद्यालय से लगातार बारह बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित हो चुके हैं और इस वर्ष भी यह क्रम जारी रहा। छात्रा ने चयनित होने का श्रेय अपने अभिभावकों और अध्यापकों को दिया।

### भूकंप से बचाव के लिए करवाई मॉकड्रिल



**भरमौर ।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरकोटी में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। स्कूल प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि इस ड्रिल में स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती लता कुमारी और उनके साथ सदस्य शीला देवी अनीता देवी हेम राज जी मौजूद रहे।

### सलूणी में लग रहा जाम, पार्किंग स्थल की मांग

**डलहौजी।** जिला चंबा का सलूणी क्षेत्र में यातायात को लेकर हालात खराब होते जा रहे हैं, आए दिन सड़कों पर खड़ी गाड़ियां यातायात अवरुद्ध कर देती है, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे पुलिस प्रशासन को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। उप तहसील होने के साथ सलूणी क्षेत्र व्यापार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है अच्छी दुकाने स्कूल कॉलेज अच्छे अस्पताल सलूणी में ही आते, जिससे हर रोज लोगों का सलूणी में आना-जाना लगा रहता है। बता दें यहीं से रास्ता जम्मू-कश्मीर के भदरवा डोडा किश्तवाड़ को चंबा से जोड़ता है ,लेकिन सलूणी क्षेत्र के मौजूदा हालात बिगड़ते जा रहे हैं जहां बच्चों के खेल के मैदान में गाड़ियां खड़ी की जा रही हैं जिससे बच्चों को खेलने में दिक्कतें आ रही हैं तो वही दुकानदारों की दुकानों के आगे खड़ी गाड़ियों से स्थानीय दुकानदार परेशान रहते हैं। स्थानीय व्यापार मंडल एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने स्थानीय प्रशासन एवं सरकार से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द सलूणी क्षेत्र में एक पार्किंग स्थल बनाया जाए।

### यात्री से 94 ग्राम चरस बरामद, मामला दर्ज

**डलहौजी ।** नाकाबंदी के दौरान बस यात्री से 94 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की । चौकी प्रभारी तनुहट्टी राकेश धीमान की अगुवाई में गाड़ियों का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान भरमौर से शिमला जा रही बस आकर रुकी तथा पुलिस दल तलाशी हेतु बस में तलाशी परिक्रिया को अंजाम देने लगा। इसी दौरान एक नौजवान युवक पुलिस दल को देखकर घबरा गया उसकी संदिग्ध हरकतों के मध्य नजर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से कुल 94 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय संजू पुत्र मोहर सिंह जिला चंबा के रूप में हुई है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है।

बच्चों को बदलने के मामले में पीड़ित अभिभावकों ने लिया पुलिस जांच करवाने का फैसला

# अब डीएनए टेस्ट से होगा बच्चों की अदला-बदली का खुलासा

**एमएम डैनियल, चंबा**

पंडित जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में विभागीय लापरवाही के आरोप में नवजात शिशुओं के अदला-बदली के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

हालांकि विभाग द्वारा मामला प्रकाश में आते ही विभागीय जांच कमेटी का गठन किया गया। मगर विभागीय जांच कमेटी द्वारा पेश रिपोर्ट से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए अभिभावकों ने अब मामले में पुलिस छानबीन करने का फैसला लिया है। गौर हो कि तीन दिनों पूर्व पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में नवजात शिशु की अदला-बदली का मामला सामने आया है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने कमेटी का गठन कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिसके पश्चात मामले की जांच में जुटी विभागीय जांच कमेटी ने मामले की गंभीरता के तहत गायनी विभाग स्टाफ से कड़ी पूछताछ की गई, जिसमें गायनीलॉजिस्ट से भी अलग से पूछताछ की गई। जिसके बाद विभागीय जांच कमेटी ने तमाम तथ्यों को खंगालने के बाद अपनी रिपोर्ट में महज गलतफहमी होना करार दिया गया।



पंडित जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा ।

**जांच कमेटी की रिपोर्ट से नहीं संतुष्ट हुए अभिभावक**

विभागीय जांच कमेटी ने रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि बच्चों की किसी प्रकार की अदला -बदली नहीं हुई है। महिलाओं के प्रसव के दौरान नवजात शिशुओं के तैयार दस्तावेज एकदम उचित है, लेकिन इस जांच रिपोर्ट का जब अभिभावकों के समक्ष खुलासा होते ही मामले ने एक बार फिर से तूल पकड़ लिया है। विभागीय जांच कमेटी की रिपोर्ट से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए नवजात शिशुओं के अभिभावकों ने अब मामले की जांच पुलिस से करवाने का निर्णय लिया है। हालांकि पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा प्रबंधन द्वारा नाराज अभिभावकों को समझाने के तमाम प्रयास भी किए गए। विभाग द्वारा अब डीएनए टेस्ट करवाने का निर्णय लिया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### क्या है मामला

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में जिला चंबा के दो विभिन्न क्षेत्रों की दो महिलाओं ने बेटो को जन्म दिया था। इसी बीच चुराह व भरमौर क्षेत्र की दो महिलाओं ने बेटे को जन्म दिया था। चुराह क्षेत्र की महिला ने बच्चों बदलने की शिकायत चिकित्सा अधीक्षक के पास दर्ज करवा दी थी, लेकिन जांच के बाद पीड़ित अभिभावकों का कहना है कि विभागीय जांच कमेटी अपने स्टाफ की गलती को छिपाने के लिए गलत-फहमी होने की रिपोर्ट तैयार की गई है। जिससे वह संतुष्ट नहीं हैं।

> शिशुओं की अदला-बदली मामले की शिकायत में गठित विभागीय जांच कमेटी ने जांच पूर्ण कर ली है, जिसमें सिर्फ गलतफहमी होने का खुलासा हुआ। रिपोर्ट को शिकायतकर्ता अभिभावकों के समक्ष रखा गया, पर वे रिपोर्ट मानने से इंकार कर रहे हैं। विभाग द्वारा डीएनए टेस्ट करवाना ही अंतिम विकल्प शेष बचा है।
>
> **-डॉ. विपिन ठाकुर, चिकित्सा अधीक्षक, चंबा ।**

## चरपटनाथ मंदिर के समीप मकान में लगी आग, एक झुलसा



आग लगी घरे से जमा हुआ सामान निकालते हुए लोग।

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चरपटनाथ मंदिर के समीप एक पक्के मकान में आग लग गई। वहीं एक दम से उठे धुंए के गुबार को देखते हुए सभी लोग एकत्रित हो गए और आग बुझाने में जुट गए। इस बीच किसी ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी, फायर के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया तब कहीं जाकर आग बुझाई गई।

जानकारी के मुताबिक चंबा शहर के चरपट मोहल्ला में गैस सिलेंडर से कमरे में आग भड़क गई। इससे अफरातफरी मच गई। आग पहले सिलेंडर में लगी और इसके बाद मकान में भड़क गई।

आग से दो गीजर, गैस चूल्हा समेत मकान के भीतर रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। वहीं आग बुझाते समय मकान मालिक भी झुलस गया। घायल को मेडिकल कॉलेज चंबा में प्राथमिक उपचार के बाद दाखिल करवाया गया है।

### चंबा वेलफेयर एसो. की बैठक 10 को

**चंबा ।** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव ने सभी सम्माननीय सदस्यों से अपने-अपने एजेंडा के साथ होटल इरावती चंबा में बैठक के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। बैठक का समय 11.00 बजे होटल इरावती में होगा। चंबा वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव सुदेश कश्मीरी ने मासिक बैठक की सूचना दी।

## श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर की पुरातन परंपराओं को रखा जाए कायम

**अनंत ज्ञान चंबा**

चंबा के ऐतिहासिक शहर की स्थापना के साथ ही शहर के बीचों-बीच श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह की स्थापना उस वक्त के शासकों ने की थी। मंदिर की व्यवस्था के लिए राजा तथा प्रजा ने मंदिरों के नाम सैकड़ों बीघा जमीन दान की हुई थी, लेकिन दुर्भाग्य से हिमाचल में मुजारा कानून लागू होने से श्री लक्ष्मीनाथ की जमीनें भी मुजारा के पास चली गई और आय में भारी कमी आ गई।

**सनातन धर्म सभा कमेटी ने कर्मचारियों के वेतन को बढ़ाने की उठाई मांग**

जिला प्रशासन ने कार्य को चलाए रखने के लिए क्षतिपूर्ति रूप से देना शुरू तो की लेकिन मात्र कुछ एक वर्ष तक देने उपरांत अचानक ही वह बंद कर दी गई। इसका असर मंदिरों के संचालन में आना शुरू हुआ।

मंदिर में कार्यरत कर्मचारी पुजारी, चौकीदार, भोजन बनाने वाले अन्य कारगर हो या फिर बजंतरी सभी को मात्र 1500 से 3000 रुपए तक ही परिश्रम मिल रहा है। सनातन धर्म सभा चंबा मंदिर कमेटी जिला मंदिर अधिकारी और जिला प्रशासन से अनुरोध करती है कि कर्मचारियों के वेतन को बढ़ा जाए। अन्यथा अंदेशा है कि कहीं चंबा के आराध्य देव भगवान श्री लक्ष्मी नाथ मंदिर की स्थापित ऐतिहासिक परंपराएं समाप्त न हो जाएं।

### जाहू मेवा उत्सव 24 अप्रैल से

**जाहू।** जाहू में मेवा उत्सव की तैयारियां पंचायत ने शुरू कर दी हैं और कमेटियों का गठन कर लिया गया है। जाहू मेवा उत्सव 24 अप्रैल से शुरू होगा, जिसका शुभारंभ भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुरेश कुमार रहेंगे। उत्सव 31 अप्रैल तक चलेगा। इस बार पंचायत ने मेवा उत्सव सात दिन तक चलाने का फैसला लिया है।

## 20 साल से पलानी पुल को निर्माण का इंतजार

### लोगों ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार का बनाया मन

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बड़ग्राम के लोगों ने पलानी ब्रिज का निर्माण न होने को लेकर लोकसभा चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का मन बनाया है। लोगों ने विचार-विमर्श करने के बाद तय किया कि अगर लोकसभा चुनाव से पहले यहां ब्रिज का निर्माण न हुआ तो संपूर्ण पंचायत लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगी।

गौरतलब है बड़ग्राम पंचायत को जोड़ने वाले पलानी ब्रिज का काम पिछले 20 सालों से पूरा नहीं हो पाया है। ब्रिज का काम पूरा न होने के कारण लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

लोगों ने इसके लिए सोशल मीडिया के जरिए लोगों को इस महीने से जोड़ने की अपील भी शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि आज के समय में जहां पर महीने व 15 दिन में पुलों का निर्माण हो रहा है, लेकिन हैरानी की बात है कि ग्राम पंचायत बड़ग्राम को जोड़ने वाले पलानी ब्रिज का काम लगभग 20 वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष क्षतिग्रस्त हुए लूना ब्रिज व चोली ब्रिज को प्रशासन व विभाग ने महीने के भीतर ही बना दिया था, तो पलाणी ब्रिज 20 साल में क्यों नहीं बना। (अनंत ज्ञान)



अधूरे पुल का दृश्य, जिससे लोगों को काफी परेशानी पेश आ रही है।

#### ठेकेदार को भेजा है नोटिस : एसडीओ

**सहायक** अभियंता उपमंडल भरमौर विशाल चौधरी ने कहा कि संबंधित पुल का निर्माण कर रहे ठेकेदार की लेटलतीफी को लेकर 7 प्रतिशत की पेनल्टी डाल दी गई है और नोटिस भी जारी किया गया है। अगर जल्द काम को पूरा नहीं किया जाता है तो उन्हें भारी पैनल्टी लगाई जाएगी और उनका टेंडर भी रद्द हो सकता है। प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क और पुल का निर्माण कार्य किया जाएगा। वह स्वयं अच्छी तरह से जानते हैं कि वहां लोगों के लिए सड़क व पुल की समस्या है जिसको लेकर वह निजी तौर पर भी काफी प्रयासरत रहते हैं।

#### प्रशासन व सरकार को कई बार करवाया अवगत, नहीं हुआ समाधान



**प्रधान** ग्राम पंचायत बड़ग्राम शुभा देवी ने कहा कि पलानी पुल के निर्माण को लेकर अब तक ग्रामीण हजारों बार प्रशासन विभाग व सरकार को अवगत करावा चुके हैं। कई बार प्रशासन को धरने के लिए भी लिखा गया है, लेकिन 20 साल बाद भी अभी तक इस पुल का काम पूरा नहीं हुआ है। कहा है कि यहां पर अब तक 50 से अधिक दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। वहीं महिला मंडल कुठार ने भी लोकसभा चुनाव से पहले अगर का निर्माण नहीं हुआ तो मस्त महिला मंडल ग्रामीणों के साथ लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा। धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में लोग मंदिरों में माथा टेकने जाते हैं। यहां के पंचायत वासियों का कहना है कि 2024 में लोकसभा चुनाव में एक भी वोट नहीं डालने का फैसला किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी अधिकारी व नेता को आपत्ति है तो पहले वह पुल का निर्माण कर दे।

### सूडोकु 0023 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0022 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 अप्रैल, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** एकादशी (01:31) : **नक्षत्र :** धनिष्ठा (6:07), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** साध्य (09:54) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:49), राहुकाल (10:49 -12:23)।

### विशेष दिन

- 5 अप्रैल 2024 : पापमोचिनी एकादशी आज।
- 6 अप्रैल 2024 : शनि प्रदोष व्रत कल।

**मेष :** समय से पहले व भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता है। अपने बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा।

**वृषभ:** माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से अपने संबंध तोड़ने से बचें। पैर में चोट लग सकती है। समाज में नाम होगा।

**मिथुन:** जिन लोगों का सहयोग किया था, आज वे मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें।

**कर्क :** स्वभाव में परिवर्तन लाना जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे।

**सिंह:** बहकावे में जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा।

**कन्या :** सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास रहेगा।

**तुला :** आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आय परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा।

**वृश्चिक:** अपने हिसाब से जिंदगी जिना पसंद रहेंगे। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आपका विरोध करेंगे। भवन भूमि के विवादों का अंत होगा।

**धनु :** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें।

**मकर:** व्ययस्ता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें।

**कुंभ :** सेहत को नजरअंदाज न करें। किसी को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। मेहमानों की खातिरदारी करना पड़ेगी। अपने संपर्कों से रुके कार्य पूरे होंगे।

**मीन :** जल्दबाजी में किए फैसलों से नुकसान हो सकता है। परिवार में बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी।

**समस्या** | ग्रामीणों ने डीसी चंबा से मुलाकात कर समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन, कहा-

# अध्यापकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छतराड़ी में अध्यापकों के 50 प्रतिशत से अधिक पद खाली होने के चलते बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

अध्यापकों की कमी के चलते यहां बच्चे पढ़ाई को अधर में ही छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर सोमवार को एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमार की अगुआई में ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उपयुक्त चंबा से मिला और उन्हें इस समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर पिछले की सालों से अध्यापकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। लिहाजा अध्यापकों की कमी के कारण कई बच्चे शिक्षा छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।



**अध्यापकों की कमी से कई बच्चे स्कूल छोड़ने को मजबूर**

जानकारी अनुसार यहां पर 200 के करीब बच्चे शिक्षक ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन स्कूल में अंग्रेजी, विज्ञान, समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा अध्यापक जीव विज्ञान के प्रवक्ता सहित लिपिक अधीक्षक के पद पिछले लंबे समय से खाली चले हुए हैं।

### प्रशासन नहीं कर रहा समस्या का समाधान, बच्चे-अभिभावक परेशान

स्टाफ की कमी के कारण यहां पर कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को दूसरे स्कूलों में दाखिल करवाया है। हालांकि इस समस्या को लेकर यहां के ग्रामीण व अभिभावक सहित एसएमसी कमेटी के पदाधिकारी कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### लोगों की गुहार-डीसी करे समाधान

**वहीं** अध्यापकों की कमी के कारण यहां पर बच्चों की पढ़ाई भी पूरी नहीं हो पाई है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त अपूर्व देवगन से गुहार गई है जल्द से जल्द उनकी इस मांग को सरकार के पास भेज कर इस समस्या का समाधान करवाया जाए।

### ग्रामीण करेंगे हड़ताल

**स्कूल** प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि यहां पर पिछले कई सालों से अध्यापकों की कमी चल रही है। इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रतिनिधि विधायक व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ है। 15 दिन के भीतर समस्या का समाधान न हुआ तो वे ग्रामीण व बच्चों को साथ लेकर चंबा में हड़ताल पर उतर जाएंगे।

# 16580 फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा यातायात के लिए बहाल

## जंस्कर के लोगों को मिली बड़ी राहत, बीआरओ ने 55 दिन के भीतर पिघलाई 20 फुट ऊंची बर्फ की दीवार



16580 फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा को हरी झंडी दिखाकर यातायात के लिए बहाल करते हुए।

**कमलेश वर्मा, लाहौल-स्पीति**

आखिर डेढ़ महीने बाद सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीमू पदुम दारचा (शिंकुला दर्रा) सड़क मार्ग में वाहन दौड़ना शुरु हो गए हैं। 16580 फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा बहाल होने से जंस्कर लोगों को राहत मिली है।

शिंकुला दर्रा बहाल होने से जंस्कार घाटी के 20 हजार से अधिक लोगों को बड़ी राहत मिल गई है। बीआरओ योजक परियोजना की 126 आरसीसी के जवानों ने 55 दिन के भीतर 20 फुट ऊंची बर्फ की दीवार पिघलाकर यह सफलता हासिल की है। शिंकुला दर्रे के खुलने से बाया निम्मू पदुम होते हुए लेह-लद्दाख मनाली से जुड़ गया है। बीआरओ की योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर रविंद्र कुमार साह ने शिंकुला में वाहनों को हरी झंडी देकर आर पार करवाया।

इससे पहले शिंकुला दर्रा बहाल होने पर छोटे वाहन शिंकुला से पद्दुम व पद्दुम से बाया कारगिल होकर लेह पहुंचते थे, लेकिन 20 साल की कड़ी मेहनत के बाद बीआरओ ने पद्दुम निम्मू सड़क बनाकर देश के सीमावर्ती क्षेत्रों को मजबूती दी है। बीआरओ ने इस साल 14 फरवरी को शिंकुला दर्रा बहाल कर रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन 17 के बाद भारी हिमपात होने से शिंकुला दर्रे में 15 से 20 फुट उंचे बर्फ के ढेर लग गए थे। बीआरओ के जवानों ने 45 दिन की कड़ी मेहनत से 20 फुट ऊंची बर्फ की दीवार को पिघलाकर जंस्कार घाटी सहित लेह-लद्दाख के लोगों को राहत दी। (अनंत ज्ञान)

### जंस्कर-मनाली के बीच पर्यटन कारोबार बढ़ेगा

**शिंकुला** दर्रे के बहाल होने से जंस्कर-मनाली के बीच पर्यटन कारोबार बढ़ेगा, जिससे जंस्कर के लोगों को भी राहत मिलेगी। इस साल पर्यटकों में मार्च के अंतिम सप्ताह बनकर तैयार हुए निम्मू पद्दुम मार्ग को देखने की होड़ मचेगी। इससे साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जंस्कर घाटी की खूबसूरती निहारने हजारों पर्यटक शिंकुला होते हुए जंस्कर घाटी जाएंगे।



दर्रे के खुलने से मनाली और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के जंस्कर क्षेत्र के बीच बहुत वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। शिंकुला रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण निम्मू-पदम-दारचा (एनपीडी) सड़क पर एकमात्र दर्रा है, जो मनाली से दारचा, पदम और निम्मू के माध्यम से लेह से जोड़ने वाला तीसरा बेहतर विकल्प है। एनपीडी में शिंकुला एकमात्र दर्रा है, जिस पर सुरंग का काम शुरू होने वाला है, जिससे यह हर मौसम में चलने वाली सड़क बन जाएगी। इससे न केवल रक्षा क्षमता बल्कि सामाजिक आर्थिक विकास भी बढ़ेगा। **-रविंद्र कुमार साह, चीफ इंजीनियर बीआरओ योजक परियोजना।**

# मोटर कार रैली में ओवरआल विजेता बने कुल्लू के हैप्पी वर्मा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



एसजेओबीए मोटर कार रैली का 37वें संस्करण में कुल्लू के हैप्पी वर्मा ने ओवरआल विजेता बनकर कुल्लू जिले का नाम रोशन किया है। सेंट जांस ओल्ड बॉयज एसोसिएशन की ओर से एसजेओबीए मोटर कार रैली का 37वां संस्करण का आयोजन किया गया था। इस मोटर रैली में कुल्लू के हैप्पी वर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरआल विजेता खिताब जीता।

हैप्पी वर्मा की इस उपलब्धि पर जहां कुल्लू में खुशी का माहौल है, वहीं हैप्पी वर्मा भी अपने इस प्रदर्शन से गदगद हैं। इन रैली में पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए बहु-क्षेत्रीय मार्ग से गुजरी दो डब्ल्यूडी श्रेणी में समग्र विजेता रहते हुए ये कारनामा कर दिखाया है। प्रतियोगिता में सुहैल अहमद और नितीश भारद्वाज ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। चार डब्ल्यूडी टीम ट्रॉफी हरजी मोटर स्पोर्ट्स को मिली, जबकि दो डब्ल्यूडी का खिताब टीआर दो रेसिंग इंडिया ने जीता। रैली पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए एक बहुक्षेत्रीय मार्ग का अनुसरण करती हुई अंततः सेंट जांस हाई स्कूल, सेक्टर 26 में फ्लैग-इन प्वाइंट तक पहुंची। मेजबानों ने प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए चंडीगढ़ क्लब में एक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इस आयोजन में हैप्पी वर्मा को ऑल ओवर विजेता के रूप में सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### श्याम बने रिवर राफ्टिंग पिरडी टू बजौरा के अध्यक्ष



कुल्लू-मनाली रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन पिरडी टू बजौरा की नई कार्यकारिणी।

**कुल्लू।** मनाली रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन पिरडी टू बजौरा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से श्याम अत्री को चेयरमैन बनाया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष पद पर हुक्म सिंह को विराजमान किया गया है। चेयरमैन श्याम अत्री ने बताया कि इस मौके पर कार्यकारिणी का गठन करते हुए सचिव के पद पर राकेश कुमार, सह सचिव के तौर पर ओम प्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि मुख्य सलाहकार भीम प्रकाश शर्मा को बनाया गया है। इस मौके पर चेयरमैन श्याम अत्री और अध्यक्ष हुक्म सिंह ने कहा कि वह राफ्टिंग करवाने वालों को आ रही समस्याओं को प्रशासन और सरकार के साथ मिलकर दूर करने का प्रयास करेंगे। साथ में पर्यटकों को ब्यास नदी में बेहतर राफ्टिंग सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

### चार शिक्षक एक्सपोजर विजिट को चयनित

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति से पहली बार चार शिक्षकों का चयन एक्सपोजर विजिट के लिए हुआ है। चारों शिक्षक सिंगापुर रवाना हुए हैं, इनमें सुरिंदर कटोच, अरुण कुमार, थाइल यानचाने और कलजंग रिंचेस शामिल हैं। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर विजिट के तहत शिक्षकों को विदेश में प्रशिक्षण देने के लिए वीरवार को 101 शिक्षकों का दूसरा समूह दिल्ली से सिंगापुर के लिए रवाना हुआ, जिसमें चयन प्रक्रिया एवं सरकार के मानकों पर खरा उतरने वाले लाहौल-स्पीति के चार शिक्षकों का भी पहली बार इस एक्सपोजर विजिट ग्रुप में चयन हुआ है। यह समूह चार से नौ अप्रैल तक सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली, अपने शिक्षक के क्षेत्र में उत्कृष्टता मानकों के लिए प्रयास करेगा और प्रशिक्षण प्राप्त करेगा।

### जीवन जीने के महत्व के बारे में बताया

**कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आठ दिवसीय आयोजन भुंतर (खोखन ) में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान योग, ध्यान, गहन ज्ञान और श्वास तकनीक सुदर्शन क्रिया को सिखाया जा रहा है। वहीं, प्रशिक्षक बलदेव ठाकुर ने बताया कि इस प्रोग्राम का समापन 6 अप्रैल को होगा। शिविर में कुल्लू के विभिन्न जगहों से लगभग 40 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। आठ दिवसीय प्रोग्राम में योग शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को जीवन जीने के महत्व की कला सिखाई जा रही है। प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थियों को योग, साधना से ऊर्जा का संचार होने से जीवन में आने वाली प्रत्येक परिस्थितियों से आगे बढ़ सकें।

### 11 अप्रैल को आनी में होंगे क्रिकेट ट्रायल

**आनी।** 7 सालों में 15 नेशनल कैंप के खिलाड़ी देने वाले प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध कुल्लू जिला क्रिकेट अकादमी के क्रिकेट सबसेंटर आनी में नए सेशन के लिए क्रिकेट ट्रायल 11 अप्रैल को आनी में होंगे। यह ट्रायल आनी के हिमालयन मंडल स्कूल के खेल मैदान में होंगे। क्रिकेट अकादमी आनी के कोच प्रेम पॉल ने बताया कि नए सेशन 2024-25 के लिए आनी में 10 से 18 साल के बच्चों के लिए क्रिकेट के ट्रायल 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शुरू होंगे।

### माल रोड पर मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**मनाली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर मनाली माल रोड में शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। डॉ. भीम राव अंबेडकर एवं नव युवा मंडल मनाली के अध्यक्ष लक्की ने बताया कि इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 14 अप्रैल को इस अवसर पर माल रोड में मंच सजाकर कार्यक्रम होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा बच्चों की भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। विभिन्न प्रतियोगिताएं जिनमें भाषण प्रतियोगिता पर्यावरण, संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर की जीवनी, नशा निवारण, स्वच्छता आदि विषयों पर होगी।

### मेले के सफल आयोजन के लिए कसी कमर

**सैंज।** कुल्लू जिले के सैंज में तीन से सात मई तक मनाए जाने वाले जिला स्तरीय सैंज मेले के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। आचार संहिता लागू होने के बीच में हो रहे मेले में कोई चूक न हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने फूंक-फूंक कर कदम रखा है। वीरवार को जिला स्तरीय सैंज मेले की महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम बंजार पंकज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें घाटी के पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। मेले में पधारने वाले देवी-देवताओं की सुरक्षा और आस्था को कोई ठेस न पहुंचे इसके लिए मेला कमेटी हर वक्त सहयोग करेगी।

# सूत्रधार भवन में विद्यासागर की गायकी से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



मुख्यातिथि का स्वागत करते सूत्रधार कला संगम के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू के द्वारा स्व. लाल चंद प्रार्थी की जयंती को सूत्रधार भवन के सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में भुट्टिको के अध्यक्ष एंव पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इसके साथ कार्यक्रम में आए कांगड़ा कॉ-ओपरेटिव निदेशक मंडल के सदस्य ओर उनकी धर्म पत्नी प्रेमलता ठाकुर, पूर्व महाप्रबंधक भुट्टिको रमेश ठाकुर व रोटरी क्लब कुल्लू के जिलाध्यक्ष अंशुल पराशर को भी संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर स्व. लाल चंद प्रार्थी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात ट्विंकल, करिश्मा, धनवंती, रिया, श्वेता, सरला, संजय कुमार, जीवन बुडाल, अमित महंत व पं. विद्यासागर ने अपनी गायकी से सभागार में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा मानवी शर्मा ने कविता प्रस्तुत की।

# आशा क्लब सरवरी में होगा मतदान केंद्र

**कुल्लू।** कुल्लू विधानसभा ओर आनी में मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। वीरवार को जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने कहा कि कुल्लू में तीन व आनी में एक मतदान केंद्र के स्थान व भवन को बदला गया है।

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र 44-सरवरी स्थित टीचर होम सरवरी मतदान केंद्र अब आशा क्लब सरवरी में, 101 भुंतर-111 को वन परिक्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय भुंतर से बदल कर नायब तहसीलदार कार्यलय भुंतर तथा 140-धारा ड़ीके चौंग स्कूल स्थित धारा मतदान केंद्र को बदल कर ड़ीके चोंग स्कूल स्थित धारा किया गया है। आनी के डुहाड़-तीन मतदान केंद्र को बदल कर बनाला स्कूल स्थित डुहाड़ किया गया।

# रवि ठाकुर दगाबाज और रामलाल मार्कंडेय दल-बदलू नेता : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

इंटक के प्रदेश वरिष्ठ महासचिव सुरेंद्र शौंढ़ा ने कहा है कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर दगाबाज निकले और उन्होंने पार्टी ही नहीं जनता के साथ भी धोखा किया है। वहीं, पूर्व विधायक डॉ. रामलाल मार्कंडेय भी पार्टी बदलने वाले नेता हैं। सुरेंद्र शौंढा ने वीरवार को लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार का एलान करते हुए कहा कि मेरा परिवार कांग्रेस पार्टी से 1972 के दौरान से जुड़ा है। मैंने भी कांग्रेस पार्टी की वानर सेना से अपना काम शुरू किया था। उसके बाद पार्टी में अलग-अलग पदों पर काम करने का मौका मिला, जिसके चलते अब मेरी दावेदारी भी यहां से प्रबल बनती है।





प्रेसवार्ता को संबोधित करते सुरेंद्र शौंढ़ा, साथ हैं अन्य।

उन्होंने इस दौरान रवि ठाकुर पर प्रहार करते हुए कहा कि वह दगाबाज निकले हैं उन्होंने न सिर्फ लाहौल-स्पीति की जनता पर उपचुनाव थोपा है, बल्कि घाटी की जनता को भी धोखा दिया है साथ में कांग्रेस पार्टी के साथ दगाबाजी की है ऐसे में घाटी की जनता उन्हें किसी भी सूरत में माफ नहीं करेगी, जबकि दूसरी तरफ डॉक्टर रामलाल मार्कंडेय भी पार्टी बदलने वाले नेता हैं हालांकि वह पहले कांग्रेसी विचारधारा के थे जिन्होंने 1998 में पंडित सुखराम के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी को हास्य पर लाने का प्रयास किया था। उसके बाद उन्होंने भाजपा ज्वाइन की। इसके बाद उन्होंने घाटी में अपनी भाजपा खड़ी करने का प्रयास किया, जिसके चलते यहां भाजपा भी दो धड़ों में बनती हुई है, लेकिन अब कांग्रेस पार्टी से टिकट लेने की फिराक में है।

# कुल्लू अस्पताल में आपदा प्रबंधन बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की स्टूडेंट्स ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपस्थित सभी लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया।

वीरवार को कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में उपस्थित लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार के साथ जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने प्रांगण में उपस्थित सभी को आपदा प्रबंधन की प्रक्रिया व उद्देश्य जो कि आपदा से होने वाले हानिकारक प्रभावों को कम करने की पूर्ति में अपनी संपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने का आग्रह किया। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए सभी लोगों को आपदा प्रबंधन का पूरा ज्ञान होना चाहिए क्योंकि प्रत्येक वर्ष आपदाओं के कारण जान-माल का नुकसान अत्यधिक होता है, जिससे लोगों को जागरूक करके कम करने का प्रयत्न किया जा सकता है।



क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करती हुई।

## भूकंप से बचाव के उपायों की दी जानकारी



**पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरिपुर में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। वीरवार को स्कूल में भूकंप संबंधी सतर्कता बरतने के लिए एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल का आयोजन चार अप्रैल 1905 को प्रदेश के कांगड़ा जिले में आए प्रलयंकारी भूकंप में जान गंवा चुके हजारों लोगों के लिए समर्पित था। इसलिए इस अवसर पर भूकंप में जान गंवा चुके हजारों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्कूल के सभी कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्रों ने दो मिनट का मौन रखा। इसके साथ ही स्कूल के सभी विद्यार्थियों को अचानक से आए भूकंप के दौरान खुद को कैसे सुरक्षित रखना है और किस तरह से बचाव के उपाय करने हैं इसके बारे में स्थानीय स्कूल की आपदा प्रबंधन प्रभारी शीला बाली ने विस्तार के साथ जानकारी दी। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य जय सिंह वर्मा ने अपने संबोधन में स्कूल के छात्रों के साथ आपदा से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया।

# भ्रष्टाचार को रोकने के होंगे भरपूर प्रयास : मेघ सिंह

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भ्रष्टाचार रोकथाम के लिए नेशनल एंट्री करप्शन ट्रस्ट ऑफ इंडिया नई दिल्ली के चेयरमैन महेंद्र मेघवंशी ने कुल्लू के सामाजिक कार्यकर्ता मेघ सिंह कश्यप को फिर से नेशनल जनरल सेक्रेटरी बनाया है।



महेंद्र मेघवंशी ने कहा कि मेघ सिंह कश्यप एक ईमानदार व्यक्तित्व व स्वच्छ छवि के इंसान हैं इस लिए इन्हें पुनः यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं। महेंद्र मेघ वंशी ने कहा कश्यप एक निर्भीक पत्रकार के साथ एक अच्छे समाज सेवी भी हैं, जो ईमानदारी के साथ सच्चे मन से सामाजिक कार्य को पूरा करते हैं। वहीं, नवनियुक्त जनरल सेक्रेटरी मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे नेशनल चेयरमैन मेघ वंशी ने सौंपी है, उसे हम ईमानदारी और पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने नेशनल चेयरमैन महेंद्र मेघवंशी का आभार प्रकट किया। देश में भ्रष्टाचार की जड़े फैलती जा रही हैं। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं बचा, जहां भ्रष्टाचार के असुर ने अपने पंजे न गड़ाए हों। घूसखोरी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आना होगा और मिलकर घूसखोरी को रोकना होगा।

# लाहौल-स्पीति में उपचुनाव पर कांग्रेस कमेटी कल करेगी मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर भाजपा के बाद अब कांग्रेस भी तैयारियों में जुट गई है।

इसको लेकर अब लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला मुख्यालय केलांग में 6 अप्रैल को होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल सहगल ने बताया कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर मंथन किया जाएगा। वहीं, जिला अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने पार्टी के सभी जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, तीनों ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस व सभी फ्रंटल के जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं से अपील की है कि सभी इस बैठक में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में मंत्री जगत सिंह नेगी और मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर विशेष रूप से पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान ओल्ड बस स्टैंड से रास बिहारी चौक तक केंद्र सरकार व कांग्रेस के बागी नेताओं के खिलाफ रैली भी निकाली जाएगी।

**परेशानी** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में कई ओपीडी में लटका ताला, बिना उपचार लौटे रोगी

# ओपीडी के बाहर दर्द से कराहते रहे मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यरो, कुल्लू**

चार जिलों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने का दावा करने वाले क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मरीजों को सही उपचार नहीं मिल रहा है। चिकित्सकों ने ओपीडी में समय पर बैठना ही बंद कर दिया है।

इस कारण मरीजों को उपचार के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को दोपहर तक ओपीडी में चिकित्सक न होने के कारण मरीज दर्ज से कराहते हुए चिकित्सक के आने का इंतजार करते रहे। ऐसे में अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा का मरीजों को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, इस कारण



क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।

मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को अस्पताल में लगभग आठ सौ से अधिक मरीज उपचार करने के लिए पहुंचे। मरीजों ने उपचार के लिए पर्ची तो काट ली। पर्ची काटने के बाद जब मरीज ओपीडी के पास पहुंचे, तो वहां पर चिकित्सक न होने के कारण उनका दर्द और बढ़ गया। अस्पताल में उपचार करने के लिए पहुंचे मरीज किरण ठाकुर, सुमिता, आकांक्षा, कमला ने बताया कि वह सुबह से उपचार के लिए ओपीडी के बाहर चिकित्सक का इंतजार करते रहे, लेकिन चिकित्सक के ओपीडी में न होने के चलते उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी। अगर चिकित्सक समय पर ओपीडी में बैठते हैं, तो मरीजों का उपचार समय पर हो सकता है, लेकिन अस्पताल में मरीज मनमर्जी से ओपीडी में बैठते हैं। स्वास्थ्य विभाग से आग्रह किया कि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सक को समय पर ओपीडी में बैठने के निर्देश दें, ताकि मरीजों सहित तीमारदारों को परेशानी न झेलनी पड़ सके।

अस्पताल में कुछ एक चिकित्सक ऑपरेशन पर थे, तो कुछ चिकित्सक छुट्टी पर थे। इस कारण मरीजों को दिक्कतें पेश आई। चिकित्सकों को निर्देश दिए जाएंगे कि वे समय पर ओपीडी में बैठें, ताकि मरीजों का समय पर उपचार हो सके। **डॉ. नरेश चंद, चिकित्सक अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।**



# वायरल फीवर ने जकड़ा बिलासपुर हर रोज अस्पताल पहुंच रहे दर्जनों मरीज

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, बदलते मौसम के कारण लोग हो रहे बीमार

**शिवानी वर्मा, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला वायरल फीवर की चपेट में आ गया है। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में प्रतिदिन दर्जनों लोग अपना इलाज करवाने के लिए पहुंच रहे है। यहां पर सुबह से लोग अपनी पर्ची बनाने के लिए लंबी कतारों में लग रहे हैं। क्योंकि यहां पर पर्ची बनाना ही लोगों के लिए सबसे बड़ा चैलेंज हो गया है।

**पर्ची बनाने के लिए लग रही लंबी-लंबी कतारें**

वीरवार की बात करें तो यहां पर सुबह के समय से ही मरीज लंबी लाइनों में लगना शुरू हो गए थे। यहां पर अधिकतर मरीज एमडी के पास चेकअप के लिए आए हुए थे। वहीं, बिलासपुर जिला में इन दिनों वायरल फीवर बढ़ने लगा है। इसका मुख्य कारण मौसम में हुए बदलाव के चलते हो रहा है। चिकित्सकों ने भी लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम के चलते अपने आप को अभी तक कवर रखें, क्योंकि अब सर्दी का मौसम जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अगर आपको हल्का सा भी फीवर महसूस हो रहा है तो तुरंत चिकित्सक के पास अपना चेकअप करवाएं। बिना चिकित्सक की सलाह से कोई भी दवा का सेवन न करें। चिकित्सकों का मानना है कि मौसम में बदलाव से इस तरह के मामले आते है। ऐसे में लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है।

उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि अभी तक पंखों और एसी का कम प्रयोग करें। ऐसे में बुखार के प्रभाव से बचाव किया जा सकता है। गले में खराश और खांसी, हल्का बुखार आना, कमर दर्द होना, सिर दर्द होना वायरल फीवर के लक्षण है। (अनंत ज्ञान)





बिलासपुर अस्पताल में पर्ची बनाने के लिए लगी लंबी-लंबी कतारें।

### वायरल फीवर पर लोगों को करें जागरूक

**उधर,** इस संदर्भ में जब चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके भारद्वाज से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों वायरल फीवर के मरीज पहुंच रहे हैं। यहां पर चिकित्सकों को सख्त आदेश जारी किए गए हैं कि प्रथम प्राथमिकता के आधार पर वायरल फीवर के मरीजों का उपचार किया जाए। लोगों को वायरल फीवर के संदर्भ में जागरूक भी किया जा रहा है।

# कुप्रचार बंद करे भाजपा : रामलाल ठाकुर

## नयनादेवी के विधायक व पूर्व मंत्री ने बीजेपी पर जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने कहा है कि राहुल गांधी द्वारा कही गई किसी भी सीधी बात को वास्तविक संदर्भ से निकाल कर तोड़-मरोड़ कर पेश करने व कुप्रचार करने की भाजपा के बड़े-बड़े केंद्रीय नेताओं की आदत हद तक पहुंच चुकी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामलाल ठाकुर ने कहा कि और तो और प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे नरेंद्र मोदी भी इस प्रकार के झूठे प्रचार में शामिल होने की गलती कर रहे हैं और चुनाव आयोग तमाश्वीन बना हुआ है।

रामलाल ठाकुर ने कहा कि ऊधमपुर नगर के रुद्रपुर की चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'दस साल सत्ता से बाहर रहे तो आग लगने की करने लगे हैं, लोकतंत्र में कांग्रेस को भरोसा नहीं है'। रामलाल ठाकुर ने कहा कि वास्तव में प्रधानमंत्री ने दिल्ली में रामलीला मैदान में हुई इंडिया गठबंधन की रैली में राहुल गांधी द्वारा कही गई एक बात को तोड़-मरोड़ कर जिस प्रकार पेश किया है वह इतने ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति को कतई शोभा नहीं देता। विशेष रूप से इसे चुनाव के समय केवल मात्र एक अफवाह फैलाने के सिवा कुछ नहीं माना जा सकता है। रामलाल ठाकुर ने कहा कि प्रधान मंत्री को राहुल गांधी के उस वक्तव्य को फिर से ध्यान से पढ़ना चाहिए कि राहुल गांधी ने वह बात किस संदर्भ में और किन शर्तों के नीचे कही थी। राहुल गांधी ने कहा था कि यदि केंद्र में सत्ता के नशे में चूर होकर देश पर तानाशाही थोपने की कोशिश की तो देश के लोग इसे कभी बरदास्त नहीं करेंगे। रामलाल ठाकुर ने चुनाव आयोग से प्रधान मंत्री के वक्तव्यों के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया है और कहा है कि राहुल गांधी के वक्तव्यों पर तो उनकी बहुत पैनी नजर है पर प्रधानमंत्री के वक्तव्यों को चुनाव आयोग क्यों नहीं देखता और यदि देखता है तो राहुल गांधी पर तो कार्रवाई हो जाती है पर प्रधानमंत्री के ऐसे वक्तव्यों पर क्यों कार्रवाई नहीं होती।



रामलाल ठाकुर।

### बिलासपुर में आज बनाए जाएंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बिलासपुर प्रवीण कुमार ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल को 10:00 बजे दिव्यांग जनों के लिए चिकित्सा जांच क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के नई ओपीडी परिसर के कमरा नंबर 203 में की जाएगी, ताकि उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए जा सकें। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत डॉ. सतीश शर्मा शिशु रोग, डॉ. भूपेंद्र शर्मा आंख नाक गला, डॉ. रविंद्र ठाकुर सर्जन, डॉ. तरुण कुमार हड्डी रोग सर्जन, डॉक्टर ईशानी गुप्ता आंखों की सर्जन, डॉ. नरेश चैहान मेडिसिन तथा डॉ. नीलम कुमारी व मनोचिकित्सक ज्योत्सना गौतम आदि शामिल होंगे।

### बाड़ी में मिला तेंदुए के शावक का शव

**घुमारवीं।** घुमारवी उपमंडल के तहत पडयालग पंचायत के बाड़ी गांव में लोगों को सड़क किनारे तेंदुए के शावक का शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही लोग मौके पर पहुंच गए। इस पर विभाग को सूचित किया गया। विभाग के अधिकारियों ने शावक को कब्जे में लेकर जांच की गई तो वह तेंदुए का शावक न होने के बजाय जंगली प्रजाति की बिल्ली पाई गई। विभाग ने पूरी प्रक्रिया के बाद उसे जला दिया गया। इससे पहले सोशल मीडिया पर पूरी तरह से चर्चा फैल गई कि बाड़ी गांव में तेंदुए का शावक मरा हुआ है। इस पर कुछ लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग के गार्ड को दी। गार्ड द्वारा उस शावक को कब्जे में लेकर निहारी स्थित कार्यालय ले जाया गया। जहां पर वन विभाग के रेंज अधिकारी मदन लाल सहित वीओ व अन्य कर्मी मौजूद हुए। जंगली बिल्ली का शव पूरी तरह से तेंदुए से मिलता है प्रतीत हुआ। इसके बाद अधिकारियों ने शव के फोटो खींचकर विशेषज्ञों को भेजे गए। लेकिन इसकी पहचान होना मुश्किल हो रहा था। अंत में इस शावक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पूरी विभागीय प्रक्रिया के बाद शव को जला दिया गया। आरओ भराड़ी मदन लाल ने खबर की पुष्टि की है।

# घुमारवीं बाजार में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पुलिस थाना घुमारवीं के तहत घुमारवीं बाजार में वीरवार सुबह एक युवक का शव संदिग्थ परिस्थितियों में मिला है। लोगों ने शव को देखा तो भीड़ जुट गई। लोगों द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के लिए भेज दिया।

मृतक युवक की पहचान 32 वर्षीय कुलविंद्र धीमान गांव बाड़ी मझेड़वां तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह घुमारवीं बाजार में गांधी चौक के पास बनी दुकानों के पीछे कुछ लोगों ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में लेटा हुआ देखा। इसके बाद लोगों द्वारा युवक को जगाने का प्रयास किया गया। लेकिन जब काफी देर तक युवक के शरीर में कोई हलचल नहीं दिखाई दी, तो इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक नशे का आदी था। इस पर पुलिस थाना घुमारवीं में मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक के घर वालों को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद युवक का भाई मौके पर पहुंचा, जिसने शव की शिनाख्त की। युवक के भाई ने पुलिस को बताया कि युवक पिछले डेढ़ साल से घर नहीं आ रहा था। युवक के भाई ने युवक की मौत पर किसी भी तरह का शक नहीं जताया। इसके बाद पुलिस ने युवक के भाई का बयान दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए घुमारवीं अस्पताल पहुंचाया।



शव मिलने के बाद छानबीन में जुटी पुलिस।

### नशे का आदी था युवक : डीएसपी

**वहीं,** डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि लोगों ने फोन द्वारा पुलिस को सूचना दी कि बाजार में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उन्होंने बताया कि उन्हें पता चला है कि युवक नशे का आदी था। इस पर पहले ही पुलिस थाना घुमारवीं में मुकदमा दर्ज है, लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लगाया जा सकेगा।

### 120 बोतल अवैध देसी शराब पकड़ी

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति से 120 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गत बुधवार तीन अप्रैल को पुलिस थाना घुमारवीं की एक टीम गस्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गगन निवासी गांव घुमानी डाकखाना कंदरौर तहसील घुमारवीं में अपने घर से शराब बेचने का अवैध धंधा करता है। इसके बाद पुलिस टीम ने उपरोक्त व्यक्ति के घर व गोशाला के तलाशी ली। इसी दौरान गोशाला के पीछे लगाए गए घास के ढेर के पास रखे गए तरपाल को जब पुलिस ने हटाया तो इस तरपाल के नीचे संतरा मार्क की देसी शराब की करीब दस पेटियां रखी पाई गई। वहीं, मामले की पुष्टि डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने की है।

# मॉकड्रिलः बिलासपुर में लगे भूकंप के झटके

## भूकंप से बचने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन कर लोगों को किया जागरूक



मॉकड्रिल के दौरान लोगों को जागरूक करने का दौर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आपदा के समयत्वरित कार्रवाई को अंजाम देने के लिए समय-समय पर की जा रही मॉकड्रिल अत्यंत आवश्यक व प्रभावी है। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने आज कांगड़ा में आए भूकंप के स्मरणीय उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर में आयोजित मॉक ड्रिल के उपरांत यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 5.2 गति का भूकंप उपायुक्त कार्यालय में मॉक ड्रिल का केंद्र रहा।

मॉकड्रिल के माध्यम से बिल्डिंग के अंदर फंसे आठ लोगों को बाहर निकल गया जिनमें से सात आंशिक रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि एक व्यक्ति को गंभीर अवस्था में क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर भेजा गया। इस मॉकड्रिल में होमगार्ड फायर विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कर्मचारी सम्मिलित थे। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रकार के मॉकड्रिल जिला में निरंतर रूप से किए जाते हैं ताकि आपदा के समय हमारा यह प्रशिक्षण काम आए और लोगों की जान माल की रक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जाए ।उन्होंने बताया कि कॉल डैम भाखड़ा डैम एवं अन्य क्षेत्र में इस प्रकार की मॉकड्रिल की जाती रही है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल प्रशिक्षण का एक हिस्सा है जो अत्यंत महत्वपूर्ण है जो कार्य शक्ति को प्रदर्शित करता है तथा अपनी कमियों को ठीक करने के लिए हमें प्रेरित करता है।

### एडवोकेट नितिन कौंडल को सौंपी कमान

**बिलासपुर।** बिलासपुर के एडवोकेट नितिन कौंडल को भाजपा नयनादेवी अपर मंडल कार्यकारणी में विधि प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है, ताकि विधि क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिल सके। नितिन कौंडल इससे पहले श्रीनयना देवी विधानसभा क्षेत्र एससी मोर्चा के महामंत्री और एससी मोर्चा जिला प्रवक्ता रह कर पार्टी को अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पार्टी द्वारा उनकी बेहतर सेवाओं को देखते हुए उन्हें अब नई जिम्मेदारी प्रदान की है और उनसे पार्टी के प्रति बेहतर कार्य की अनवर जताई है। वहीं, नितिन कौंडल की नियुक्ति से जहां उनके जुखाला क्षेत्र के युवाओं और पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है वहीं नितिन कौंडल को क्षेतरवासियों द्वारा बधाई संदेश दिए जा रहे हैं। वहीं, एडवोकेट नितिन कौंडल ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, जिला भाजपा सहित मंडल अध्यक्ष लेखराम ठाकुर और श्रीनयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।

# राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला आज से

## मंडलायुक्त मंडी राखिल काहलों करेंगी मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव को लेकर बाजार सज गया है। प्रशासन ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। अभी हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से इस मेले को राज्य स्तरीय दर्जा दिया गया है। पांच से नौ अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले का मंडलायुक्त मंडल मंडी राखिल काहलों बैल पूजन व खूंटा गाड़कर मेले का शुभारंभ करेंगी।

जबकि समापन अवसर पर उपयुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले में छह से नौ अप्रैल तक एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों व स्टार नाइट का आयोजन होगा। मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप लोगों का मनोरंजन करेंगे। जबकि पहली सांस्कृतिक संध्या में गौरव कौंडल धमाल मचाएंगे। वहीं, सात अप्रैल की सांस्कृतिक संध्या में प्ले बैक सिंगर मुख्य कलाकार होंगे। वहीं, मेले की तीसरी संस्कृतिक संध्या में चंबा जिला के कलाकार काकू राम ठाकुर भी दर्शकों को नचाएंगे। इसके अलावा तीसरी सांस्कृतिक में इशांत भारद्वाज पहाड़ी गीतों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। वहीं कुश्तियां इस मेले का विशेष आकर्षण होंगी। मेले में आयोजित होने वाली कुश्तियां चार वर्गों में आयोजित की जाएंगी। पांच अप्रैल को बेबी शो, बुजुर्ग शो का आयोजन किया जाएगा।



घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव मेले में सजी दुकानें।

### ये रहेंगे मेले में आकर्षक का केंद्र

**इसके** साथ मेले को और आकर्षक बनाने के लिए पांच अप्रैल को डॉग शो भी करवाया जाएगा। जबकि सात अप्रैल को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इनमें कबड्डी, बैडमिंटन, वालीबॉल सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे।

### झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# चुनाव को लेकर कार्यकर्ता कस लें कमर : कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता मंडल भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कस ली है। इसके मद्देनजर वीरवार को पार्टी के झंडूता कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इसके तहत छह अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में झंडूता में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पूर्व मुख्यामंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे।

वहीं, 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में बल्हसीणा में आयोजित किए जाने वाले भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि केंद्र सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। इस अवधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। मोदी सरकार की बदौलत बिलासपुर जिला में भी विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं।



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते जीतराम कटवाल

### झंडूता में छह साल में विकास कार्यों पर खर्च किए 1200 करोड़ रुपए

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र में पिछले छह वर्षों में विकास कार्यों पर 1200 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से 300 करोड़ रुपए पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र के विकास पर खर्च हुए हैं। इसमें बागछाल पुल का निर्माण भी शामिल है। हिमाचल का प्रवेश द्वार बनने जा रहे बागछाल पुल से कोटधार क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदल जाएगी। इसका श्रेय केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार को जाता है।

# अधूरे कामों का उद्घाटन कर सीएम ने जनता को ठगा : जीतराम कटवाल



बागछाल पुल का काम अभी अधूरा। पुल की शटरिंग तक नहीं निकाली।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले झंडूता विधानसभा क्षेत्र में बागछाल पुल समेत कई अन्य कार्यों के उद्घाटनों और शिलान्यासों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सवालों के कटघरे में खड़ा किया है।

उन्होंने कहा कि चुनावी बेला में अपने सवा साल की तथाकथित उपलब्धियों को लेकर खूब डींगें हांक रहे मुख्यमंत्री को पहले यह बताना चाहिए कि आधे-अधूरे कार्यों का उद्घाटन करके उन्होंने झंडूता विधानसभा क्षेत्र की जनता की भावनाओं का अपमान क्यों किया। इन उद्घाटनों और शिलान्यासों को लेकर झंडूता मंडल भाजपा द्वारा पारित किए गए निंदा प्रस्ताव की प्रति भेजने के साथ उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। उन्होंने मांग की कि गलत ढंग से किए गए इन उद्घाटनों को रद करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में जीतराम कटवाल ने कहा है कि गत 16 मार्च को लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने से महज डेढ़-दो घंटे पहले झंडूता विधानसभा क्षेत्र में बागछाल पुल, काहरवीं पेयजल योजना, कलोल उपतहसील भवन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऋषिकेश का उद्घाटन कर दिया गया। इनमें से कोई भी काम अभी पूरा नहीं हुआ है। बागछाल पुल का काम कांग्रेस सरकार के ही कार्यकाल में तकनीकी खामी का हवाला देकर बंद कर दिया गया था।

### सड़क से अभी तक नहीं जुड़ा पुल

**2017** से 2022 तक भाजपा सरकार के समय किए गए प्रयासों की बदौलत इस पुल का सपना साकार हो पाया है। हालांकि अभी पुल की शटरिंग भी नहीं निकाली गई है। यहां तक कि नयनादेवी क्षेत्र की ओर से पुल अभी तक सड़क से जुड़ा भी नहीं है। पुल का काम पूरा होने में दो-तीन महीने और लगेंगे। इसके बावजूद आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले आनन-फानन में इसका उद्घाटन कर दिया गया।

**आयोजन**

### अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

# गायिका जॉनी ठाकुर के गानों पर झूमा भराड़ी

**अनंत ज्ञान, डंगार चैक**

जिला स्तरीय अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव एवं छिंज मेला भराड़ी की दूसरी सांस्कृतिक सांध्य का आयोजन मेला कमेटी प्रधान करतार सिंह चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्यातिथि के रूप में प्रसिद्ध व्यवसायी व समाजसेवी कमलदेव राव रहे। दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कमेटी सदस्यों द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय कलाकारों के अलावा हंसराज हिमाचली गायक ने ठंडी-ठंडी हवा चल दी से अपनी प्रस्तुति शुरू की और हिंदी पहाड़ी गानों पर अपनी प्रस्तुति दी उसके बाद हास्य कलाकार हिमाचल प्रदेश के मशहूर हास्य कलाकार प्रिंस गर्ग ने अपने हास्य काव्य से लोगों को लोटपोट किया। अंत में हिमाचल प्रदेश की प्रसिद्ध गायिका जॉनी ठाकुर ने दिल वे माही, इस ग्रां, देया लम्बड़ा तू मोहि अच्छरि, नाटी रा चस्का, हा, प्यारुआ बेईमाना, नान स्टाप नाटियों सहित हिंदी में पंजाबी गाने प्रस्तुत किया और उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



जिला स्तरीय अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव में सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देतीं कलाकार।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**इस** मौके पर तरसेम सिंह पठानिया, नंदलाल शर्मा, डीएसपी संजीव गौतम, जेके शर्मा, परमानंद ठाकुर, डॉ. रितिक शर्मा, अजय शर्मा, प्रकाश चंद, डॉ. रवि शर्मा, पंकज चैहान, अशोक बांथरा, देशराज धीमान, सतीश सहगल, सोहनलाल शर्मा, रामेश्वर शर्मा, डॉ तरसेमा चैधरी, इंदु शर्मा, यशवंत चैहान, रमेश शर्मा, डॉ रवि शर्मा, नीलम शर्मा, दिनेश शर्मा पूर्व निदेशक राज्य सहकारी बैंक, सतीश सहगल, सुरेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश, सुरेश शर्मा, नवीन चैधरी, रंजीव चैधरी, रजनीश धीमान सहित भारी संख्या में क्षेत्र की जनता मौजूद रहे।

### कुलारू में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**दधोल।** घुमारवीं उपमंडल कुलारू गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचन करते हुए कथावाचक पंडित आचार्य सुशील शर्मा ने भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय कोई आयु नहीं होती। उन्होंने बताया कि पृथ्वी लोक पर हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष दो असुरों ने भयंकर उत्पात मचा रखा था। देवताओं के आग्रह पर भगवान विष्णु ने हिरण्याकश्यप का वध कर दिया। इससे हिरण्यकश्यप बदले की आग में जलने लगा और शक्तियां प्राप्त करने के लिए तपस्या करने लगा। हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसका नाम भक्त प्रहलाद रखा इसके पश्चात् कयाधु अपने पुत्र को लेकर अपने महल आ गई। भक्त प्रहलाद के जन्म लेते ही वह भक्ति के सागर में डूब गया। वहीं, हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानता था और बदले की भावना में जल रहा था।

# आईपीएल के शुरुआती दस मैच 35 करोड़ लोगों ने देखे टीवी पर

**एजेंसी, मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने टीवी पर देखा है, जो टूर्नामेंट के पिछले किसी भी सीजन से ज्यादा है। बीएआरसी के आंकड़ों के मुताबिक, इस सीजन शुरुआती 10 मैचों को टीवी पर देखने वाले लोग पिछले 16 सीजन के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं।

टीवी पर ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर डिजनी स्टार ने बताया कि टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8,028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से 20 फीसदी अधिक है। आईपीएल के टीवी ब्रॉडकास्टर के प्रमुख ने कहा, 'टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम बेहद खुश हैं। हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ।' टीवी पर आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण हो रहा है।

इनमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित फेंस के लिए स्पेशल फीड भी शामिल है। आईपीएल में अब तक 16 मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से केवल छह मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीते हैं। वहीं, 10 मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों की जीत हुई। शुरुआती 16 में से 11 मैच घरेलू टीम ने जीते, जबकि पांच मैचों में मेहमान टीमों को जीत मिली। इस साल आईपीएल में अब तक कई रिकॉर्ड्स बने और टूट चुके हैं। इनमें सबसे बड़े स्कोर से लेकर एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड शामिल है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाए थे, जो इस लीग का उच्चतम स्कोर है।

वहीं, बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 272 रन बनाए, जो कि इस लीग का दूसरा उच्चतम स्कोर है। अब तक टूर्नामेंट में किसी बल्लेबाज ने शतक नहीं लगाया है। 26 अर्धशतक लग चुके हैं और 299 छक्के (बुधवार तक) मारे जा चुके हैं। केकेआर की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि राजस्थान दूसरे और चेन्नई तीसरे स्थान पर है।



दर्शकों की फाइल फोटो।

## पंत पर 24 लाख रुपए का जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बुधवार को खेले गए आईपीएल-2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा जारी एक आधकारिक बयान में कहा गया, 'न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम का यह सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।'



### महिला टी-20

## ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 77 रनों से हराया

**मीरपुर।** कप्तान अलिसा हीली 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के नाबाद 43 रनों की शानदार पारियों और उसके बाद कातिलाना गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश को 77 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान अलिसा हीली 29 गेंदों में 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के 29 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 155 रन का स्कोर खड़ा किया था। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम के खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने पिच पर टिक नहीं दिया।

उसके लगातार विकेट गिरते गए। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली और पूरी टीम 18.1 ओवर में 78 रन पर सिमट गई और उसे 77 रनों से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से हराने के बाद टी-20 सीरीज में भी बंगलादेश का सफाया कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग में पूरे किए 200 छक्के

**विशाखापत्तनम।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपने 200 छक्के पूरे किए। रसेल ने केवल 19 गेंदों में 215.79 के स्ट्राइक रेट से 41 रनों की तेज पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 17वें ओवर में मिशेल मार्श की गेंद पर छक्का जड़कर अपना 200वां छक्का पूरा किया। इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार को रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 100 विकेट पूरे किए थे। रसेल ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।



### भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे इगोर स्टिमक

**नई दिल्ली।** सीनियर भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक कुवैत और कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी भूमिका जारी रखेंगे।भारत को फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने की कोशिश को तब झटका लगा जब टीम पिछले महीने अफगानिस्तान से 1-2 से हार गई।



### बीजिंग डैक्सिंग हाफ मैराथन 2024 का आयोजन 27 अप्रैल को

**बीजिंग।** बीजिंग डैक्सिंग हाफ मैराथन 2024 का आयोजन 27 अप्रैल को होगा। इस साल के आयोजन में, जिसमें 6,000 धावक शामिल हैं, हाफ-मैराथन और 7 किलोमीटर की हैप्पी रन शामिल है। हाफ-मैराथन के लिए धावकों की आयु 16 वर्ष और उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि हैप्पी रन के लिए आयु सीमा घटाकर आठ वर्ष कर दी गई है। दौड़ से पहले 10-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धावकों के लिए पेशेवर मैराथन प्रशिक्षण मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय बैडमिंटन रेफरी बने धर्मशाला के विश्वनाथ

**धर्मशाला।** धर्मशाला से संबंध रखने वाले विश्वनाथ मनकोटिया बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित रायपुर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर रेफरी परीक्षा में 11 में स्थान पर रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश के पहले एवं इकलौते रेफरी बने हैं। इससे पहले विश्वनाथ मनकोटिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन प्रतियोगिता में मैच कंट्रोलिंग का काम कर चुके हैं। विश्वनाथ मनकोटिया ने बताया कि इसका श्रेय हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन एवं कांगड़ा जिला बैडमिंटन संघ को जाता है जिन्होंने समय पर मुझे जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन परीक्षा में बैठने एवं रेफरी करने का मौका दिया।



### रोजमेरी मैयर चोट के कारण इंग्लैंड वनडे सीरीज से बाहर

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। साथी तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड को उनके प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है। मैयर राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहीं थीं। उन्होंने सभी पांच टी-20 मैच खेले थे और 7.56 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए थे, लेकिन पहले वनडे से पहले ट्रेनिंग के दौरान उनकी पीठ में दर्द महसूस हुआ और इसके बाद वह मैच नहीं खेल सकीं। इंग्लैंड तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-0 से आगे है, जो आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है।



### नौसेना ने मुंबई पुलिस को सौंपे नौ सोमालियाई समुद्री डाकू

**नई दिल्ली।** पूर्वी सोमालिया में ईरानी जहाज एफवी अल कंबर को अपहृत करने वाले सभी नौ समुद्री लुटेरों को पश्चिमी तट पर लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। अरब सागर में यह घटना 29 मार्च को हुई थी, जिसमें भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती रोकने के साथ ही 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया था। बुधवार देररात मुंबई लाए गए इन सोमालियाई लुटेरों के विरुद्ध अब आगे की कार्रवाई समुद्री कानून के तहत की जाएगी।

### रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति अस्वीकार्य : अमेरिका

नई दिल्ली। अमेरिका ने कहा कि रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति देना उसे हमेशा से ही अस्वीकार्य था और रहेगा। अमेरिका ने कहा कि पश्चिमी देशों की ओर से रूस के पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें तय करने का उद्देश्य मॉस्को को कम दाम पर तेल बेचने के लिए मजबूर करना है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका ने भारत को रूस से आयात किए जाने वाले तेल की मात्रा कम करने के लिए नहीं कहा है। आर्थिक नीति से जुड़े अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एरिक वान नोस्ट्रैंड ने अनंता केंद्र में एक परिचर्चा के दौरान यह बात कही।

### रूस-यूक्रेन युद्ध लड़ने के बाद घर लौटे केरल के दो व्यक्ति

**तिरुवनंतपुरम।** निजी एजेंसियों द्वारा रूसी सेना में भर्ती किए जाने के बाद, सुरक्षित घर लौटे केरल के दो लोगों ने रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में अपना खौफनाक अनुभव बयां किया और प्राधिकारियों से ऐसी ही परिस्थितियों में फंसे दो अन्य नागरिकों को स्वदेश लाने में मदद करने का अनुरोध किया। तिरुवनंतपुरम निवासी प्रिंस और डेविड मुथप्पन पिछले दो दिनों में केरल लौटे हैं।

### देश में हवाई पट्टियों का जाल बिछाएगी भारतीय वायु सेना

**नई दिल्ली।** वायु सेना अपने विमानों को आपात स्थिति में कहीं भी उतारने के लिए देश भर में विभिन्न राज्यों में आपात हवाई पट्टी सुविधाओं का जाल बिछाने पर काम कर रही है। वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास के दौरान पिछले सप्ताह ही कश्मीर घाटी में उत्तरी सेक्टर में इसी तरह की आपातकालीन हवाई पट्टी पर चिनूक हेलीकॉप्टर, एम आई 17 और उन्नत हल्के ध्रूव हेलीकॉप्टर को उतारकर बड़ी संख्या में सैनिकों को वहां पहुंचाया था।

## जूनियर वुशू प्रतियोगिता में कशिश को रजत

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

▶ प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया

वुशू एक्सीलेंसी प्रशिक्षण केंद्र कंसा चौक में महिला 'खेलो इंडिया' राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता एवं जूनियर राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का स्वागत कर उनका सम्मान किया गया।

भारतीय वुशू संघ के पीएन आजाद ने बताया कि महिला 'खेलो इंडिया' राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में हिमाचल की कशिश ने रजत पदक जीता। इसी के साथ 23वीं सब जूनियर प्रतियोगिता में शिवांश ने सांसू 24 किग्रा भार में सिल्वर मेडल, आदर्श ने 27 किग्रा भार में कांस्य पदक, तालु इवेंट में मुकेश ननदाऊ में कांस्य पदक, आयुष चौधरी कंगफू इवेंट में कांस्य पदक जीते। सेपक टाकरा में हिमाचल प्रदेश की टीम ने मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। इस टीम में अंतरिक्ष राठौर, चमन वर्मा, दिशांत ठाकुर, मनीष कुमार टीम कोच, विशाल टीम मैनेजर ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर पूर्ण चंद ठाकुर, नरेश कुमार, खेंम सिंह, मोती राम उपस्थित रहे।


विजेता खिलाड़ियों का सम्मान करने के उपरांत संघ के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

## अंतरराष्ट्रीय क्रॉसमिंटन में छाए हिमाचल के खिलाड़ी

**गरली, सालबिया शर्मा**

छठी अंतरराष्ट्रीय क्रॉसमिंटन चैंपियनशिप-2024 इंडस वैली पब्लिक स्कूल, नोएडा में संपन्न हुई जिसमें स्लोवेनिया, जर्मनी, मॉरीशस और देश के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के जशन दीप सिंह कंग ने अंडर-18 के एकल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता, वहीं कांगडा स्थित गांव नैहरन पुखर (देहरा) के स्वास्तिक राणा को अंडर-16 में रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। इसके बाद जश्नदीप और स्वास्तिक की जोड़ी ने अंडर-18 में रजत पदक अपने नाम किया।

नैहरन पुखर की अंजू राणा और उत्तर प्रदेश की समिता आनंद ने महिला युगल में रजत पदक जीता। पुरुष एकल में स्वर्ण स्लोवेनिया के मैतजाज सस्टेरसिक ने जीता जबकि भारत के अरविंद आनंद को रजत से संतोष करना पड़ा। पुरुष युगल में भारत के विलाल अहमद और अरविंद आनंद की जोड़ी ने स्लोवेनिया के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक जीता। +50 पुरुषों के आयु वर्ग में नैहरन पुखर के हरीश चंद्र को रजत से संतोष करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)


हिमाचल की क्रॉसमिंटन टीम स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के साथ।

## मूसेवाला के पिता कांग्रेस से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**एजेंसी, चंडीगढ़**

लोकसभा चुनावों को लेकर पंजाब की राजनीति गरमाई हुई है। इसी बीच दिवंगत सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह के कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने की खबर आ रही है।

सूत्रों अनुसार कांग्रेस हाईकमान ने बलकौर सिंह को उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मना लिया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस बलकौर सिंह को बठिंडा लोकसभा सीट से मैदान में उतार सकती है। हालांकि अभी इस तरह की आधकारिक घोषणा पार्टी की ओर से नहीं की गई है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही दिवंगत सिद्धू के छोटे भाई का जन्म हुआ है। परिवार में फिर से खुशियों ने दस्तक दी है, उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



## अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 2,304.96 डॉलर प्रति औंस

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत लगातार नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 2,304.96 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह चांदी के भाव में भी तेजी जारी है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी ने 27.35 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार किया, जो जून, 2021 के बाद अभी तक का सर्वोच्च स्तर है। जानकारों के मुताबिक अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने के संकेत के कारण वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में तेजी का रुख बना है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने बुधवार को ही ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला इसी साल शुरू होने का संकेत दिया था। इसी वजह से सोने और चांदी की कीमत को भी सपोर्ट मिला है।



## ताइवान में भूकंप के बाद दो भारतीय लापता

**ताइपे।** ताइवान में 25 वर्षों में आए सबसे भीषण भूकंप में बुधवार को 9 लोगों की मौत हो गई और 1000 से ज्यादा घायल हो गए। दो भारतीयों के लापता होने की खबर है, जिनमें एक महिला भी है। भूकंप निगरानी एजेंसी ने कहा, भूकंप की तीव्रता 7.2 थी जबकि अमेरिकी सर्वेक्षण ने इसे 7.4 बताया। इसके चलते 70 लोग विभिन्न जगहों पर फंस गए। इसका केंद्र हुलिएन में जमीन से 35 किमी नीचे था।

## मजबूती का नया रिकॉर्ड बना फिसला शेयर बाजार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पॉजिटिव** ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार ने आज एक बार फिर ऑलटाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया, लेकिन बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में पहुंच गए। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के नए रिकॉर्ड के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने खरीदारी के सपोर्ट से ऑल टाइम हाई का एक और नया रिकॉर्ड बनाया, लेकिन इसके बाद बाजार में गिरावट आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और कोल इंडिया के शेयर 2.46 प्रतिशत से लेकर 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 74,501.73 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक तेजी से नीचे गिरने लगा।



## अमृतसर : नशे के आदी युवक ने मां भाभी व भतीजे को मौत के घाट उतारा

**तिहारे हत्याकांड के बाद आरोपी ने थाने में किया सरेंडर**

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अमृतसर में एक नशे के आदी युवक ने अपनी मां, भाभी तथा भतीजे को मौत के घाट उतार दिया। अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या करने के बाद आरोपित ने आधी रात को पुलिस थाने में पहुंचकर सरेंडर भी कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार आरोपित की पहचान 35 साल के अमृतपाल सिंह निवासी कंदोवालिया कस्बा अजनाला के रूप में हुई है। ऐसा लग रहा है कि अमृतपाल ने सबसे पहले सोते समय अपनी मां मनबीर कौर पर वार किया। आवाज सुनकर भाभी अवनीत बाहर आने लगीं तो उसने उस पर भी हमला किया। भतीजे समर्थ की सोते समय हत्या की गई है, जबकि अवनीत कौर ने अपने बचाव का प्रयास भी किया है। अब तक हुई जांच के अनुसार रात के समय आरोपित ने मां, भाभी और भतीजे को दातर से काटा है।

आरोपित अमृतपाल का भाई एवं अवनीत कौर का पति प्रितपाल सिंह दुबई में नौकरी करता है। आरोपित नशे का आदी है। परिवार उसे ऐसा करने से रोकता था।



# सिने जगत

## 'फैमिली स्टार' में नजर आएंगी मृणाल



**मुंबई।** 'सीता रामम' और 'हाय नन्ना' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाली मृणाल ठाकुर आज के समय की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। मृणाल ने बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग जगह बनाई है। मृणाल आगामी फिल्म 'फैमिली स्टार' में विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी।

हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि कपड़ों पर पैसे खर्च करना बर्बादी है। इंटरव्यू में मृणाल ने कहा, 'मुझे डिजाइनर कपड़ों पर ज्यादा पैसे खर्च करना पसंद नहीं है। महंगे कपड़ों को बार-बार नहीं पहना जा सकता है। आप उन्हें दोबारा नहीं पहन सकते।'

### रणबीर ने खुद को गिफ्ट की कार

**पिछले** साल रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद रणबीर कपूर ने खुद को एक ब्रांड न्यू लग्जीरियस कार गिफ्ट की है। एक्टर ने हाल ही में 6 करोड़ की बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी-वी8 खरीदी है जिसे वह मुंबई की सड़कों पर ड्राइव करते नजर आए। रणबीर की इस कार में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन है और यह 12.9 किमी प्रति हावर का माइलेज देती है।



### 'एनिमल' के अभिनेता सौरभ सचदेवा ने खरीदी लग्जरी कार

**फिल्म** 'एनिमल' में बॉबी देओल के भाई का रोल निभाने वाले सौरभ सचदेवा इस समय चर्चा में हैं, क्योंकि उन्होंने हाल ही में एक लग्जरी कार खरीदी है। इस लग्जरी कार की कीमत 65.38 लाख रुपए से शुरू होकर 74.49 लाख रुपए तक जाती है। नई कार खरीदने के बाद सौरभ और उनका परिवार खुश है। सौरभ ने भी 'एनिमल' की सफलता का जश्न नई कार के साथ मनाया है।

## ऑस्कर के ऑफिशियल पेज पर दीपिका पादुकोण

**एजेंसी, मुंबई**

दीपिका पादुकोण ने 'बाजीराव मस्तानी' के आइकॉनिक गाने 'दीवानी मस्तानी...' से धमाल मचाया था। इस गाने की वजह से एक्ट्रेस को 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' यानी ऑस्कर के ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज पर आने का मौका मिला। ऑस्कर ने दीपिका के 'दीवानी मस्तानी..' डांस की एक खास झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की है।

ऑस्कर ने एक्ट्रेस के इस खास वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'दीपिका पादुकोण फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' के गाने 'दीवानी मस्तानी...' पर परफॉर्म कर रही हैं और इसे श्रेया घोषाल ने गाया है।' दीपिका ने इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी रीशेयर किया।

शेयर किए गए वीडियो पर उनके पति और बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने [illegible] कमेंट कर सबका ध्यान खींचा है। इस वीडियो को देखने के बाद उन्होंने कहा, 'मनमोहक...'।

**जल्द ही बनने वाली हैं मां**

इसमें दीपिका ने मस्तानी का किरदार निभाया था, जबकि रणवीर ने बाजीराव पेशवा का किरदार निभाया था। दीपिका जल्द ही 'सिंघम अगेन' और प्रभास के साथ एक नई फिल्म में नजर आएंगी। वह निजी जिंदगी में जल्द ही मां बनने वाली हैं।

